जबलपुर
शुक्रवार 22 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-6
वर्ष : 21, अंक : 22
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 40
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

इंस्टाग्राम पर 6 दिन में 1.5 करोड़ फॉलोअर्स

कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट अब ब्लॉक

- यह भाजपा और कांग्रेस दोनों से ज्यादा
- ब्लॉक होने के बाद नया अकाउंट भी बनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छह दिन पहले बनी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के इंस्टाग्राम पर गुरुवार शाम 5 बजे तक 1.5 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। इंस्टाग्राम पर कांग्रेस के 1.33 करोड़, भाजपा के 87 लाख, आप के 19 लाख और सीपीआई(एम) के 2.35 लाख फॉलोअर्स हैं। हालांकि, उसका एक्स अकाउंट गुरुवार दोपहर 12 बजे ब्लॉक हो गया।

हेला का दावा मेरा भी अकाउंट सस्पेंड

ओस्लो में भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी से सवाल पूछकर चर्चा में आईं नॉर्वे की पत्रकार हेला लेंग ने दावा किया है कि उनका फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। उन्होंने एक्स पर कहा- ये मुझे भारत ने छोटा सा गिफ्ट दिया है।

5 देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे पीएम मोदी

दिल्ली आते ही ली मंत्रिपरिषद की अहम बैठक, हर मंत्री के 'रिपोर्ट कार्ड' पर बात

पीएम ने विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज, अब तक लिए गए फैसलों और उनके नतीजों की विस्तृत समीक्षा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 देशों की अपनी महत्वपूर्ण कूटनीतिक यात्रा पूरी करने के बाद नई दिल्ली लौट आए हैं। दिल्ली पहुंचते ही प्रधानमंत्री ने बिना समय गंवाए 'सेवा तीर्थ' में मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की। इस साल मंत्रिपरिषद की यह पहली बैठक है, जो कई मायनों में बेहद अहम मानी जा रही है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब आगामी 9 जून को मोदी सरकार अपने

कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे करने जा रही है, जिससे राजनीतिक गलियारों में जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में बड़े फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि आम जनता के कल्याण के लिए हर क्षेत्र में सुधार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी। उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज, अब तक लिए गए फैसलों और उनके नतीजों की विस्तृत समीक्षा की। यह बैठक मौजूदा वैश्विक संकट के दौर में हुई है, जिसका असर भारत पर भी पड़ रहा है। यही वजह है कि सरकार कच्चे तेल की कीमतों, ईंधन की निर्बाध आपूर्ति और बढ़ती लागत जैसी गंभीर चिंताओं पर पैनी नजर बनाए हुए है।

सरकार बोली- देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच भारत सरकार ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों ने ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और ईंधन वितरण व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी।

फारस की खाड़ी में नाविक सुरक्षित

सरकार ने बताया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 72 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या भारतीय चालक दल वाले विदेशी जहाजों से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। मंत्रालय ने अब तक 3,316 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी में मदद की है, जिनमें पिछले 72 घंटों में लौटे 99 नाविक भी शामिल हैं। पिछले तीन दिनों में करीब 1.32 करोड़ सिलेंडरों की बुकिंग के मुकाबले 1.34 करोड़ सिलेंडर वितरित किए गए।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

नीट पेपर लीक मामले में लातूर का डॉक्टर गिरफ्तार

लातूर। नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लातूर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज शिरुरे को पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टर शिरुरे ने अपने बेटे के लिए लीक हुआ नीट का प्रश्न पत्र खरीदा था। शिरुरे गिरफ्तार किए गए मुख्य संदिग्धों के संपर्क में थे।

दिल में छेद: 8 दिन की बच्ची मुंबई एयरलिफ्ट

जबलपुर। शहडोल की रहने वाली महज आठ दिन की नवजात बच्ची को दिल में जन्मजात छेद होने के कारण गुरुवार को जबलपुर से मुंबई एयरलिफ्ट किया गया। बच्ची की हालत लगातार बिगड़ने पर परिजन उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज लेकर आए थे, मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी जरूरी दस्तावेज तुरंत तैयार कर एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई।

रनवे से टकराई एयर इंडिया विमान की टेल

बेंगलुरु। दिल्ली से बेंगलुरु पहुंचे एयर इंडिया के विमान का पिछला हिस्सा (टेल) लैंडिंग के दौरान रनवे से टकरा गया। हादसे के वक्त विमान में पायलट और क्रू मेंबर्स सहित 179 लोग सवार थे, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के बाद विमान को गहन जांच के लिए ग्राउंडेड कर दिया गया है। इसके बाद उड़ान को कैंसिल करना पड़ा।

ट्रक में घुसी कार, 2 की मौत, 3 गंभीर

कटनी। जिले में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों भरे सफर को मातम में बदल दिया। उज्जैन में दर्शन कर प्रयागराज लौट रहे एक परिवार की कार राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कुठला थाना क्षेत्र के चाका बायपास पर हुआ।

सीएम डॉ. यादव ने की स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा

स्कूल शिक्षा की समीक्षा बैठक में 'शिक्षा घर योजना' को मिली मंजूरी, इसी सत्र से लागू

स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई फिर शुरू कराएगी सरकार

इस योजना का क्षेत्र संपूर्ण मध्यप्रदेश होगा

सीएम ने कहा कि अब प्रदेश के इतिहास में पहली बार स्कूल शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग बच्चों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के जिन छात्रों ने 8 वीं या इसके बाद अनुत्तीर्ण होने पर पढ़ाई छोड़ दी है, उनकी पढ़ाई सरकार फिर शुरू कराएगी। ऐसे सभी छात्रों को हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा उत्तीर्ण करने का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

डॉ. यादव ने इससे संबंधित 'शिक्षा घर योजना' को गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। अब स्कूल शिक्षा विभाग इसी सत्र से योजना को लागू करने की तैयारी करेगा। योजना का क्षेत्र संपूर्ण मध्यप्रदेश होगा, जिसमें प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतें और नगरीय निकाय भी शामिल होंगे। योजना का क्रियान्वयन मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किया जाएगा। बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

आठवीं से 12 वीं के पाठ्यक्रम में शामिल होगा एआई कौशल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बैठक में चर्चा करते हुए

- *एक जुलाई से पहले पूरी होगी अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया*
- *'शिक्षा घर योजना' का क्रियान्वयन मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा होगा*

एक वर्ष से पुरानी कोई भी घोषणा न रहे लंबित

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा समय-समय पर की गई सभी घोषणाओं का जल्द से जल्द पालन कराएं। एक वर्ष से पुरानी कोई भी घोषणा लंबित न रहे। उन्होंने वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग की संचालित 14 विभागीय योजनाओं को निरंतर रखने की सहमति दी। अब प्रदेश के इतिहास में पहली बार स्कूल शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग बच्चों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे।

स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे सम्राट विक्रमादित्य

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। स्कूली शिक्षा में कक्षा 8 से 12 में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के कौशल को कैसे जोड़ा जाए, इस पर भी एक कार्य योजना तैयार की जाए। अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया एक जुलाई से पहले पूरी कर ली जाए।

शत-प्रतिशत रिजल्ट देने वाली शालाएं सम्मानित होंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जिन शालाओं में शत-प्रतिशत रिजल्ट आया है, उनके शिक्षकों का सार्वजनिक सम्मान किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की 26 शालाएं ऐसी हैं, जहां शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आया है। इन शालाओं के अतिरिक्त 90 या 95 प्रतिशत से अधिक रिजल्ट देने वाली शालाओं को भी सम्मानित किया जाए।

पीओके में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी

पुलवामा ग्रेनेड अटैक में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या

- हमजा कश्मीर का रहने वाला, वीजा पर पाकिस्तान भी गया
- अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी था

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पुलवामा में 2020 में हुए ग्रेनेड हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

हमजा बुरहान

मुजफ्फराबाद के कॉलेज के बाहर अज्ञात हमलावरों ने उस पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भारत ने 2022 में हमजा बुरहान को यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। वह अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी था।

ट्विशा शर्मा डेथ केस में एक्शन

सास गिरिबाला सिंह उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष पद से हटाई गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मॉडल और एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। मध्य प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने एक बड़ा कदम उठाते हुए ट्विशा की सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को भोपाल जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। खाद्य मंत्री गोविंद राजपूत ने बताया कि यह कार्रवाई उपभोक्ता संरक्षण नियम 2020 के तहत की गई है।

गिरिबाला सिंह

- *सास की जमानत रद्द करने हाई कोर्ट में याचिका*

समर्थ की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई आज

दूसरी ओर, घटना के बाद से ही फरार चल रहे ट्विशा के पति समर्थ सिंह पर पुलिस ने 30 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। निचली अदालत से अग्रिम जमानत अर्जी खारिज होने के बाद समर्थ के वकील मृगेंद्र सिंह ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। समर्थ की इस अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को हाई कोर्ट में सुनवाई होनी तय हुई है।

दादा-दादी सहित 13 पर एफआईआर

42 साल के अधेड़ से 13 साल की बच्ची की शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

- अजीबोगरीब शर्त के कारण कराई शादी

यहां रंगवासा क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची का 42 साल के अधेड़ व्यक्ति से बाल विवाह कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित बच्ची के दादा-दादी और दूल्हे सहित 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

गुट्टा ने खोली बैडमिंटन की पोल

सब खिलाड़ी समझौता कर रहे, पर कोई बोलता नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- भारत में बेंच स्ट्रेंथ का पूरी तरह अभाव

भारतीय बैडमिंटन की पूर्व स्टार खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा ने एक बार फिर भारतीय खेल व्यवस्था और बैडमिंटन सिस्टम की कमियों पर खुलकर अपनी भड़ास निकाली है। ज्वाला ने कहा कि भारतीय बैडमिंटन में चुप्पी और समझौते की संस्कृति लगातार बढ़ रही है।

हनीट्रैप-2026 में बड़ा खुलासा

श्वेता की करीबी भाजपा नेत्री रेशू को अरेस्ट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

- मोबाइल से मिले आपत्तिजनक वीडियो

हनीट्रैप-2026 में क्राइम ब्रांच ने सागर की भाजपा नेता रेशू चौधरी को भी गिरफ्तार कर लिया है। श्वेता जैन की करीबी रेशू ही नेता-कारोबारी और अफसरों का आपत्तिजनक वीडियो बनाने में जुटी हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल से ऑडियो-वीडियो भी रिकवर कर लिए हैं।

हादसे में गई थी 6 लोगों की जान

चीन से लौटते ही दबोचा गया फैक्ट्री संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

- दिल्ली एयरपोर्ट से मुख्य आरोपी दबोचा गया

टोंककला पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट मामले में देवास पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मामले का मुख्य आरोपी मुकेश विज आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। चीन से दिल्ली लौटते ही उसे एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया। उसके साथ फरार चल रहे महेश चौहान को भी दिल्ली से पकड़ा गया है।

नौगांव व खजुराहो में तापमान 46 डिग्री, यहां तीव्र लू, शेष जिलों में लू से राहत

अंगारे बरसने थोड़े कम हुए पर तपिश भीषण तापमान में एक से डेढ़ डिग्री तक आई कमी

3 से 4 दिन गर्मी, इसके बाद पारा गिरने से राहत की उम्मीद

- भोपाल में पारा दशमलव 6 डिग्री गिरकर 42 डिग्री पर रहा
- 8 जिलों में 44 डिग्री तक गर्मी, अगले तीन से 4 दिन में और होगी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में लगातार दूसरे दिन गुरुवार को दिन के तापमान में मामूली कमी आने से गर्मी की आग से कुछ राहत रही। सर्वाधिक पारा नौगांव और खजुराहो में 46 डिग्री रहा, यहां तीव्र लू का असर रहा। शेष प्रदेश में लू से राहत मिली है, लेकिन भीषण गर्मी का दौर जारी है। यह क्रम अगले 3 से 4 दिन और चलने की उम्मीद है। इस बीच पारा और गिरेगा। गुरुवार को प्रदेश के औसत अधिकतम पारे में दूसरे दिन भी औसतन एक डिग्री की कमी के साथ औसत पारा अब 43 डिग्री के करीब रहा।

रोड पर सन्नाटा, दोपहर 1 बजे का दृश्य

आज यहां लू और तेज गर्मी का अलर्ट

शुक्रवार को पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में तीव्र लू रहेगी। विदिशा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, कटनी, दमोह, सागर, मैहर में तेज गर्मी के साथ कहीं-कहीं लू रहेगी। भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, रतलाम उज्जैन, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला व बालाघाट में भी तेज गर्मी रहेगी।

नीट पेपर लीक पर संसद की संयुक्त समिति की मैराथन बैठक में मंथन

री-एग्जामिनेशन व परीक्षा की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की, समिति ने बताया परीक्षा निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से होगी

एनटीए के डीजी समेत शिक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिक्षा, महिला, बाल एवं युवा खेल संबंधी संसद की संयुक्त समिति की गुरुवार को अहम बैठक में

नीट पेपर लीक मामले, री-एग्जामिनेशन और आगामी परीक्षा की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एनटीए के डीजी समेत शिक्षा मंत्रालय के कई अधिकारी मौजूद रहे। डीजी से जांच और दोबारा परीक्षा कराने की संभावनाओं को लेकर कई सवाल पूछे। एनटीए ने समिति को बताया फिलहाल प्राथमिकता 21 जून को होने वाली परीक्षा कोव्यवस्थित तरीके से कराएंगे।

शिक्षा मंत्री प्रधान के साथ संसद की संयुक्त समिति की बैठक

सुरक्षा और गोपनीयता रखी जा रही

एनटीए केडीजी ने समिति को जानकारी दी कि 21 जून को होने वाली परीक्षा के लिए नए सिरे से प्रश्नपत्र तैयार किए जा रहे हैं। परीक्षा प्रक्रिया की सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। बैठक में जब पेपर लीक जांच की प्रगति को लेकर सवाल पूछा गया तो अधिकारियों की तरफ से कहा गया कि फिलहाल इस मामले में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की जा सकती क्योंकि जांच सीबीआईके पास है। बैठक के दौरान सरकार और एनटीए की तरफ से जांच एजेंसी से साफ तौर पर कहा गया कि पेपर लीक में शामिल लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाए।

व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र की समीक्षा होगी

अधिकारियों ने समिति को यह भी बताया कि 21 जून की परीक्षा संपन्न होने के बाद कोशिश होगी कि नए शैक्षणिक सत्र में किसी तरह की देरी न हो। साथ ही अगले साल होने वाली परीक्षाओं की पूरी व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र की समीक्षा की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह हैं। बैठक में राजीव राय,स्वाति मालीवाल,रेखा शर्मा,रविशंकर प्रसाद,संबित पात्रा और ज़ियाउर रहमान वर्क समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

विपक्ष ने पूछा जिम्मेदार कौन?

पेपर लीक मामले पर बैठक में तीखी बहस और हंगामे की स्थिति बन गई। विपक्षी सांसदों ने केंद्र और परीक्षा एजेंसियों से सीधा सवाल किया कि देश की सबसे बड़ी परीक्षा में इतनी बड़ी सुरक्षा गफलत कैसे हुई? और इसके लिए जिम्मेदार कौन है?

दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करें

बैठक में कई सांसदों ने कहा कि इस मामले में अब तक किसी की स्पष्ट जिम्मेदारी तय नहीं की गई है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में भारी असंतोष है। विपक्ष ने मांग की कि दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

सरकार ने कहा- सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे

अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच सीबीआई कर रही है । उन्होंने यह भी बताया कि प्रारंभिक स्तर पर परीक्षा प्रणाली में कुछ तकनीकी और प्रशासनिक कमजोरियों की पहचान की गई है, जिन्हें दूर करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

खबर संक्षेप

खाई में गिरी कार, 5 लोगों की मौत

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल जिले में गुरुवार को भीषण हादसा हो गया। यहां भवालीगांव बाईपास

पर एक कार खाई में गिर गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। कार यूपी की है। सेनेटोरियम-रातीघाट बायपास रोड, भवाली स्थित ढैला गांव से 500 मीटर पहले महिंद्रा कार गहरी खाई में गिर गई।

असम में फिर स्पीकर बने भाजपा के रंजीत

गुवाहाटी। असम विधानसभा को गुरुवार को नया अध्यक्ष मिल गया। 4 बार के भाजपा विधायक रंजीत

कुमार दास को सर्वसम्मति से 16वीं असम विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। प्रोटेम स्पीकर चंद्र मोहन पटवारी ने सदन में बताया कि रंजीत कुमार दास के समर्थन में 3 नामांकन दाखिल किए गए थे।

बांद्रा में बवाल को लेकर 10 के खिलाफ केस

बांद्रा। मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान हिंसक झड़प हो

गई। पुलिस और लोगों के बीच हुई पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। 10 नामजद आरोपियों समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 150 अज्ञात पर भी केस दर्ज किया है।

फाल्टा में बंपर वोटिंग 86% से ज्यादा मतदान

फाल्टा। गुरुवार को हपुनर्मतदान में फाल्टा की जनता ने दिल खोलकर मतदान किया। शाम 6 बजे मतदान

समाप्त होते ही मतदान केंद्रों को सील कर दिया गया।सुबह से ही केंद्रों पर लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 86फीसदी से अधिक मतदान प्रतिशत लोकतंत्र की प्रक्रिया में सक्रियता का प्रमाण है।

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर फेज 3 का कार्यक्रम किया शुरू

16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा अभियान, सूची शुद्ध व सटीक बनेगी

बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे मतदाताओं का सत्यापन, फिर बनेगी सूची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध, सटीक और अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरावृति (एसआईआर फेज 3) कार्यक्रम शुरू कर दिया है। यह अभियान चरणबद्ध तरीके से 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य फर्जी नामों को हटाना, नए पात्र मतदाताओं को जोड़ना, त्रुटियों को दूर करना है। अभियान में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन, मतदान केंद्रों का युक्तिकरण, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का प्रकाशन, दावे-आपत्तियों की सुनवाई और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन शामिल है।

फर्जी नाम हटेंगे, नए पात्र मतदाता जोड़े जाएंगे

त्रिपुरा में 5 सितंबर से होगी शुरुआत

त्रिपुरा में यह कार्यक्रम थोड़ा बाद में शुरू होगा। यहां तैयारी, प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग का कार्य 05 सितंबर से 14 सितंबर 2026 तक चलेगा। बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण 15 सितंबर से 14 अक्टूबर 2026 तक होगा। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण 14 अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 21 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित होगी और अंतिम मतदाता सूची 23 दिसंबर 2026 को जारी की जाएगी।

ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम व मणिपुर में 1 जुलाई तक चलेगा

अन्य राज्यों के कार्यक्रम की बात करें तो ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर में अर्हता तिथि 01 जुलाई 2026 रखी गई है। दादरा एवं नगर हवेली-दमन एवं दीव, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़ में भी जुलाई 2026 से प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2026 है।

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों को जारी किए दिशा निर्देश

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस अभियान को पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं। आयोग का मानना है कि इस विशेष अभियान से मतदाता सूची की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और लोकतंत्र की आधारशिला को और मजबूत किया जा सकेगा।

नगालैंड में 5 से 14 अगस्त तक चलेगा कार्यक्रम

नगालैंड में एसआईआर कार्यक्रम की तैयारी, प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग का कार्य 5 अगस्त से 14 अगस्त 2026 तक चलेगा। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण 16 अगस्त से 14 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण 14 सितंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 20 सितंबर 2026 को प्रकाशित की जाएगी। दावे एवं आपत्तियां 20 सितंबर से 20 अक्टूबर 2026 तक दाखिल की जा सकेंगी।

जम्मू-कश्मीर पंचायत मतदाता सूची में जुड़े 3.39 लाख नए चेहरे

72.24 लाख वोटर्स के साथ लोकतंत्र का आधार हुआ मजबूत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर राज्य चुनाव आयोग ने पंचायत मतदाता सूची 2026 के वार्षिक संशोधन को पूरा कर लिया है और इसे अंतिम रूप देकर 1 अप्रैल 2026 को योग्य तिथि के रूप में निर्धारित किया है। आयोग ने पंचायत निर्वाचन सूची 2026 को अंतिम रूप दिया जिसमें मतदाताओं की संख्या 72.24 लाख पार हो गई है व 3.39 लाख नए नाम जोड़े गए हैं। इस

27 मार्च से की गई थी शुरुआत

व्यापक प्रक्रिया की शुरुआत 27 मार्च 2026 को ड्राफ्ट निर्वाचन सूची जारी करने के साथ हुई थी और अब यह दावों, आपत्तियों और सत्यापन के अनुसार समाप्त हो गई है। आयोग ने 27 मार्च से 5 मई 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए 40 दिन का समय दिया था।

विदेश यात्रा न करने का भी निर्देश

राजनीति में हैं आलोचना तो होगी अंतरिम राहत पर फैसला सुरक्षित

राघव की छेड़छाड़ वाले कंटेंट को हटाने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की 'पर्सनैलिटी राइट्स' के उल्लंघन से जुड़ी याचिका पर अंतरिम राहत संबंधी आदेश सुरक्षित रख लिया। राघव ने अपने एआई जनरेटेड डीपफेक, मॉर्फ्ड तस्वीरों और सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित रूप से छेड़छाड़ किए गए कंटेंट को हटाने की मांग की थी। जस्टिस सुब्रमणियम प्रसाद की पीठ ने कहा कि आलोचना और मानहानि के बीच बहुत बारीक अंतर होता है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि कोर्ट के सामने प्रस्तुत सामग्री पहली नजर में किसी राजनीतिक फैसले की आलोचना अधिक लगती है न कि पर्सनैलिटी राइट्स के सीधे उल्लंघन का मामला।

... तो मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएं

पीठ ने यह भी कहा कि राजनीतिक नेताओं को लंबे समय से व्यंग्य और सार्वजनिक आलोचना का सामना करना पड़ता रहा है। अदालत ने टिप्पणी की कि आजादी के समय से ही हम आर.के. लक्ष्मण के कार्टून देखते आ रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि उस समय शायद सोशल मीडिया आज की तरह इतने बड़े स्तर पर नहीं था. चड्ढा ने हाई कोर्ट में दायर याचिका में एआई जनरेटेड वीडियो, डीपफेक, फर्जी भाषणों और अन्य कथित भ्रामक कंटेंट को हटाने की मांग की है। इस पर अदालत ने कहा कि आपके राजनीतिक फैसले की आलोचना करना आपके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन नहीं है। अगर आपको आपत्ति है तो आप मानहानि का मामला दर्ज कर सकते हैं।

चड्ढा बोले- साड़ी में दिखाया गया

राघव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने दलील दी कि सोशल मीडिया पर प्रसारित कई पोस्ट सिर्फ राजनीतिक आलोचना नहीं

बल्कि मानहानिकारक और अभद्र हमले हैं। सांसद को ऐसे व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है जिसने पैसे के लिए राजनीतिक पक्ष बदला। कुछ तस्वीरों का जिक्र करते हुए नायर ने कहा कि उन्हें साड़ी में दिखाया गया है। सुनवाई के बाद मामले में उपस्थित अधिवक्ता सत्या आनंद ने कहा कि याचिका का उद्देश्य चड्ढा के राजनीतिक परिवर्तन के बाद ऑनलाइन प्रसारित कथित अपमानजनक सामग्री को तुरंत हटवाना है।

विजय कैबिनेट में 23 मंत्रियों ने ली शपथ

राहुल का नाम बीच में लेने पर भड़के राज्यपाल

59 वर्षों तक सत्ता से बाहर रहने के बाद कांग्रेस के 2 विधायक बने मंत्री

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलनाडु कैबिनेट में गुरुवार को नए मंत्रियों ने शपथ ली। तमिलनाडु राजभवन में

राज्यपाल आरवी आर्लेकर ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। टीवीके सरकार के सत्ता संभालने के 10 दिन बाद यह पहला कैबिनेट विस्तार है। तमिलनाडु में 59 वर्षों तक सत्ता से बाहर रहने के बाद कांग्रेस टीवीके सरकार में शामिल हुई है। इसके साथ ही राज्य में गठबंधन राजनीति के एक नए दौर की शुरुआत हो गई है। विजय कैबिनेटमें कुल 23 मंत्रियों ने शपथ ली। इस दौरान एलओपी राहुल का नाम लेने पर राज्यपाल भड़क गए।

'गीत' पर महाभारत! शपथ में आखिर में बजा 'तमिल गान'

विजय के शपथ ग्रहण में राज्य गीत 'तमिल थाई वजथु' को लेकर जो विवाद खड़ा हुआ था, उसने आज फिर से आग पकड़ ली है। विजय के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में 23 मंत्रियों के शपथ ग्रहण के दौरान यह तमिल गीत फिर से आखिर में बजाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' बजाया गया, उसके बाद राष्ट्रगान 'जन गण मन' और फिर यह तमिल प्रार्थना गीत, जो कि तय रिवाज से हटकर था। इसे लेकर कई लोगों में भारी गुस्सा भड़क गया। वहीं इस मुद्दे पर व टीवीके के सहयोगी दलों ने भी कहा है कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दिल्लीवालों को सीएम रेखा का तोहफा

अब 1.20 लाख आय वाले लोग भी बनवा सकेंगे राशन कार्ड

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए

बड़ी राहत की घोषणा की है। सरकार ने 7 लाख 71 हजार 384 अपात्र के नाम सूची से हटाए हैं, ताकि जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि13 वर्षों से गरीबों के नए राशन कार्ड नहीं बनाए गए। अब 1.20 लाख आय वाले भी राशन कार्ड बनावा सकेंगे।

आईसीएमआर का प्रथम वार्षिक क्लीनिकल ट्रायल सम्मेलन

इसमें जानी मानी हस्तियां रहीं मौजूद

वैश्विक चिकित्सा अनुसंधान में भारत की बढ़ती भागीदारी पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बुधवार को 'अंतर्राष्ट्रीय नैदानिक परीक्षण दिवस' के अवसर पर 'प्रथम आईसीएमआर वार्षिक क्लिनिकल ट्रायल सम्मेलन 2026' का आयोजन किया। सम्मेलन की थीम 'एकीकृत चिकित्सा नैदानिक परीक्षणों पर फोकस' रही। इस कार्यक्रम में भारत को वैश्विक स्तर पर नैदानिक अनुसंधान के क्षेत्र में उभरते नेतृत्व के रूप में स्थापित करने पर विस्तृत चर्चा हुई।सम्मेलन में नीति निर्माताओं, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और नियामक अधिकारियों ने भाग लिया। प्रो. (डॉ.) वी.के. पॉल, डॉ. राजीव बहल और वैद्य राजेश कोटेचा सहित कई प्रमुख हितधारक उपस्थित रहे।

'अंतर्राष्ट्रीय नैदानिक परीक्षण दिवस' पर आयोजन

नैदानिक परीक्षणों को आगे बढ़ाएंगे

कार्यक्रम में 2 अहम रिपोर्ट और दिशानिर्देश जारी किए गए, जिनमें पहला, भारत में प्रथम चरण के नैदानिक परीक्षणों को आगे बढ़ानाः नियामक प्रक्रियाओं और अवसरों पर एक डेल्फी अध्ययन' और दूसरा 'भारत में बहुकेंद्रीय अनुसंधान की एकल नैतिक समीक्षा के लिए परिचालन दिशानिर्देश' शामिल है।

आम जनता उन्नयन प्रमुख हुमायूं का विवादित बयान

बकरीद पर कुर्बानी पर बढ़ा बवाल

गाय की भी कुर्बानी होगी, कोई नहीं रोक सकता,हम किसी की नहीं सुनेंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

अक्सर विवादित बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले हुमायूं कबीर ने एक बार फिर से गाय की कुर्बानी को लेकर विवादित बयान दिया है। आम जनता उन्नयन पार्टी के चीफ और विधायक हुमायूं कबीर ने कहा कि कुर्बानी तो 1400 साल पहले से हो रही है और जब तक दुनिया रहेगी, तब तक कुर्बानी होती रहेगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि कोई भी कुर्बानी को नहीं रोक सकता है। कबीर ने बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके ऊपर मैं कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। वे मुसलमानों को गाय खाने से मना कर रहे हैं, उनकी सरकार है, वे ऐसा कर सकते हैं। कबीर ने कहा कि कुर्बानी कोई मना करेगा भी तो उसे नहीं सुना जाएगा।

सुवेंदु सरकार ने खाने से किया मना

हुमायूं कबीर

महुआ मोइत्रा

हाई कोर्ट पहुंची महुआ

कुर्बानी में बीमार और विकलांग पशु मान्य नहीं

बंगाल में बकरीद से पहले कुर्बानी के मुद्दे पर सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी टीएमसी आमने सामने है। सुवेंदु सरकार ने नोटिस किया है। इसमें 14 साल से कम उम्र के पशुओं की कुर्बानी अवैध है। केवल बीमार और विकलांग पशु की कुर्बानी ही सर्टिफिकेट के साथ मान्य है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि कुर्बानी में बीमार और विकलांग पशु मान्य नहीं है।

हाईकोर्ट की विदेश जाने से मनाही, नोटिसों का अनुपालन भी करें

पुरानी करतूतों के पुलिंदों पर मेरा मुंह मत खुलवाइए

टीएमसी सांसद अभिषेक को 31 जुलाई तक दी दंडात्मक कार्रवाई से छूट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने टीएमसी सांसद और महासचिव अभिषेक बेनर्जी को जनसभा में उनके बयानों

को लेकर दर्ज प्राथमिकी में 31 जुलाई तक दंडात्मक कार्रवाई से छूट देते हुए संरक्षण प्रदान किया है। कोर्ट ने सवाल उठाया कि क्या किसी सांसद के लिए इस तरह के अनुचित बयान देना सही है। जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने बेनर्जी को जांच में सहयोग करने और नोटिसों का अनुपालन करने का भी निर्देश दिया।

न्यायालय की अनुमति बगैर बाहर न जाएं

अदालत ने उन्हें न्यायालय की अनुमति के बिना विदेश यात्रा न करने का भी निर्देश दिया है। बेनर्जी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर उस प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया था, जो बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले 27 अप्रैल को एक जनसभा में प्रतिद्वंद्वी दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दिए गए उनके बयानों को लेकर दर्ज की गई थी। वरिष्ठ वकील कल्याण बंदोपाध्याय अभिषेककी पैरवी कर रहे थे। बंदोपाध्याय ने दुर्भावनापूर्ण अभियोजन बताया है।

यहां चुनाव के बाद हिंसा का पुराना इतिहास

अभिषेक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धमकी दी थी। जस्टिस भट्टाचार्य ने बेनर्जी द्वारा 'गैर-जिम्मेदाराना बयान' दिए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर तृणमूल चुनाव जीत जाती तो क्या होता? इस राज्य का चुनाव के बाद हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। बंदोपाध्याय ने कहा कि राजनीतिक इतिहास को दूसरे नज़रिए से भी देखा जा सकता है।

जज-वकील में देर तक चली बहस

बंदोपाध्याय और जस्टिस भट्टाचार्य के बीच लंबे समय तक बहस होती रही। कोर्ट ने पूछा कि क्या ऐसे राजनीतिक बयान या कथित अपमानजनक टिप्पणियां ज़रूरी थीं? बंदोपाध्याय ने कहा आपने देखा होगा कि चुनाव में एक सांसद की पिटाई हुई थी। इस पर जस्टिस भट्टाचार्य ने बंदोपाध्याय से दो टूक कहा कि पहले भी ऐसा हुआ है, लेकिन मैं पुरानी करतूतों के पुलिंदों की किताबें नहीं खोलना चाहता। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि बहुत उम्मीदों के साथ जनता ने राजनीतिक बदलाव लाया है।

दक्षिण अफ्रीका के कुछ भागों में इबोला वायरस का बढ़ा प्रकोप

खतरे की आशंका के बीच टला भारत-अफ्रीका शिखर सम्मलेन, नई तिथि का ऐलान बाद में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के कुछ भागों में इबोला वायरस से बढ़ते प्रकोप को देखते हुए भारत और अफ्रीकी संघ के बीच होने वाले शिखर सम्मलेन को रद्द कर दिया गया। यह आयोजन 28 मई 2026 को नई दिल्ली में होना था। केंद्र सरकार ने गुरुवार को जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी। सरकार के अनुसार, अफ्रीका के कई हिस्सों में घातक इबोला वायरस के मामले सामने आए हैं।

हाल ही में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के साउथ किवु प्रांत में नए मामले दर्ज किए गए हैं। दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन को बाद की तारीख पर करने का निर्णय लिया। नई तिथियां आपसी विचार-विमर्श के बाद तय की जाएंगी। भारत और अफ्रीकी संघ की अध्यक्ष और अफ्रीकी संघ आयोग के बीच हुई चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने अफ्रीका में सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों को मजबूत करने, अफ्रीका सीडीसी और संबंधित राष्ट्रीय संस्थानों को समर्थन देने पर सहयोग जारी रखने का महत्व दोहराया।

28 मई को दिल्ली में प्रस्तावित था यह कार्यक्रम

नए इबोला वैरिएंट के महामारी के रूप में फैलने का खतरा कम

भारत में इबोला का कोई मामला नहीं

सम्मेलन का प्रतीक चिन्ह

इबोला वायरस की जांच

भारत में अभी तक इबोला का कोई मामला रिपोर्ट नहीं हुआ है। फिर भी केंद्र सरकार ने इस वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए तैयारी शुरू कर दी है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को इस बाबत सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। नई दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव पुण्य सलिल श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति ने बुधवार को इस बाबत बैठक करके स्थितियों और तैयारियों की समीक्षा की।

राज्यों को सावधानी बरतने के निर्देश

केंद्र सरकार ने केंद्रीय अफ्रीका में फैल रहे इबोला वायरस के आउटब्रेक को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी कर दी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से सतर्कता का यह कदम डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान में चल रहे इबोला आउटब्रेक के मद्देनजर उठाया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हवाई अड्डों पर प्री-अराइवल और पोस्ट-अराइवल स्क्रीनिंग, क्वारंटाइन प्रोटोकॉल, केस मैनेजमेंट, रेफरल मैकेनिज्म और लैब टेस्टिंग के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) सुनिश्चित करें।

दिल्ली एयरपोर्ट पर इबोला को लेकर एडवाइजरी जारी

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्रशासन ने जारी कहा है कि प्रभावित देशों (कांगो, युगांडा, दक्षिण सूडान आदि) से आने या वहां ट्रांजिट करने वाले यात्रियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। यदि किसी यात्री को बुखार, थकान/कमजोरी, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, दस्त, गले में खराश या असामान्य ब्लीडिंग जैसे लक्षण दिखें तो वह तुरंत एयरपोर्ट हेल्थ डेस्क या हेल्थ आफिसर को सूचित करें। यदि यात्री को संदेह हो कि वह इबोला संक्रमित व्यक्ति के खून या बॉडी फ्लूइड्स के संपर्क में आया है, तो इमिग्रेशन प्रक्रिया पूरी करने से पहले ही इसकी जानकारी दें। यात्रा के 21 दिनों के अंदर यदि ऊपर बताए गए कोई भी लक्षण नजर आएं तो तुरंत नजदीकी डाक्टर से संपर्क करें और अपनी पूरी यात्रा इतिहास (ट्रैवल हिस्ट्री) बताएं।

सियोल में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन, शहादत की याद

एजेंसी ▶▶ सियोल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने बुधवार को सियोल के इमजिनगैक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर निर्मित यह स्मारक भारतीय सैनिकों के साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को समर्पित है। यह स्मारक कोरियाई युद्ध के दौरान भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया (सीएफआई) की वीरता और मानवीय योगदान की याद में बनाया गया है। भारतीय युद्ध स्मारक उसी क्षेत्र में स्थापित किया गया है जहां 1954 में सीएफआई ने 'हिंद नगर' की स्थापना की थी। यहां लगभग 22 हजार युद्धबंदियों को शांतिपूर्ण प्रत्यावर्तन तक रखा गया था। इस परियोजना को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से विकसित किया गया है। दोनों नेताओं ने स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

साझा इतिहास दोनों देशों के बीच मजबूत नींव

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कोरियाई प्रायद्वीप में शांति स्थापना और मानवीय सहायता में भारत की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों के योगदान को याद करना दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी समझ और ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करता है। स्मारक निर्माण में सहयोग के लिए उन्होंने दक्षिण कोरिया सरकार और वहां के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्रालय का आभार जताया।

'मरून एंजल्स' के नाम से प्रसिद्ध हुई थी

कोरियाई युद्ध के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) ए.जी. रंगराज के नेतृत्व में 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस ने भीषण संघर्ष के बीच हजारों घायल सैनिकों और नागरिकों का उपचार किया था। उनकी असाधारण सेवा और मानवीय दृष्टिकोण के कारण उन्हें 'मरून एंजल्स' कहा गया। युद्धविराम के बाद भारत ने कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया के माध्यम से युद्धबंदियों के प्रत्यावर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



5 crore+ HAPPY CUSTOMERS | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक

HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. World's largest Two-wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: SIAM Certificate. *Finance offer is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. ^Limited period offer, T&C apply. ‡Green Bonus is applicable to Pan India on select Hero Products and Bonus amount may vary as per model/variant. Internal bench marking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ DRUM BRAKE OBD2B in Madhya Pradesh. *T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, बैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, बारासिवनी: रूसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागौद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनौरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

इंदौर में स्थापित होगा एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, 10 हजार डेवलपर्स को मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को मंत्रालय में गूगल क्लाउड इंडिया के पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों के साथ प्रदेश में प्रशासनिक दक्षता संवर्धन, एआई आधारित सुशासन और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में एआई तकनीकी सहयोग के संबंध में मीटिंग की।

बैठक में अपर मुख्य सचिव मंडलोई ने बताया कि राज्य सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया के बीच एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोग स्थापित किया जा रहा है। इसमें इंदौर में सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए शीघ्र ही एमओयू होगा। यह सेंटर एआई आधारित नवाचार, अनुसंधान, स्किल डेवलपमेंट और तकनीकी समाधान विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। सेंटर से 10 हजार से अधिक एआई डेवलपर्स को जोड़ा जाएगा, जो मध्यप्रदेश सहित देश और साउथ ग्लोबल की आवश्यकताओं के अनुरूप रियल टाइम तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएंगे।

सिंहस्थ-2028 के लिए एआई आधारित ट्रैफिक, आपात सेवा प्रणाली पर हुई चर्चा

एआई आधारित नवाचारों और डिजिटल तकनीक से सशक्त होगा सुशासन

सीएम डॉ. मोहन गूगल क्लाउड इंडिया के अधिकारियों से चर्चाकरते हुए।

विकास और सुशासन के लिए एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के पश्चात हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में गूगल क्लाउड इंडिया ने समृद्ध मध्यप्रदेश की अवधारणा के अनुरूप एआई आधारित विकास और सुशासन के लिए एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। बैठक में सिंहस्थ-2028 को स्मार्ट और तकनीक-सक्षम आयोजन के रूप में विकसित करने पर विशेष चर्चा हुई। गूगल की ओर से प्रस्तुत एआई फ्रेमवर्क में रियल टाइम भीड़ प्रबंधन, प्रेडिक्टिव ट्रैफिक एवं सुरक्षा विश्लेषण, एआई आधारित इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम और डिजिटल ट्विन मॉडल जैसी अत्याधुनिक व्यवस्थाएं शामिल हैं।

एआई नेटवर्क विकसित करने की योजना

गूगल क्लाउड इंडिया के पदाधिकारियों ने बताया कि एआई समिट के दौरान मध्यप्रदेश शासन से मिले अभूतपूर्व समर्थन और सहयोग से गूगल क्लाउड द्वारा राज्य की प्राथमिकताओं अनुसार कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, महिला एवं बाल विकास और अन्य विभागों में एआई आधारित समाधान विकसित किए जा रहे हैं।

एकीकृत नागरिक डेटा प्रणाली पर हुई चर्चा

बैठक में शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए संवादात्मक नागरिक सेवा प्लेटफॉर्म, स्वचालित शिकायत निवारण प्रणाली, इंटेलिजेंट डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग, एकीकृत नागरिक डेटा प्रणाली जैसे एआई सक्षम समाधानों पर भी चर्चा हुई।

एक लाख शिक्षकों को बहुभाषीय एवं अनुकूलित शिक्षण सुविधा

शिक्षा क्षेत्र में एआई आधारित वर्चुअल ट्यूटर, व्यक्तिगत शिक्षण प्रणाली और शिक्षक सहायता उपकरण विकसित कर 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों और एक लाख शिक्षकों को बहुभाषीय एवं अनुकूलित शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने की योजना प्रस्तुत की गई। वहीं पुलिसिंग और जन-सुरक्षा के क्षेत्र में प्रेडिक्टिव लॉ एनफोर्समेंट, बिहेवियरल एनालिटिक्स और डिजिटल फॉरेंसिक्स आधारित एआई समाधान प्रस्तुत किए गए, जिससे जाँच और प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ किया जा सके।

आपराधिक प्रकरणों से निर्दोष बरी होने वालों की होगी नौकरी में वापसी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा: 62 साल होगी ग्राम सहायकों की सेवानिवृत्ति आयु

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि प्रदेश के ग्राम सहायकों की मांग पर पारिश्रमिक 9 हजार से बढ़ाकर दोगुना 18 हजार किया जा चुका है। सेवानिवृत्तक आयु को बढ़ा कर 62 साल किया जा रहा है। जो बहनें रोजगार सहायक हैं, उन्हें प्रसूति अवकाश, मातृत्व अवकाश, ऐच्छिक अवकाश, पुरुष ग्राम रोजगार सहायक को 15 दिनों का पितृत्व अवकाश दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी कारण किसी रोजगार सहायक पर आपराधिक प्रकरण बन जाए और बाद में वो निर्दोष सिद्ध हो जाए तो उसे पुनः सर्विस में लेने की गारंटी हम सरकार के माध्यम से देने की घोषणा करते हैं। डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में हुए ग्राम रोजगार सहायकों के राज्य स्तरीय महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोजगार सहायक प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विकास की मुख्य धुरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल भारत के स्वप्न को साकार करने ग्राम रोजगार सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं।

ग्राम पंचायतों में विकास की मुख्य धुरी है प्रदेश के ग्राम सहायक

राज्य स्तरीय महासम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पुरुष रोजगार सहायक को 15 दिनों का पितृत्व अवकाश

महिला रोजगार सहायकों को मातृत्व अवकाश

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

हर वर्ग के कल्याण में ग्राम सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम रोजगार सहायक।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी महिला, किसान, युवा और गरीबों के हित को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहे हैं। ग्राम सहायकों की भूमिका भी इन वर्गों के विकास में पुरुषार्थ के रूप में समाज को आदर्श रूप में दिखाई देती है। ग्राम सहायक और पंचायत सचिव युक्ति और बुद्धि का उपयोग कर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे- वीबी जी-राम-जी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन) के क्रियान्वयन और जनता की विभिन्न समस्याओं का समाधान का रास्ता निकालते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर गेहूं उपार्जन कार्य में भी ग्राम सहायकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों में अग्रणी है। प्रदेश को ग्राम सहायकों के परिश्रम से प्रथम स्थान आने का यश मिला है।

मुख्यमंत्री ने की आर्थिक सहायता की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस महासम्मेलन के लिए भोपाल आ रहे दो ग्राम सहायक मीणा और लखन के दुर्घटना में असामयिक देवलोक गमन का समाचार पीड़ादायक है। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए, दोनों के परिजन को 10-10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसके साथ ही गंभीर घायल को 1 लाख रुपए और अन्य सामान्य घायलों को समुचित उपचार के लिए 50-50 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। सम्मेलन में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप गुर्जर के अलावा रवि भट्ट, राकेश पंडया और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश के जन-कल्याण को गति देने 30,055 करोड़ दिए

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 11,608 करोड़ रुपए की कैबिनेट से मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की बैठक में मप्र के विकास और जन-कल्याण को गति देने के लिए कुल 30,055 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृतियां दी गई। राज्य के विभिन्न वर्गों के हित में कई बड़े निर्णय लिए गए। इसमें वृद्धजनों, कल्याणी महिलाओं और दिव्यांगजनों की पेंशन योजना के लिए 15,184 करोड़ रुपए के साथ ही विभिन्न आपदाओं में किसानों को संबल देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के निरंतर क्रियान्वयन के लिए 11,608 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

कैबिनेट की बैठक बुधवार को मंत्रालय में हुई। इसमें श्रमिक कल्याण की योजनाओं के लिए 1,779 करोड़ रुपए, सिवनी और देवास की समूह जल प्रदाय योजनाओं के लिए 593 करोड़ 24 लाख रुपए, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के संचालन के लिए 373 करोड़ 38 लाख रुपए, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए 360 करोड़ रुपए तथा महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित शौर्य दल और चाइल्ड हेल्पलाइन योजनाओं के लिए 156 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

वृद्धजनों, कल्याणी महिलाओं और दिव्यांगजन की पेंशन योजना के लिए 15,184 करोड़ रुपए

कैबिनेट बैठक में मौजूद सीएम व मंत्रीगण।

किसानों के हक में बड़ा फैसला

कैबिनेट ने किसानों को फसल हानि या क्षति होने पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का आगामी 5 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31) तक निरंतर क्रियान्वयन के लिए 11 हजार 608 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। पात्र कृषकों को प्रति कृषक प्रत्येक मौसम में न्यूनतम दावा राशि 1,000 रुपए का भुगतान करने के लिए दावा राशि और राशि 1000 के अंतर की राशि का भुगतान राज्य शासन दकी ओर से वहन किया जायेगा। योजना के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक नियम, दिशा-निर्देश जारी करने के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को अधिकृत किया गया है।

पेंशन योजना के लिए 15,184 करोड़ रुपए की स्वीकृति

कैबिनेट ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तहत वृद्धजनों, कल्याणी महिलाओं और दिव्यांगजन की पेंशन योजना के लिए 15 हजार 184 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस अनुसार राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) योजना के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 1 अप्रैल 2026 से आगामी 5 वर्षों तक निरंतर संचालन के लिए 2,123 करोड़ 42 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली 40 वर्ष से अधिक आयु की कल्याणी महिलाओं को पात्रतानुसार प्रतिमाह 600 रुपए पेंशन राशि का भुगतान किया जाता है। चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए 113 करोड़ 50 लाख रुपए, केयर एण्ड सपोर्ट टू विक्टिम अंडर पॉक्सो योजना के लिए 27 करोड़ 50 लाख रुपए और शौर्य दल योजना के लिए 15 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस अनुसार चाइल्ड हेल्पलाइन के तहत पूर्व से स्थापित 51 जिलों के साथ-साथ नवगठित 4 जिलों निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा एवं मऊगंज में जिला स्तरीय इकाई तथा 9 पूर्व से स्थापित हेल्प डेस्क के साथ-साथ 4 रेल्वे स्टेशन में हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी।

कलेक्टर ने मंच से कृषि अधिकारी को दिलाई कसम, रोकेंगे खाद की कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान अपने अनोखे और सख्त अंदाज से सभी को चौंका दिया।

कार्यक्रम में किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर ने मंच से ही कृषि विभाग के अधिकारी को खाद की कालाबाजारी रोकने की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में रोटी, कपड़ा और मकान के साथ बिजली,

पानी और कृषि भी लोगों की मूल आवश्यकता बन चुकी है। किसानों ने खाद की कालाबाजारी, अधिक कीमत पर बिक्री और जमाखोरी की शिकायतें रखीं, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मंच से ही कृषि अधिकारी को सार्वजनिक रूप से कसम दिलाते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले में कहीं भी खाद की कालाबाजारी, अधिक मूल्य पर बिक्री या जमाखोरी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। कृषि अधिकारी ने भी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर के इस अनोखे अंदाज की कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच काफी चर्चा रही। किसानों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि अब खाद की समस्या और कालाबाजारी पर अंकुश लगेगा।

खाद की किल्लत, जमाखोरी और निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर बिक्री की शिकायतें

सक्ती जिले के कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने सुशासन तिहार के मंच से कृषि अधिकारी को सार्वजनिक रूप से खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने की कसम दिलाई। आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कलेक्टर के सामने खाद की किल्लत, जमाखोरी और निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर बिक्री की गंभीर शिकायतें रखी थीं। कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में रोटी, कपड़ा और मकान की तरह ही बिजली, पानी और कृषि भी आम जनता की मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है। प्रशासन के इस सख्त और अनोखे तेवर की कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों के बीच खूब चर्चा रही। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए राहत की उम्मीद जताई है।

डीजल की किल्लत के बीच ईंधन चोर गिरोह सक्रिय

सिरगिट्टी में खड़े 12 चक्का ट्रक से 294 लीटर डीजल पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

न्यायधानी सहित आसपास के जिलों में इन दिनों जहां एक तरफ डीजल की किल्लत और इसकी आसमान छूती कीमतों ने आम जनता और ट्रांसपोर्टर्स को परेशान कर रखा है, वहीं दूसरी तरफ इस संकट का फायदा उठाने वाले डीजल चोर गिरोह भी सक्रिय हो गए हैं।

चोरों के निशाने पर अब सीधे भारी वाहन (ट्रक और ट्रेलर) हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र से सामने आया है, जहां चोरों ने केबिन में सो रहे ड्राइवर के नीचे से ही पूरी टंकी साफ कर दी। जगमल चौक निवासी बेवरेज ट्रांसपोर्टर संजय अग्रवाल ने इस संबंध में थाना सिरगिट्टी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

केबिन में सोता रहा ड्राइवर, नीचे टूट गया लॉक

पीड़ित ट्रांसपोर्टर संजय अग्रवाल के अनुसार उनकी स्वयं की 12 चक्का टाटा ट्रक (मॉडल 3118), जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक सरीजी 10 आर 1066 है, बेवरेज ट्रांसपोर्टिंग के काम में लगी हुई है। उन्होंने 18 मई को इस वाहन में 294 लीटर डीजल भरवाया था। इसके बाद अगले दिन गाड़ी में लोड बीयर को खाली करने के लिए ड्राइवर महावीर सोनी बेवरेज कॉर्पोरेशन सिरगिट्टी पहुंचा। शाम करीब 06:30 बजे बीयर खाली कराने के बाद, ड्राइवर ने ट्रक को बेवरेज कॉर्पोरेशन के गेट के ठीक सामने ही खड़ा कर दिया। रात करीब 11:30 बजे खाना खाने के बाद ड्राइवर महावीर सोनी हमेशा की तरह गाड़ी के भीतर (केबिन में) ही सो गया।

जमीन पर कुछ डीजल फैला हुआ था

अगले दिन सुबह करीब 6 बजे जब ड्राइवर की नींद खुली और वह नीचे उतरा, तो उसके होश उड़ गए। डीजल टंकी का मजबूत लॉक जमीन पर टूटा हुआ पड़ा था और टंकी के अंदर रखा पूरा 294 लीटर डीजल गायब था। टंकी के ठीक नीचे जमीन पर कुछ डीजल फैला हुआ था। जब ड्राइवर महावीर ने आस-पास के लोगों और अन्य चालकों से पूछताछ की, तो पता चला कि उसी रात वहीं पास में खड़ी एक अन्य ट्रक से भी अज्ञात चोरों ने इसी तरह डीजल पार कर दिया था। आशंका जताई जा रही है कि किसी शातिर गिरोह ने रात 11:30 बजे से सुबह 6 बजे के बीच इस वारदात को अंजाम दिया है। कोनी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर खड़ी एक ट्रेलर से चोरों ने 270 लीटर डीजल पार कर दिया। वारदात 28 मार्च 2026 की रात में हुई, जब चालक विकास यादव केबिन में सो रहा था। सुबह टैंक का लॉक टूटा मिला और ₹25,380 का ईंधन गायब था। वर्तमान में बिलासपुर जिले और आस-पास के क्षेत्रों में डीजल की भारी किल्लत है।

सम्राट विक्रमादित्य की मूर्ति भेंट की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन से की भेंट

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल पटेल से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को लखनऊ प्रवास के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्यपाल पटेल का अभिवादन करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पटेल को सम्राट विक्रमादित्य की मूर्ति भी भेंट की।

प्रभार वाले जिलों में रात्रि विश्राम नहीं करने वाले मंत्रियों को मिल सकती है हिदायत

मप्र के मंत्रियों की समीक्षा रिपोर्ट दिल्ली पहुंची, संगठन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा संगठन द्वारा मंत्रियों के कामकाज की हालिया समीक्षा में कई मंत्रियों के प्रदर्शन को लेकर गंभीर सवाल सामने आए हैं। संगठन की रिपोर्ट में पाया गया है कि कई मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों में नियमित रूप से रात्रि विश्राम नहीं कर रहे हैं, जबकि संगठन की ओर से उन्हें महीने में कम से कम एक बार जिले में रुकने के निर्देश दिए गए थे।

सूत्रों के मुताबिक दो दिन तक चली समीक्षा बैठक के बाद तैयार रिपोर्ट दिल्ली भेज दी गई है। माना जा रहा है कि केंद्रीय संगठन की ओर से ऐसे मंत्रियों को जल्द हिदायत दी जा सकती है। भाजपा संगठन ने मंत्रियों को प्रभार वाले जिलों में अधिक समय बिताने, स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से संवाद बढ़ाने तथा सरकारी

फाइल फोटो

योजनाओं का फीडबैक लेने के निर्देश दिए थे। समीक्षा में सामने आया कि कुछ वरिष्ठ मंत्री जिलों का दौरा तो कर रहे हैं, लेकिन रात्रि विश्राम से बच रहे हैं और संगठन के नेताओं से पर्याप्त समन्वय भी नहीं बना पा रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि मंत्रियों की क्षेत्रीय सक्रियता अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। संगठन चाहता है कि मंत्री जिलों में रुककर स्थानीय जनता, कार्यकर्ताओं और जमीनी नेताओं से सीधा संवाद स्थापित करें।

केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंची रिपोर्ट

जानकारी के अनुसार मंत्रियों के वन-टू-वन परफॉर्मेंस की रिपोर्ट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष को भेजी गई है। संगठन ने पहले ही स्पष्ट किया था कि सभी मंत्रियों को महीने में कम से कम एक रात अपने प्रभार वाले जिले में बितानी होगी। इसके पीछे उद्देश्य यह था कि मंत्री क्षेत्र की वास्तविक स्थिति समझ सकें और जनता से सीधा संपर्क बनाए रखें।

चुनावी तैयारियों के मद्देनजर बढ़ी सख्ती

भाजपा संगठन आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों की तैयारियों में जुटा हुआ है। ऐसे में संगठन चाहता है कि सभी मंत्री अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में सक्रियता बढ़ाएं। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली से निर्देश मिलने के बाद नियम और सख्त किए जा सकते हैं। कुछ मंत्रियों को महीने में एक रात के बजाय दो रातें प्रभार वाले जिलों में बिताने के निर्देश भी दिए जा सकते हैं।

हत्या की आशंका जताते हुए मोहल्लेवासियों ने किया हंगामा

भिलाई में युवक की संदिग्ध मौत के बाद भड़का जन-आक्रोश, न्याय की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत पुरैना स्थित स्टोर पारा डंप चौक में एक युवक अपने घर में मृत अवस्था में मिला। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची, जहां आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने हत्या की आशंका जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान नजरुल सोना (29 वर्ष) निवासी स्टोर पारा डंप चौक पुरैना के रूप में हुई है। बताया गया कि बुधवार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए थे। गुरुवार सुबह जब पिता गंगाराम सोना की नींद खुली तो उन्होंने बेटे नजरुल को

उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह मृत अवस्था में मिला। इसके बाद तत्काल जीआरपी भिलाई थाना को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को स्थानीय लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। मोहल्लेवासियों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई। लोगों ने पुलिस को बताया कि 19 मई को मृतक के साथ कुछ युवकों द्वारा मारपीट की गई थी। संबंधित युवकों के नाम भी पुलिस को बताए गए हैं।

पुलिस कर रही संदिग्धों से पूछताछ

पुलिस ने मामले में कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। जीआरपी भिलाई ने बताया कि फिलहाल पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

मजदूर के अनाथ बच्चों से जुड़ी याचिका पर हाईकोर्ट के निर्देश

लेबर कोर्ट पहले रोजगार के दस्तावेजों पर फैसला करे

जबलपुर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक जैन की एकलपीठ ने कटनी-सिंगरौली रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना में मजदूरी के दौरान जान गंवाने वाले सिवनी जिले के देवरी तहसील निवासी कुलपत दास कुलदीप के तीन नाबालिग बच्चों के हक में फैसला सुनाते हुए लेबर कोर्ट को सख्त निर्देश दिए हैं कि इस मामले में अंतिम फैसला सुनाने से पहले मृतक के रोजगार से जुड़े जरूरी दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर लेने के आवेदन पर उचित निर्णय लिया जाए।

दरअसल वर्ष 2018 में काम के दौरान कोयले का बड़ा टुकड़ा गिरने से कुलपत की मौत हो गई थी, जिसके बाद उसकी पत्नी बबली ने वर्ष 2019 में मुआवजे का दावा पेश किया था। उक्त मामला लंबित रहने के दौरान ही वर्ष 2023 में बबली का भी निधन हो गया, जिसके बाद 9 से 12 वर्ष की उम्र के कुलपत के तीनों अनाथ हो चुके बच्चों की जिम्मेदारी उनके नाना प्रेमदास ने संभाली और अब वे ही बच्चों के संरक्षक के रूप में न्याय की कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।इस मामले में 4 मई 2026 को लेबर कोर्ट में अंतिम बहस पूरी हो चुकी थी, लेकिन तभी बच्चों और उनके नाना को पता चला कि मृतक कुलपत के रोजगार से जुड़े बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज अदालत के रिकॉर्ड पर शामिल ही नहीं किए गए हैं। नाबालिग होने के कारण बच्चों के पास यह रिकॉर्ड मौजूद नहीं था, इसलिए उनकी ओर से अधिवक्ता राकेश सिंह ने 6 मई 2026 को सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 11 नियम 14 के तहत संबंधित विभाग से दस्तावेज बुलाने के लिए आवेदन लगाया था। लेबर कोर्ट द्वारा इस जरूरी आवेदन पर तत्काल सुनवाई न किए जाने के कारण ही बच्चों की ओर से उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। यहां न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पष्ट किया कि लेबर कोर्ट पहले दस्तावेजों से संबंधित इस आवेदन पर फैसला करे और उसके बाद ही मुख्य मामले में अपना अंतिम निर्णय सुनाए। एकलपीठ ने यह भी निर्देश दिया कि यदि लेबर कोर्ट बच्चों के इस आवेदन को खारिज करता है, तो उन्हें उस आदेश के खिलाफ आगे अपील करने के लिए पूरा और पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए।

संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग और डिजिटल टैक्स सिस्टम पर फोकस

नगर निगम को आत्म निर्भर बनाने की तैयारी

जबलपुर। जबलपुर नगर निगम को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अब आय के स्थायी स्रोत विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। राज्य वित्त आयोग प्रदेश के नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति का आकलन कर रहा है, जिसमें जबलपुर नगर निगम की आय, संसाधन और खर्चों की विस्तृत समीक्षा की जा रही है। उद्देश्य यह है कि निगम भविष्य में केवल सरकारी अनुदान पर निर्भर न रहे और स्वयं के संसाधनों से विकास कार्यों को गति दे सके।प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि संपत्ति कर, जल कर, बाजार शुल्क और अन्य पारंपरिक स्रोतों से नगर निगम को अपेक्षित राजस्व नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते शहर में चल रहे विकास कार्यों और मूलभूत व्यवस्थाओं पर वित्तीय दबाव लगातार बढ़ रहा है। बढ़ती आबादी और शहर के विस्तार के कारण निगम के खर्चों में भी लगातार वृद्धि हो रही है।

दूसरे राज्यों के मॉडल का अध्ययन

राज्य वित्त आयोग अब उन राज्यों के मॉडल का अध्ययन कर रहा है जहां नगरीय निकायों ने अपनी आय बढ़ाने में सफलता हासिल की है। विशेष रूप से महाराष्ट्र समेत कुछ राज्यों में सार्वजनिक संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग, डिजिटल टैक्स कलेक्शन और बाजार प्रबंधन से स्थानीय निकायों की आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इन्हीं व्यवस्थाओं को आधार बनाकर जबलपुर नगर निगम के लिए भी नई वित्तीय रणनीति तैयार किए जाने की संभावना है।

सूत्रों के मुताबिक आयोग नगर निगमों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई व्यावहारिक

सुझाव तैयार कर रहा है। इसमें कर वसूली प्रणाली को मजबूत करना, निगम की खाली जमीनों और भवनों का व्यावसायिक उपयोग बढ़ाना, ऑनलाइन टैक्स भुगतान को प्रोत्साहित करना और स्थानीय संसाधनों से अतिरिक्त राजस्व जुटाने जैसे विकल्प शामिल हो सकते हैं।

वित्त आयोग की सिफारिशों से मिलेगी मजबूती

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर में बढ़ते विकास कार्यों को लंबे समय तक जारी रखने के लिए वित्तीय आत्मनिर्भरता जरूरी हो गई है। यदि निगम के पास स्वयं के मजबूत आय स्रोत होंगे तो आधारभूत सुविधाओं और अधोसंरचना विकास में तेजी लाई जा सकेगी।गौरतलब है कि सोलहवें वित्त आयोग ने वर्ष 2026 से 2031 तक देश के नगरीय निकायों को बड़ी वित्तीय सहायता देने की अनुशंसा की है। इसके बाद अब राज्य वित्त आयोग यह तय करेगा कि नगर निगम जबलपुर सहित अन्य निकायों को किस प्रकार संसाधन और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। माना जा रहा है कि नए वित्तीय मॉडल लागू होने पर आने वाले समय में जबलपुर नगर निगम की आर्थिक स्थिति अधिक मजबूत हो सकती है।

सार्वजनिक आतिशबाजी प्रदर्शन के लिए प्रशासन ने जारी किए सुरक्षा निर्देश

जबलपुर। जिला प्रशासन ने सार्वजनिक आतिशबाजी आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विस्फोटक नियम 2008 के पालन के निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आतिशबाजी प्रदर्शन के लिए आयोजकों को निर्धारित तिथि से दो माह पहले जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में लाइसेंस आवेदन करना होगा। निर्देशों के अनुसार प्रदर्शन स्थल और दर्शकों के बीच कम से कम 100 मीटर की दूरी रखना अनिवार्य होगा। अस्पताल, स्कूल और नर्सिंग होम से भी आयोजन स्थल 250 मीटर दूर होना चाहिए। प्रशासन ने केवल अधिकृत सामग्री के उपयोग और प्रशिक्षित कर्मियों की मौजूदगी को अनिवार्य बताते हुए अवैध आतिशबाजी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

कर्मचारी संघ की सदस्यता को लेकर खींचतान

रादुविवि में अल्प वेतनभोगी कर्मियों को लेकर विवाद

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों को कर्मचारी संघ का सदस्य बनाए जाने के बाद विवाद गहरा गया है। विश्वविद्यालय में कार्यरत करीब 73 कर्मचारियों के संघ से जुड़ने पर आंतरिक राजनीति तेज हो गई है। आरोप है कि इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर उनके वेतन से कटने वाले सदस्यता शुल्क की प्रक्रिया रोक दी गई और वेतन भुगतान भी लंबित कर दिया गया। मामले को लेकर कर्मचारियों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है।

कर्मचारी संघ अध्यक्ष संजय यादव का कहना है कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों को संघ की सदस्यता दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग विश्वविद्यालय की आंतरिक राजनीति के चलते

कर्मचारियों पर दबाव बना रहे हैं कि वे संघ से दूरी बनाए रखें। कर्मचारियों का कहना है कि सदस्यता और वेतन भुगतान दोनों अलग विषय हैं, इसके बावजूद उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है।

फाइल बदलने के आरोप से बढ़ा विवाद

कर्मचारियों के अनुसार अप्रैल माह के वेतन भुगतान के लिए पहले जो फाइल तैयार की गई थी, उसमें प्रति कर्मचारी 10 रुपए सदस्यता शुल्क कटौती का उल्लेख था। बाद में वह फाइल हटाकर नई फाइल तैयार की गई, जिसमें सदस्यता शुल्क नहीं जोड़ा गया। इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ गई है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनकी अनुमति के बिना अलग वेतन पत्रक तैयार किया गया, जो नियमों के विपरीत है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से शीघ्र वेतन भुगतान की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली जाएगी।

छतरपुर के चर्चित चतुर्वेदी कांड में आरोपी को मिली जमानत

जबलपुर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, के न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की सिंगल बेंच ने कथित गोलीकांड और अवैध शस्त्र रखने के आरोपी छतरपुर निवासी शैलेंद्र राजपूत की जमानत याचिका स्वीकार कर ली आरोपी के खिलाफ थाना लवकुश नगर, जिला छतरपुर में न्याय संहिता 2023 की धाराओं 248(ब), 231 एवं 61(2)(अ) तथा शस्त्र अधिनियम की धाराओं 25, 27 एवं 29 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार दिनांक 15 मार्च 2026 को सह-आरोपी विपुल चतुर्वेदी ने अपने चाचा सुधाकर चतुर्वेदी को झूठे आपराधिक प्रकरण में फँसाने की नीयत से स्वयं अपनी बाईं जाँघ में गोली मारी तथा पुलिस को सूचना दी। जाँच में यह तथ्य प्रकाश में आया। शैलेन्द्र राजपुत को मात्र सह-आरोपी विपुल चतुर्वेदी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर इस षड्यंत्र में सहयोगी बताते हुए गिरफ्तार किया गया था। आवेदक से कोई भी शस्त्र या आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई थी।

विवाह में आए सगे भाई ने ही की थी भाई के घर चोरी

चरगवां वारदात का खुलासा, 5 लाख के जेवर बरामद

जबलपुर। देहात थाना क्षेत्र चरगवां के कोटवारी ग्राम में रहने वाले मोहन के घर पिछले दिनों वैवाहिक कार्यक्रम था जहां तमाम रिश्तेदारों के साथ ही बरगी के नारायणपुर से सगा भाई भी आया था। इसी भाई से अपने ही भाई के घर पर मौका पाकर रातो रात करीब 5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर तथा 74 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया था। मामले की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर चोरी गए जेवर व नगद राशि भी बरामद कर ली है।

इस संबंध में चरगवां थाने से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित मोहित झारिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 मई की रात को अज्ञात चोर ने उसके घर से सोने की 3 पांचाली, 2 मंगलसूत्र, चांदी की करधन, 2 जोड़ी पायल, 1 खुसना, 8 जोड़ी बिछिया, 1 जोड़ी

चूड़ा, बच्चों के 3 जोड़ी चांदी के चूड़े और नगद 74 हजार रुपये चोरी कर लिए हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो संदेह के आधार पर पीड़ित के भाई मोहन मेहरा से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर खोखा रोड नहर की पुलिया के नीचे छुपाए गए करीब 5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के शत-प्रतिशत जेवर और 73 हजार 400 रुपये नकद बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

दरअसल ग्राम कोटावारी निवासी मोहित झारिया के घर पर एक शादी समारोह का आयोजन था। इस समारोह में शामिल होने के लिए उसका सगा भाई मोहन मेहरा भी आया हुआ था। कार्यक्रम के दौरान ही आरोपी मोहन ने अपने भाई के घर की तिजोरी और पेटी पर नजर रख ली थी। रात के समय जब परिवार के सभी सदस्य व्यस्त और सोए हुए थे, तब आरोपी ने पेटी में रखे सोने और चांदी के कीमती आभूषणों समेत नकद रकम उड़ा दी और रात में ही अपने वर्तमान निवास स्थान नारायणपुर थाना बरगी चला गया ताकि किसी को उस पर शक न हो। शादी समारोह में आने के बाद उसके अचानक रात को ही वापस लौट जाने पर पुलिस को उस पर संदेह हुआ जिसके बाद पुलिस ने मोहन मेहरा को हिरासत में लिया और कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपने भाई के घर में ही चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने चोरी की रकम में से 600 रुपये खर्च कर दिए थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर खोखा रोड नहर के पास स्थित पुलिया के नीचे छिपाकर रखे गए जेवर और बचे हुए 73 हजार 400 रुपये नकद बरामद कर लिए।

वृद्ध की लाश मिलने से सनसनी

हाथ और गले में चोट के निशान पाए गए

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे 'टॉप-10 ढाबा' के समीप एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पनागर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र लगभग 70 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आसपास के थानों को इसकी सूचना दी है ताकि गुमशुदी के मामलों में तस्दीक की जा सके। पनागर थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को बुजुर्ग के हाथों, घुटनों और गले के पास चोट व खरोंच के निशान मिले हैं। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पनागर पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों से पूछताछ की, लेकिन मृतक के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने मृतक का विवरण आसपास के थानों और नजदीकी जिलों में भी भेजा है, ताकि लापता लोगों की जानकारी से मिलान किया जा सके। अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। वृद्ध के शरीर पर चोटों के निशान ने मामला पेचींदा बना दिया है। वृद्ध के शरीर पर किसी हादसे से यह चोटे आई या जान बचाने के संघर्ष के दौरान चोटे आई, इस बिन्दु पर भी पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

दो साल बाद भी नहीं मिला इंसाफ

पुणे हादसे का दर्द भूले नहीं अश्विनी के माता-पिता

जबलपुर।

जबलपुर की सॉफ्टवेयर इंजीनियर अश्विनी कोष्टा की मौत से जुड़े चर्चित पुणे पोर्श हिट एंड रन मामले को दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन परिवार आज भी न्याय की आस लगाए बैठा है। 18 और 19 मई 2024 की रात पुणे में तेज रफ्तार पोर्श कार ने अश्विनी और उनके साथी को टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों की मौत हो गई थी। घटना के बाद देशभर में मामला सुर्खियों में आया था, क्योंकि कार एक नाबालिग चला रहा था, जिस पर शराब के नशे में होने के आरोप लगे थे।

जबलपुर निवासी अश्विनी के माता-पिता आज भी बेटी को याद कर भावुक हो जाते हैं। मां ममता कोष्टा ने कहा कि यदि उनकी बेटी आज जीवित होती तो परिवार को कई खुशियां देती। बेटी का जिक्र आते ही उनकी आंखें नम हो गईं। पिता सुरेश कोष्टा ने भी मामले में न्याय मिलने में हो रही देरी पर गहरी पीड़ा जताई।

फास्ट ट्रैक सुनवाई की मांग

परिवार का आरोप है कि दो साल बीतने के बाद भी मामले में कोई ठोस फैसला सामने नहीं आया। उनका कहना है कि यदि गंभीर मामलों में भी आरोपियों को आसानी से राहत मिलती रही तो इससे अपराधियों के हौसले बढ़ेंगे। ममता कोष्टा ने कहा कि विदेशों में ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई होती है, जबकि यहां पीड़ित परिवार न्याय के लिए भटकने को मजबूर है।परिजनों का कहना है कि वे हर दिन अपनी बेटी की याद में दर्द झेल रहे हैं और जब तक दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती, तब तक उन्हें न्याय व्यवस्था से संतोष नहीं मिलेगा।

आईपीएल फाइनल को लेकर सट्टा कारोबारी सक्रिय

जबलपुर। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले आईपीएल फाइनल मुकाबले से पहले शहर में ऑनलाइन सट्टा कारोबार को लेकर हलचल तेज हो गई है। 31 मई को होने वाले फाइनल मैच के दौरान सट्टा खेलने और खिलाने की गतिविधियों को देखते हुए पुलिस और क्राइम ब्रांच अलर्ट मोड पर आ गई है। पुलिस अधिकारियों ने शहर और देहात के संवेदनशील इलाकों में मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्ध स्थानों पर छापामार कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। बीते एक महीने में कई कार्रवाई होने के बाद स्थानीय स्तर पर सटोरिए सीधे तौर पर लिंक लेने से बच रहे हैं। चर्चा है कि दुबई, गोवा और मुंबई से ऑनलाइन सट्टे की लिंक संचालित हो रही हैं, जबकि कुछ सटोरिए हांगकांग से नेटवर्क जोड़कर खाईबाजी की तैयारी में जुटे हैं। पुलिस ने पुराने और चिन्हित सटोरियों पर विशेष नजर रखी हुई है।

क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस ने बढ़ाई निगरानी

ऑनलाइन एप और कोडवर्ड से चल रहा नेटवर्क- पुलिस सूत्रों के अनुसार आईपीएल सट्टा अब पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जा रहा है। एजेंटों के नाम और रकम कंप्यूटर व लैपटॉप में कोडवर्ड के जरिए दर्ज किए जाते हैं। सट्टा खेलने के लिए उपयोग किए जाने वाले एप सामान्य रूप से डाउनलोड नहीं किए जा सकते। भरोसेमंद ग्राहकों को विशेष लिंक भेजकर एप इंस्टॉल कराया जाता है, जिसके जरिए दांव लगाए जाते हैं।

हर सीजन बदलते हैं डोमेन और लिंक- जानकारी के मुताबिक सटोरिए हर आईपीएल सीजन में नए डोमेन और यूआरएल का उपयोग करते हैं। सीजन समाप्त होते ही पुराने डोमेन बंद कर दिए जाते हैं। एक-एक एजेंट को अलग सीसी लिमिट दी जाती है जिसके आधार पर वह रोजाना लाखों से करोड़ों रुपए तक का दांव संचालित करता है। पुलिस ने 28 मई के क्वालीफायर और 31 मई के फाइनल मुकाबले के दौरान रात में विशेष निगरानी और कार्रवाई की रणनीति तैयार की है।

नये जबलपुर की बसाहट घोषणा बनकर रह गई

भूकंप की 29वीं बरसी आज : झूठे निकले तमाम वायदे

जबलपुर।

आज से 29 साल पूर्व 22 मई 1997 की वह काली रात कोई नहीं भूल पाता, जब लोग गहरी नींद में सो रहे थे तब धरती हिली और पल भर में सब कुछ धराशायी हो गया था। इस विनाशकारी भूकंप में 22 लोगों की जाने गई थी और कई हजार मकान धराशायी हो गये थे। 6.5 रियेक्टर की तीव्रता वाले भूकंप ने जबलपुर की जमीन हिलाकर रख दी थी। मई के महीने में भीषण गर्मी होने की वजह से अधिकांश लोग घरों के बाहर सो रहे थे। इस कारण भगदड़ का माहौल बन गया था। भूकंप का अभिकेन्द्र बरेला रोड पर कोसमघाट के पास था। जहां सैकड़ों गरीबों की बस्तियां उजड़ गयी थी। 22 मई 1997 को सुबह 4 बजकर 22 मिनिट पर आये इस भूकंप की याद ताजा होते ही लोगों की रूह कांप जाती है। भूकंप आया, अपने साथ एक इतिहास जोड़कर चला गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंद्रकुमार गुजराल ने जबलपुर के क्षेत्रों का दौरा किया और बड़ी-बड़ी घोषणाएं की गई थी लेकिन उनमें से एक पर भी अमल नहीं हुआ। प्रदेश सरकार ने भूकंप पीड़ितों के लिए 5 साल तक भूकंप सरचार्ज के रूप में 6 सौ करोड़ रूपये इकट्ठा किया। लेकिन फूटी कौंडी भी जबलपुर को नहीं मिली। एक या दो सड़कों का निर्माण जरूर कराया गया। न तो नया जबलपुर बसा, न ही भूकंप पीड़ितों को लोन पर ब्याज माफ किया गया।

भूकंप वेधशाला भी नहीं बन सकी

भूकंप संवेदी जोन टीम में शामिल जबलपुर में एक अत्याधुनिक भूकंपमापी वेधशाला की आवश्यकता महसूस की गई थी लेकिन उस वक्त बरगी के पास आनन-फानन में एक वेधशाला स्थापित की गई, जो बाद में बंद हो गयी। आज स्थिति यह है कि भूगर्भीय हलचल के लिए दिल्ली वेधशाला पर निर्भर होना पड़ता है।

आपदा प्रबंधन का आज भी नहीं कोई इंतजाम

भूकंप के समय आपदा प्रबंधन को लेकर जो कड़वे अनुभव सामने आये थे, उस पर खूब चिल्लपों मची थी। लेकिन समय के साथ-साथ सब कुछ ठंडा हो गया। आज शहर में आपदा प्रबंधन के नाम पर कुछ भी नहीं है। न अस्पतालों में व्यापक व्यवस्थाएं है और न ही प्रशिक्षित नागरिक वार्डन कलेक्ट्रेट में आपदा प्रबंधन शाखा खोली गई थी लेकिन अब सिर्फ इस शाखा का एक ही काम भूंकप की बरसी पर आपदा प्रबंधन की रिहर्सल करना रह गया है। कोरोना काल के बाद से वह भी बंद हैं।

जैन महिला परिषद ने बांटी सामग्री

सिहोरा।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा में सभी बहनों ने मदद का हाथ आगे बढ़ाते हुए निर्धन परिवार की आर्थिक मदद की जिसमें कुछ नगद राशि,कपड़े,अनाज सहित जरूरत की सामग्री शामिल थी। इसी तरह हवा–आंधी में इस परिवार के घर के टीन शेड उड़ गए थे उनको प्रांतीय संरक्षिका डॉ.किरण जैन के द्वारा टीन प्रदान गए। इस अवसर पर परिषद की आशा जैन, विजया जैन,निशा जैन,जयश्री जैन ,संगीता सिंघई,रानी जैन,ऊषा जैन,संध्या जैन,नीतू सिंघई,दीप्ति जैन,अनीता जैन,प्रज्ञा जैन,रूपाली जैन,किरण जैन,मुक्ता सिंघई ममता जैन,अल्पना जैन,नीतू जैन,सारिका जैन,मेघना जैन, शालिनी जैन,सरिता जैन,आभा,अनीता जैन,सुषमा जैन उपस्थित थीं।

जबलपुर ने ओवरआल टीम चैम्पियनशिप जीती, 45 मैडल कब्जा

जबलपुर। इंदौर के नेहरू स्टेडियम में विगत 17 मई को आयोजित राज्य स्तरीय महिला, पुरुष स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस चैम्पियनशिप में जबलपुर संभाग के खिलाड़ियों ने अपनी शक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्ट्रांग मेन का खिताब एवं जूनियर यश पटेल, जूनियर बादल सिंह, सीनियर तुषार श्रीवास्तव, मास्टर वर्ग में नरेन्द्र तिवारी, प्रदीप पटेल, गुरुचरण महिला वर्ग, तुलसीदास, आस्था कोरी, आकृति विश्वकर्मा, धनुश्री ने स्ट्रांग मेन एवं वूमेन का खिताब जीता। जबलपुर संभाग अध्यक्ष एवं मप्र स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग सचिव सावित्री यादव ने बताया कि अन्य महिला, पुरुष खिलाड़ियों ने 22 गोल्ड, 23 सिल्वर मैडल जीते। टीम के कोच गुरुचरण श्रीवास्तव, प्रदीप पटैल एवं मैनेजर शिल्पी चौधरी रहे।

युवा संगम में 184 अभ्यार्थियों का प्रारंभिक चयन

जबलपुर।

युवा संगम मेले का आयोजन शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर में दिनांक 21.05.2026 को किया गया, जिसमें लगभग 265 आवेदकों का पंजीयन हुआ तथा उपस्थित कंपनियों में 184 आवदेकों का प्रारंभिक चयन किया गया। साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर अमित आठ्या, उपसंचालक रोजगार एम.एस. मरकाम, प्लेसमेंट अधिकारी ललित कुमार डेहरिया, रोजगार अधिकारी सतीश कावड़े, रोजगार अधिकारी सुषमा विश्वकर्मा, प्रशिक्षण अधिकारी अजीत वर्मा, वर्षा गायकवाड़, सुधा श्रीवास्तव, लक्ष्मी ठाकुर, पंकज झारिया, अभिजीत दुबे एवं रामसिह उईके उपस्थित रहे।

जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने हितग्राही मूलक कार्यों से संबंधित विभागों का निरीक्षण किया

जबलपुर।

जबलपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी द्वारा 21 मई को प्राधिकरण के हितग्राहीमूलक विभागों का निरीक्षण किया गया। संपदा शाखा, भू-अर्जन शाखा के निरीक्षण के दौरान आपने कार्यों की जानकारी ली तथा आमजनों से जुड़े प्रकरणों को समयसीमा में निराकरण हेतु निर्देशित किया। सिंगल विंडो के निरीक्षण के दौरान आपने कहा कि यह प्राधिकरण की महत्वूपूर्ण शाखा है, जिसमें आगंतुक सर्वप्रथम जानकारी प्राप्त करता है। अतः सिंगल विंडो के कर्मचारियों को आगंतुकों से सौम्य व्यवहार रखने एवं उनकी वांछाओं के यथोचित समाधान की हिदायत दी। उपाध्यक्ष श्री केसरवानी द्वारा कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं नस्तियों के उचित संधारण हेतु भी निर्देशित किया गया।

सक्षम की राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ कार्यशाला 23 एवं 24 मई को

जबलपुर।

समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ कार्यशाला जिसका मुख्य उद्देश्य दृष्टिबाधित व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, का आयोजन दिनांक 23 एवं 24 मई को दादा वीरेंद्रपुरी नेत्र संस्थान (देवजी नेत्रालय), जोतपुर, तिलवाराघाट, जबलपुर (म.प्र.) में किया जा रहा है। प्रेस-वार्ता में सक्षम के राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ प्रमुख डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य दृष्टिबाधितों की शिक्षा, स्वावलंबन, स्वास्थ्य और पुनर्वास, सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान, एडवोकेसी और अधिकार विषयों पर उनका जागरण, उत्साहवर्धन एवं मनोबल बढ़ाना है। इस कार्यशाला में पूरे भारत के 36 प्रदेशों के अंधत्व के क्षेत्र में कार्य करने वाले लगभग 65 लोग भाग ले रहे हैं, इनके बीच में विषय के जानकार, विशिष्ठ विद्वानों के उद्बोधन होंगे एवं परिचर्चा होगी।

राष्ट्रीय कार्यशाला में सक्षम के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. दयाल सिंह पवार (दिल्ली), राष्ट्रीय महासचिव एड. उमेश अंधारे (नागपुर), राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ सह प्रमुख विनोद प्रकाश आर. (बैंगलोर), एड. अजित कुमार (झारखंड) और डॉ. अमित कुमार शर्मा (दिल्ली) प्रमुख रूप से शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला का उट्घाटन समारोह 23 मई को सुबह 9 बजे एवं समापन समारोह 24 मई को दोपहर 12:30 बजे होगा। पत्रकार वार्ता में डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. आयुष टंडन, पीयूष जैन एवं सक्षम के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

'अशिटाका' करेगा खरपतवार पर वार, 'टकाई' से फॉल आर्मीवॉर्म से बचाव

मक्का किसानों के लिए गोदरेज एग्रोवेट के दो नए उत्पाद लॉन्च

जबलपुर। Godrej Agrovet ने मध्य प्रदेश के मक्का किसानों के लिए दो नए फसल सुरक्षा उत्पाद 'अशिटाका' और 'टकाई' लॉन्च किए हैं। जापान की ISK Japan के सहयोग से विकसित ये उत्पाद मक्के की खेती में बढ़ती खरपतवार और कीट समस्याओं से राहत देने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं। मध्य प्रदेश देश के प्रमुख मक्का उत्पादक राज्यों में शामिल है, जहां 15 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में मक्का की खेती होती है। खरपतवार और फॉल आर्मीवॉर्म जैसे कीटों के कारण किसानों को हर साल भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

कंपनी के क्रॉप केयर बिजनेस के सीईओ N. K. Rajavelu ने बताया कि 'अशिटाका' और 'टकाई' किसानों को बेहतर फसल सुरक्षा देकर उत्पादन बढ़ाने में मदद करेंगे। 'अशिटाका' मक्के के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया खरपतवार नाशक है, जो घास और चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों को नियंत्रित करता है। इसे खरपतवार की 2 से 4 पत्ती अवस्था में 50 मिलीलीटर प्रति एकड़ की मात्रा में उपयोग करने की सलाह दी गई है। यह 50 और 100 मिलीलीटर पैक में उपलब्ध रहेगा। वहीं 'टकाई' साइक्लाप्रिन टेक्नोलॉजी पर आधारित आधुनिक कीटनाशक है, जो मक्के में लगने वाले फॉल आर्मीवॉर्म के खिलाफ प्रभावी माना जा रहा है। कंपनी के जीएम मार्केटिंग Anil Chaube ने कहा कि दोनों उत्पाद किसानों को संपूर्ण फसल सुरक्षा प्रदान कर बेहतर गुणवत्ता और अधिक पैदावार हासिल करने में सहायक होंगे।

श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर रहे भक्त

जबलपुर। आदर्श केशरवानी वैश्य समाज संगठन हाथीताल सभा के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा, जिसे परम पूज्य जगतगुरु नर्सिंग महाराज के श्रीमुख से सुनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

इस पावन अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कथा का श्रवण कर पूज्य महाराज के सानिध्य में कैलाशपुरी दुर्गा मंदिर में पूजन एवं आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस पुण्य आयोजन पर पधारने हेतु हाथीताल केशरवानी समाज राकेश सिंह का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता है। इस अवसर पर राजेश केसरवानी (प्रबंधन मंत्री) केसरवानी वैश्य सभा मध्य प्रदेश, जिला सहसंयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ भाजपा महानगर जबलपु उपस्थित रहे।

जबलपुर में 23-24 मई को होंगे साहू समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

जबलपुर। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के मार्गदर्शन एवं मप्र तैलिक साहू सभा के संयोजन में 23 एवं 24 मई को जबलपुर में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की जानकारी कचनार क्लब विजय नगर में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने दी। उन्होंने बताया कि 23 मई को प्रातः 11 बजे कचनार क्लब में मप्र तैलिक साहू सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा। वहीं दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन होगा, जिसमें देशभर एवं मध्यप्रदेश के 56 जिलों से महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी। कार्यक्रम में जयदत्त क्षीरसागर एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद विवेक साहू, आशीष दुबे सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष आभा साहू ने बताया कि सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण, लघु उद्योग प्रोत्साहन, संगमरमर उत्पादों की प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। वहीं 24 मई को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित होगी, जिसमें देशभर से समाज के प्रतिनिधि भाग लेकर सामाजिक एवं राजनीतिक भागीदारी सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

कांग्रेस ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

सिहोरा। जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के निर्देशन पर संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन सोनी के संयोजन में श्रद्धांजलि एंव संगोष्ठी का आयोजन खितौला बाजार स्थिति कार्यालय किया गया।

संगोष्ठी पूर्व विधायक सुनील तिवारी के मुख्य आतिथ्य, अमोल चौरसिया की अध्यक्षता, बाबा कुरैशी, के के कुररिया, सुदीप पांडे, संदीप ब्यौहार, घनश्याम बड़गैया, संतोष पांडे,मंसूर मंसूरी, फैज आलम शाह,शेख साबिर, आलोक पांडे, गणेश दाहिया, गौस भाई आजाद, लाल बहादुर पाठक, जगदीश सैनी,जमीला बानो, राहुल पांडे, अदिती शुक्ला, वर्षा सोनी, डब्बू पाठक के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। जिसमें स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा देश के लिए किए गये विकास कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अनेक कांग्रेस जन उपस्थित थे।

निधन

श्रीमती भागवती बाई कुशवाहा- दुर्गा नगर परसवाड़ा धनंवतरी नगर निवासी श्री मूलचंद कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई कुशवाहा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रतन गुर्जर- कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री बलवंत सिंह गुर्जर की धर्मपत्नी श्रीमती रतन गुर्जर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री सजिन मराठा जंगे- साइंस कॉलेज कॉलोनी पचपेढ़ी रोड निवासी श्री सुरेंद्र मराठा जंगे के पुत्र श्री सचिन मराठा जंगे (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री छोटे लाल सोनकर- हनुमानताल थाने के पीछे निवासी श्री छोटे लाल सोनकर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री विजेंद्र गुप्ता- एलआईजी 394, भूकंप कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री विजेंद्र गुप्ता (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री दशरथ बंशकार- प्रेमसागर निवासी श्री दशरथ बंशकार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती कविता स्वामी- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री अशोक स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती कविता स्वामी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विजय रैकवार- छोटी ओमती पुल के पास निवासी श्री लखन लाल रैकवार के पुत्र श्री विजय रैकवार (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री आनंद नायडू- सुंदर विहार ज्ञान विहार गिरिराज किशोर वार्ड निवासी श्री आनंद नायडू (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुशीला झा- कांचघर मेन रोड निवासी श्री सुरेंद्र कुमार झा की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला झा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री नित्तू चौधरी- शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री टिल्लूराम चौधरी के पुत्र श्री नित्तू चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री प्रेमचंद कुकरेजा- सिंधी गुरूद्वारा गोसाईं दरबार के पास लालमाटी निवासी श्री प्रेमचंद कुकरेजा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री रामचरण सिंह कुशवाहा- सुमन नगर रिछाई निवासी श्री रामचरण सिंह कुशवाहा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती मीना बाई कोल- बड़ी बर्न कम्पनी छुई खदान श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राजकुमार कोल की धर्मपत्नी श्रीमती मीना बाई कोल (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री नत्थू सिंह- इंद्रा नगर बिलपुरा निवासी श्री नत्थू सिंह (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री महेंद्र डी बावीसी- नर्मदा रोड निवासी श्री महेंद्र डी बावीसी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री दीपक मिश्रा- बस्ती नं. 2, अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री राम सेवक मिश्रा के पुत्र श्री दीपक मिश्रा (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

नाम परिवर्तन

मैं, अजय रावत पिता स्व. श्री गौरी शंकर रावत, निवासी: एच.आई.जी. 6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर (म.प्र.) 482001, यह घोषित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नंबर Z3128294 में मेरा नाम गलती से अजय कुमार रावत अंकित हो गया है। मैंने अपना नाम बदलकर अजय रावत कर लिया है।भविष्य में मुझे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाए।

पूर्व नाम- अजय कुमार रावत
संशोधित नाम- अजय रावत
पिता का नाम- स्व. श्री गौरी शंकर रावत

SS

CHANGE OF NAME

I, ARMY No. 2709094H, RANK- NK, NAME JAI SINGH S/O JAIPAL, OF UNIT 5 GRENADIER, JABALPUR (M.P.), R/O NEAR KUAA VILLAGE GULAWAD PALWAL HARYANA 121107 solemnly declare and affirm on oath under, I am presently residing at the above mentioned address. My Mother Aadhar card, my Mother Name **BIDAYA DEVI** which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name is recorded **VIDYA** Which is incorrect. The true and correct Name of my Mother is **BIDAYA DEVI** and same Name shall be corrected in my Army service Record. For the above variation Name of my Mother this affidavit is being furnished.

CORRECT NAME
BIDAYA DEVI
INCORRECT NAME
VIDYA

नाम सुधार

मैं, नवदीप कौर मल्होत्रा उम्र लगभग 29 वर्ष पिता हरकेश सिंह मल्होत्रा वर्तमान निवासी 211/1-D, गोरखपुर गुरुद्वारा के पीछे, वार्ड नंबर 12, जॉर्ज डिसिल्वा वार्ड, जबलपुर मप्र आधार कार्ड क्रमांक 7475 9869 5077 की स्थाई निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 7475 9869 5077 में मेरा नाम नवदीप कौर भाटिया (NAVDEEP KAUR BHATIA) दर्ज हो गया है जो कि पूर्णतः गलत व अमान्य है। मेरा सही व सत्य नाम नवदीप कौर मल्होत्रा (NAVDEEP KAUR MALHOTRA) है जो कि मेरे पेन कार्ड, पासपोर्ट व शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है। मेरा सही व सत्य नाम नवदीप कौर मल्होत्रा (NAVDEEP KAUR MALHOTRA) को मेरे आधार कार्ड, में दर्ज करने हेतु अखबार प्रकाशन कर रही हूँ। शपथ पत्र दिनांक 21/05/2026 नोटरी महोदय रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय, जबलपुर मप्र

सही नाम-नवदीप कौर मल्होत्रा
(NAVDEEP KAUR MALHOTRA)
गलत नाम-नवदीप कौर भाटिया
(NAVDEEP KAUR BHATIA)

न्यायालय तहसीलदार
रांझी, जबलपुर
रा.प्र.क्र./ 283/ अ-6/2026-27
// आम इश्तहार //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती लता दयानी पिता श्री भीमन दास नि. - 2259 चांदमारी रोड लालमाटी शुक्ला ने नजूल ब्लाक नं. 147, प्लाट नं 1/88, 1/89 रकवा 549, व.फु./हे. ग्राम करियापाथर प.ह.नं..... खसरा नं. .... रकवा 549 व.फु./ हे. पर विक्रयपत्र / हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक 04/05/2023 मृत्यु दिनांक..... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र.....खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी /डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल .....ब्लाक नं. 147 प्लाट नं. 1/88, 1/89 रकवा 549 व.फु./हे. पर ग्राम करियापाथर, प.ह.नं..... खसरा नं..... रकवा 549 व.फु./ हे. के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 25/05/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 07/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 07/05/2026
पेशी दिनांक- 25/05/2026

मुहर
तहसीलदार
रांझी जबलपुर

CHANGE OF NAME

I, **MONIKA TOMAR** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **15456684H** Rank **SEP** Name **KAPIL TOMAR** presently, residing at **VILL- MAUKHAS, PO- MAUKHAS, TEH- MEERUT, DISTT- MEERUT (UTTAR PRADESH)-250001** I, have changed of my name from **MONIKA TOMAR** (Name as per my Husband, Army service records) to **MONIKA PUNDIR** (name as per my **AADHAR CARD NO. 4290 9294 4406 AND PAN CARD NO. FVVPP4391E)** vide affidavit dated **20/05/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
MONIKA PUNDIR
INCORRECT NAME
MONIKA TOMAR

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH

I, **GANESH BAHADUR THAPA** is legally **Father** of No **15740709K** Rank **LOC HAV** Name **BITU THAPA** presently, residing at **VILL NO. 2 RAJAPUKHURI, PO- RAJAPUKHURI, TEH-DHANSIRI, DISTT-GOLAGHAT (ASSAM)-785601** I, have changed my name and date of birth from name **GANESH THAPA** and date of birth **01/07/1959** (Name and date of birth as per my **SON, Army** service records) to name **GANESH BAHADUR THAPA** and date of birth **02/03/1959** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD NO. 7985 9079 7632)** vide affidavit dated **21/05/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
GANESH BAHADUR THAPA
INCORRECT NAME
GANESH THAPA
CORRECT DATE OF BIRTH
02/03/1959
INCORRECT DATE OF BIRTH
01/07/1959

खबर संक्षेप

लेंसकार्ट का लाभ 7.5 फीसदी घटकर 203.6 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। चश्मा कंपनी लेंसकार्ट का 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 7.5 प्रतिशत घटकर 203.6 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले साल इसी तिमाही में 220.1 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ कमाया था।

एनवीडिया के नतीजे बेहतर एआई चिप मांग का असर

न्यूयॉर्क। कृत्रिम मेधा (एआई) चिप विनिर्माता एनवीडिया के तिमाही नतीजों ने एक बार फिर वॉल स्ट्रीट के अनुमानों को पार कर लिया। इसकी मुख्य वजह उच्च-स्तरीय एआई चिप की भारी मांग रही। कंपनी ने बुधवार को कहा कि फरवरी-अप्रैल तिमाही में उसने 58.32 अरब अमेरिकी डॉलर या प्रति शेयर 2.39 डॉलर की कमाई की।

जेएसडब्ल्यू सीमेंट का लाभ बढ़कर 361.65 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ कई गुना की वृद्धि के साथ 361.65 करोड़ रुपये रहा। जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने 2024-25 की समान तिमाही में 16.21 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

सेल ने एमडीआई गुड़गांव के साथ किया समझौता

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों के लिए गुड़गांव स्थित मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) के साथ समझौता किया है। यह समझौता सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान और एमडीआई (गुड़गांव) के बीच हुआ।

रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरा

मुंबई। भू-राजनीतिक तनाव में कमी के संकेतों और केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप से रुपया बृहस्पतिवार को सर्वकालिक निचले स्तर से उबरा और अंत में 49 पैसे मजबूत होकर 96.37 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालिया भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद रुपये में मजबूती आई है।

'मेलोडी' की मांग में आए उछाल के बाद पार्ले ने उत्पादन बढ़ाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पार्ले प्रोडक्ट्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र द्वारा इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी का पैकेट उपहार में देने का वीडियो वायरल होने के बाद इसकी बढ़ती मांग को देखते हुए उत्पादन बढ़ा दिया है।

- कंपनी का यह उत्पाद फिलहाल 100 से अधिक देशों में उपलब्ध

कंपनी के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शाह ने इसे ब्रांड के इतिहास का सबसे बड़ा अभियान बताते हुए कहा कि अब कंपनी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'स्वदेशी ब्रांड' को मिले समर्थन को आगे बढ़ाते हुए मेलोडी की वैश्विक मौजूदगी मजबूत करने का प्रयास करेगी। फिलहाल यह उत्पाद 100 देशों में उपलब्ध है।

वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ती मांग के कारण उत्पादन बढ़ाना पड़ा

अचानक मांग में उछाल देखने मिल रहा

उपभोक्ताओं और वितरकों की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, /"वितरकों से शुरुआती प्रतिक्रिया मिली है कि मांग बढ़ी है। अचानक मांग में उछाल देखने को मिल रहा है।/" उन्होंने कहा कि फटाफट सामान की आपूर्ति करने वाले ई-कॉमर्स मंचों पर मेलोडी की खरीदारी में तुरंत बढ़ोतरी देखी गई है।

विदेशों से भी मांग बढ़ रही है

मेलोडी के उत्पादन में वृद्धि के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, /"कल से हमने उत्पादन बढ़ा दिया है... विदेशों से भी मांग बढ़ रही है।/" प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मेलोनी को मेलोडी उपहार में दिए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शाह ने कहा, /"यह पार्ले परिवार के लिए बेहद गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व नेताओं को मेलोडी उपहार में दे रहे हैं।/"



कंपनी ने डिजिटल माध्यमों में प्रचार शुरू किया

शाह ने कहा कि कंपनी इस घटनाक्रम का लाभ उठाते हुए मेलोडी ब्रांड का और अधिक प्रचार करेगी। उन्होंने कहा, /"हमने कल से ही डिजिटल माध्यमों पर प्रचार शुरू कर दिया है और आगे विभिन्न मीडिया मंचों पर भी इसका प्रचार किया जाएगा।/

ई-कॉमर्स मंचों से भी भारी मांग आई : ई-कॉमर्स मंचों से भी भारी मांग आई है और बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। शाह ने कहा कि फटाफट सामान की आपूर्ति करने वाले ई-कॉमर्स मंचों पर 'मेलोडी' शब्द की खोज में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह रुझान बुधवार सुबह से देखा जा रहा है।

पार्ले मेलोडी भारत में सबसे अधिक बिकने वाली टॉफी ब्रांड

शाह ने कहा, /"पार्ले मेलोडी भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाला टॉफी ब्रांड है और आज यह 100 से अधिक देशों में उपलब्ध है... प्रधानमंत्री मोदी ने अपना काम कर दिया है, अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस ब्रांड को वैश्विक स्तर पर और बड़ा बनाएं।/"उन्होंने कहा, /"भारतीय ब्रांड को यह पहचान और दृश्यता देने के लिए हम प्रधानमंत्री के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हैं।/"

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

गैर-पंजीकृत इकाइयों की संख्या नौ करोड़, रोजगार का आंकड़ा 15 करोड़ के पार: सरकारी सर्वेक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में गैर-पंजीकृत प्रतिष्ठानों की संख्या बढ़कर नौ करोड़ से अधिक हो गई है जबकि जनवरी-मार्च तिमाही में इन इकाइयों में रोजगार का आंकड़ा 15 करोड़ के पार पहुंच गया है। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह कहा गया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बृहस्पतिवार को इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के लिए कृषि क्षेत्र से इतर गैर-पंजीकृत इकाइयों के अनुमान जारी किए। एनएसओ 2025 से गैर-पंजीकृत गैर-कृषि क्षेत्र के प्रमुख निष्कर्षों पर तिमाही बुलेटिन प्रकाशित कर रहा है।

नियमित अंतराल पर प्रमुख अनुमान

जनवरी-मार्च, 2026 के लिए गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों पर तिमाही बुलेटिन गैर-पंजीकृत क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) का तिमाही संस्करण है। यह नियमित अंतराल पर प्रमुख अनुमान प्रदान करता है।

उपयोगी आंकड़े उपलब्ध करा रही एनएसओ

सर्वेक्षण के अनुसार, गैर-पंजीकृत क्षेत्र के उद्यमों पर तिमाही बुलेटिन (क्यूबीयूएसई) की शुरुआत भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे गतिशील क्षेत्रों में से एक पर नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और अन्य पक्षों को समय पर और उपयोगी आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए एनएसओ के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि अधिक

गैर-कृषि क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 16.69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनवरी-मार्च, 2026 के दौरान गैर-कृषि इकाइयों की अनुमानित संख्या बढ़कर 9.16 करोड़ हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 7.85 करोड़ थी। ग्रामीण क्षेत्र इस वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा, जिसमें 20.46 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

पारिश्रमिक पर रखे गए श्रमिकों के हिस्से में गिरावट

आलोच्य तिमाही में गैर-पंजीकृत क्षेत्र में कार्यरत मालिकों का कार्यबल में सबसे बड़ा हिस्सा बना रहा। कुल कार्यबल में उनकी हिस्सेदारी 60.97 प्रतिशत रही जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 58.29 प्रतिशत थी।

- गैर-कृषि क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में 16 .69 प्रतिशत की वृद्धि
- गैर-कृषि इकाइयों की अनुमानित संख्या बढ़कर 9 .16 करोड़ हो गई
- ग्रामीण क्षेत्र इस वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा

सोना 600 रुपए मजबूत, चांदी में 5,000 रुपए का रहा उछाल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं और चांदी भी 2.71 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। भू-राजनीतिक तनाव के बीच कारोबारी कीमती धातुओं को लेकर सतर्क रूप से आशावादी बने रहे। स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, लगातार तीसरे सत्र में बढ़त जारी रखते हुए, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 600 रुपये बढ़कर 1,65,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो बुधवार के बंद भाव 1,64,900 रुपये से अधिक है। इस कीमती धातु की कीमतों में पिछले तीन सत्रों में कुल 2,700 रुपये की बढ़त दर्ज की गई है। कारोबारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताओं ने अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में मजबूती के बावजूद, इस धातु की खरीद को समर्थन दिया।

MADHYA PRADESH POWER TRANSMISSION COMPANY LTD.
(A Wholly Owned Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
Block No. 3, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur-482008 (M.P.), Phone : (0761) 270-2123, 2135
Fax : (0761) 2665593, E-mail : mptransco@nic.in & ce.proc@mptransco.nic.in, CIN : U40109MP2001SGC014880
Date 15.05.2026

TENDER NOTICE

Online tenders are invited for Supply & Installation of High Resolution Thermography camera for 2 No. 132kV EHV substation with 5 Year AMC as per tender specifications. The Bid Seals will be received online on the portal **https://mptenders.gov.in** upto date & time as per key dates. The tender will be opened in the office of the undersigned as mentioned in tender time schedule (key dates) in presence of bidders/their duly authorized representatives who may like to be present at the time of opening of tender:-

Sr. No.	Tender Specification No. (E-Tendering)	Particulars	Tender Cost (in Rs.)	EMD (Bid Security) (in Rs.)	Due Date of Opening of Tender Online
1	TR-03/2026	Tender for Supply & Installation of High Resolution Thermography camera for 2 No. 132kV EHV substation with 5 Year AMC.	11,800/-	6,33,660/- (online)	03.07.2026

*For updated/extended due dates for submission and opening of tender, please refer to the online key dates. **Note :-** (1) Other details can be seen in the complete tender documents which shall be made available on e-portal **https://mptenders.gov.in**. (2) Tender documents can be purchased only online and downloaded from main portal **http://www.mptenders.gov.in** by making online payment for prescribed non-refundable tender document cost using online Payment Gateway Services integrated in to the e-Procurement System, Services & gateway charges shall be borne by the bidder. Manual purchase of tender is not allowed. (3) The bid data should be filled in and the bid seals of all the envelopes and the documents which are to be uploaded by the bidders should be submitted online upto as per time schedule (Key Dates). (4) The relevant portion of tender which tenderer have to fill online would be available on above website as per date mentioned in the tender document. The company reserves the right to reject any or all the tender or accept any tender in full or part as considered advantageous to MPPTCL, whether it is lowest or not, without assigning any reason whatsoever it may be. (5) Since the online bidders are required to sign their bids online using class III-Digital Certificates only, hence they are advised to obtain the same at the earliest. For further information, bidders are requested to contact **Madhya Pradesh State Electronic Development Corporation Ltd, State IT Centre, 2nd Floor, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Telephone No. 0755-2518500/269, e-mail: support-eproc@nic.in. or helpdesk Telephone No. 0120-4001002, 4200462, 4001005, 6277787.** (6) Bidders intending to participate in the Tender are required to get themselves trained on the e-Procurement System. (7) The bidders are required to invariably upload the documentary evidence of submission of EMD (i.e. receipt generated online) in envelope A without which online offer i.e. Envelope B&C shall not be opened. (8) No offer will be accepted without valid Earnest Money Deposit. If on opening of tender, it is revealed that EMD amount is inadequate/any other discrepancy is noticed, the tender shall be rejected. (9) The corrigendum or addendum to the bidding documents, if any as well as any change in due date(s) of opening of tender will be published on the website **https://mptenders.gov.in** & also on company's website **http://www.mptransco.in** but will not be published in newspapers. Hence participant bidders are advised to regularly visit the website until the bid opening. The Company shall not be responsible in any way for any ignorance of the bidders about the corrigendum or addendum or change in the due dates(s). (10) The date of opening of EMD & Technical bid shall be the date of opening of Tender of all the purpose. (11) The Tender document will be available on portal **https://mptenders.gov.in** on or after 15.05.2026. The interested bidders are advised to regularly visit the portal for purpose. (12) If any of the above date happen to be a holiday, the next working day will be due dates in respect of all key dates.
M.P. Madhyam/125898/2026
CHIEF ENGINEER (T & C)

मारुति सुजुकी की कारें जून से 30,000 रुपए तक होंगी महंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया बढ़ती मुद्रास्फीति और लागत में बढ़ोतरी के कारण जून, 2026 से अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में 30,000 रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने अपने पूरे मॉडल पोर्टफोलियो में वाहनों की कीमतों में जून से 30,000 रुपये तक की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। कंपनी ने कहा, ''पिछले कुछ महीनों से लागत में बढ़ोतरी के प्रभाव को कम करने के लिए कंपनी लागत कटौती उपायों के जरिये लगातार प्रयास कर रही है।/" कंपनी ने कहा कि मुद्रास्फीति का दबाव अब ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है और प्रतिकूल माहौल लगातार बना हुआ है। ऐसे में बढ़ी हुई लागत का एक हिस्सा बाजार पर डालना आवश्यक हो गया है, जबकि ग्राहकों पर इसका प्रभाव न्यूनतम रखने का प्रयास जारी रहेगा। मारुति सुजुकी इंडिया फिलहाल शुरुआती श्रेणी की मारुति सुजुकी एस-प्रेसो से लेकर प्रीमियम यूटिलिटी इनविक्टो बेचती है। इनकी शोरूम कीमत 3.49 लाख रुपये से 28.7 लाख रुपये के बीच है। हाल के दिनों में कंपनी के अधिकारियों ने बढ़ती लागत, विशेष रूप से कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के कारण वाहनों के दाम बढ़ने के संकेत दिए थे।

- बढ़ती मुद्रास्फीति और लागत में बढ़ोतरी के कारण वृद्धि
- मारुति की विभिन्न मॉडलों की कारों में की जाएगी बढोतरी

एलआईसी का मुनाफा 23% बढ़कर 23,420 करोड़ रुपए...

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 23,420 करोड़ रुपये रहा है। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 19,013 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एलआईसी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 2,53,592 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान अवधि में 2,22,805 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की पहले साल की प्रीमियम आय बढ़कर 12,970 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 11,069 करोड़ रुपये थी।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - अनूपपुर (म.प्र.)
E-mail modgmanu@mp.gov.in

क्र./ /खनिज/2026/ अनूपपुर, दिनांक:-

म.प्र. गौण खनिज नियम,1996 के नियम 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा आवेदन प्राप्त करने के लिए,
प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स AURUM MINERALS PARTNER ANUJ DAGA R/O 20/7 DAGA HOUSE CTO COLONY BAIRAGARH BHOPAL MP - 462030. द्वारा उत्खनिपटटा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 07.05.2026 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 25. 06.2026 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपटटा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है ।आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा	भूमि का प्रकार	खनिज का नाम	रिमार्क
अनूपपुर	कोतमा	गदी	482	3.995	(शासकीय भूमि)	बोल्डर	आवेदन

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदनपत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिजनियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समक्षा जाएगा । 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रो को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा । 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है ता प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जासकेगा ।5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

उप संचालक
G-13189/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" (खनि प्रशासन) जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

भारतीय कंपनियों का विदेशों में अप्रैल में निवेश हुआ दोगुना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय कंपनियों का दूसरे देशों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) अप्रैल में इससे पिछले महीने की तुलना में दोगुना होकर 3.36 अरब डॉलर से अधिक रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न भू-राजनीतिक तनाव और रुपये में तेज गिरावट के बावजूद भारतीय कंपनियों के विदेशी निवेश में यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से कोफोर्ज के निवेश के कारण हुई। आरबीआई के अनुसार, मार्च में भारतीय कंपनियों का विदेशों में प्रत्यक्ष निवेश 1.61 अरब डॉलर था, जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2025 में यह 1.96 अरब डॉलर रहा था। अप्रैल, 2026 में शीर्ष पांच कंपनियों की हिस्सेदारी इक्विटी के जरिये कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में करीब 86 प्रतिशत रही। इसमें कोफोर्ज के दो निवेश सौदे शामिल हैं, जिनकी राशि क्रमशः 1.37 अरब डॉलर और 99.4 करोड़ डॉलर रही। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, कोफोर्ज के बाद ल्यूपिन का निवेश 22.9 करोड़ डॉलर, विंगिफाई सॉफ्टवेयर का 15.68 करोड़ डॉलर, नैक ग्लोबल का 8.29 करोड़ डॉलर और क्लार टेक्नोलॉजी इंडिया का 5.40 करोड़ डॉलर रहा।

- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़कर 3 .36 अरब डॉलर पर
- रुपए में तेज गिरावट के बाजवूद निवेश में हुई वृद्धि

कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला (म.प्र.)

क्र./न.प./लो.नि./2026/449 बम्हनी बंजर, दिनांक 21/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑन-लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्र	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ईएमडी	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_509529_1 दिनांक - 21/05/2026	वार्ड क्रमांक 02 छैघरा मोहल्ला रेल्वे ब्रिज से मुगदरा पंप हाउस तक गौंझी नाला सफाई कार्य।	01 माह लागत राशि 818202.56/-	2000.00 रूपये ईएमडी 8190/- रूपये	10/06/2026

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में ऑन-लाईन की वेबसाइट पर ही किया जावेगा समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद बम्हनी बंजर

कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)
ईमेल:- cepwdcapital@mp.nic.in दूरभाष / फेक्स क्रमांक. 0755-2551403

निविदा सूचना क्र. 08/सा/01/विविध/2019 (वर्ष 2026) भोपाल, दिनांक 18.05.2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर कमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु राशि (रू. लाख में)	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_507667_1	नर्मदापुरम	मार्ग	सुरजकुण्ड, ढांसी से चिलाचोन कढैया मार्ग का निर्माण	द्वितीय	585.56	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल आनलाईन प्रस्तुत किये जाना है।
2	2026_PWDRB_507668_1	नर्मदापुरम	मार्ग	शिवपुर तालकेसरी से बहारपुर मार्ग का निर्माण	चतुर्थ	500.42	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल आनलाईन प्रस्तुत किये जाना है।
				योग		1085.98	

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 02.06.2026 (17.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मुख्य अभियंता
G-13213/26 लोक निर्माण विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल

भारतीय स्टेट बैंक शाखा– गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) फर्स्ट फ्लोर, एसबीआई मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर फोन: 0761-2628641, 2628632

चल सम्पत्ति (वाहन) के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निम्नलिखित वाहन का जहां है, जैसा है, जो है के आधार पर विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

ई-नीलामी की तिथि- 10.06.2026 समय: प्रात: 11.00 से सायं 3.00 बजे तक, प्रत्येक 5 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ

क्रं.	ऋणी	चल सम्पत्ति (वाहन) का विवरण	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि
1.	ऋणी - श्री विनय तिवारी पिता श्री कैलाश प्रसाद तिवारी पता - आर.बी.2 16/5 न्यू रेल्वे कॉलोनी, नेपियर टाउन, जबलपुर(म.प्र.)482002	निर्माता: Citroen मॉडल- C3 FEEL STEEL GRAY (V023678) रजिस्ट्रेशन नं. - MP20-ZT-8101 इंजन नं. - 10VQ070000377 चेसिस नं.- MZZCCHME5RV023678 निर्माण वर्ष- 2025, कलर- Gray प्रोप. आईडी - SBIN078740487728	रू. 4,74,000/-	रू. 47,400/-
2.	ऋणी - श्री दीपक कुशवाहा पिता - श्री बहादुर कुशवाहा पता - 32ए, पुरानी जगदम्बा कॉलोनी, म.नं. 469/पी, जानकी नगर, बल्देवबाग, जबलपुर(म.प्र.)482002	निर्माता: Maruti Suzuki मॉडल- FRONX ISS SIGMA 1.2L SMT BS6 रजिस्ट्रेशन नं. - MP20-ZH-3058 इंजन नं. - K12NP7359524 चेसिस नं.- MBHKWD13SPJ166942 निर्माण वर्ष- 2023, कलर- Gray प्रोप. आईडी - SBIN078496796970	रू. 4,78,000/-	रू. 47,800/-

वाहन निरीक्षण स्थल- भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) फर्स्ट फ्लोर, एस. बी. आई. मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर

नियम एवं शर्तें- बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के प्रावधान के तहत निष्पादित की जाएगी और निम्नलिखित शर्तों को संकलित किया जाना है। (1) संपत्तियों को ''जैसा है जहां है, जैसा है, जो है और जो है'', के आधार पर बेचा जाएगा। (2) ऊपर उल्लिखित संपत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी के पास उपलब्ध जानकारी पर आधारित है और घोषणा में दी गई किसी भी त्रुटि, गलती या चूक के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होगा। (3) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https://bank-sbi/web/sbi&in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others; www.sbi.co.in and https://www.baanknet.com/eauction-psb/x-login (4) इच्छुक बोली लगाने वाले को अपना यूजर आईडी और पासवर्ड बनाना होगा जिसे बनाने में कम से कम 2 कार्य दिवस लगते हैं इसलिए बोली लगाने वाले से अनुरोध है कि वे इससे पहले यूजर आईडी बनाएं अंतिम तिथि। (5) बैंक बिना कोई कारण बताए उपरोक्त नोटिस से सभी या किसी भी नीलामी को रोकने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

नोट– यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों/बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांक - 22/05/2026 स्थान - जबलपुर प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) जबलपुर

चिंतन

आतंकवाद पर और कड़ा प्रहार जरूरी

आतंकवाद विरोधी दिवस पर हाल ही के वर्षों में सुरक्षाबलों पर किए गए खतरनाक हमलों में से एक पुलवामा हमले के कातिल हमजा बुरहान की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। पुलवामा एक ऐसा हमला था, जिसने पूरे देश को अस्थिर कर दिया था। इसके बाद भारतीय सेना को बालाकोट स्ट्राइक करनी पड़ी थी और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। असल में दुनिया के तमाम देश आतंकवाद पर सिलेक्टिव नजरिया रखते हैं, लेकिन इसे व्यापक नजरिये देखे जाने की जरूरत है। भारत ने इस हकीकत को समझ लिया है और अब यह स्पष्ट हो गया है कि आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। इसी का परिणाम है कि अब देश में आतंकवाद का माहौल कुछ कम हो गया है। हाल ही के दिनों में पहलगाम में हुए पर्यटकों पर हमले के बाद भारत ने सीमा पार ऑपरेशन सिंदूर कर दुश्मन को करारा जवाब दिया, लेकिन सीमापार नापाक देश अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह किसी न किसी रूप में भारत को निशाना बनाता रहता है। भारतीय सुरक्षाबल किसी भी दुस्साहस को जवाब देने के लिए तत्पर हैं। आतंकी हमजा बुरहान की हत्या केवल एक व्यक्ति के अंत की खबर नहीं है, बल्कि यह उस आतंकवादी ढांचे पर बड़ा संकेत है, जिसने दशकों से भारत की शांति और सुरक्षा को चुनौती दी है। भारत लंबे समय से यह कहता आया है कि पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देता है और वहां की जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाता है। हमजा बुरहान, सलमान अजहर, शेख यूसुफ अफरीदी और सज्जाद अहमद जैसे नाम इसी नेटवर्क की कड़ियां रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान में इन आतंकियों की रहस्यमयी मौतों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंक की फैक्ट्री अब भीतर से भी दरकने लगी है। हालांकि इन घटनाओं की आधिकारिक पुष्टि कम हुई है, लेकिन इतना जरूर है कि आतंकवादी संगठनों के भीतर असुरक्षा और भय का माहौल बढ़ा है। भारत के लिए यह समय केवल संतोष का नहीं, बल्कि और अधिक सतर्क होने का है। आतंकवाद का चेहरा बदल चुका है। पहले सीमा पार से घुसपैठ और हथियारों की तस्करी प्रमुख खतरा थे, लेकिन अब सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड ऐप्स और डिजिटल फंडिंग के जरिए युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेला जा रहा है। हमजा बुरहान पर भी युवाओं की भर्ती और फंडिंग का आरोप था। यह बताता है कि आतंकवाद अब बंदूक से ज्यादा दिमाग और तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान की सत्ता और वहां की खुफिया एजेंसियां लंबे समय से आतंकवादी संगठनों को "रणनीतिक हथियार" की तरह इस्तेमाल करती रही हैं। जब तक इस सोच में बदलाव नहीं आता, तब तक सीमा पार से साजिशें जारी रहेंगी। इसलिए भारत को केवल सैन्य शक्ति पर नहीं, बल्कि अपने खुफिया तंत्र, साइबर सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को भी और मजबूत करना होगा, ताकि किसी भी हमले से पहले उसे भांप सकें और उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। तभी हम आतंक पर पूरी तरह लगाम लगाने में सक्षम हो सकेंगे। अब दुनिया में आतंक नए रूप में सामने आ रहा है। तकनीकी क्षमताओं के दम पर इसे आसानी से अंजाम दिया जा रहा है। अब जरूरत है कि आतंक के हर प्रारूप पर कड़ा वार प्रहार किया जाए, तभी देश सुरक्षित होगा और आम नागरिक खुद को महफूज समझेगा और भारत को सुरक्षित भविष्य मिल सकेगा।

मुद्दा
रोहित माहेश्वरी

सुप्रीम कोर्ट का कुत्तों पर जरूरी हस्तक्षेप

सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो।

देश में आवारा कुत्तों के हमलों और काटने की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की तीन सदस्यीय पीठ ने पशु प्रेमियों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। अदालत ने पिछले साल नवंबर में दिए गए अपने उस आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया, जिसमें आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में स्थानांतरित करने की बात कही गई थी। पिछले साल जुलाई में रेबीज के कारण एक छह साल की बच्ची की मौत की खबर के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था, जिसके बाद लंबी सुनवाई के बाद यह ऐतिहासिक फैसला आया है। फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा, गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह अधिकार भी शामिल है कि व्यक्ति कुत्तों के हमलों के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सके। राज्य मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकता। अदालत भी उन कठोर जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, विदेशी यात्री और बुजुर्ग कुत्तों के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो। इसमें दो राय नहीं कि स्थानीय निकायों द्वारा आवारा कुत्तों को हटाने के संबंध में विगत में दिए अपने निर्देशों को नरम न करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला बिगड़ते जन-सुरक्षा संकट में एक आवश्यक हस्तक्षेप है।

हाल के वर्षों में, देश भर में स्थानीय प्रशासन व निकाय कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार हो रही चिंताजनक वृद्धि को रोकने में विफल ही रहे हैं। ऐसे में शासन व प्रशासन स्तर पर इस समस्या के निराकरण की कोई सार्थक पहल न होते देख ही, शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, साल 2023 में तीस लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए थे। उसके अगले साल 2024 में रोकथाम के कोई ठोस प्रयास न होने के कारण 37 लाख मामले दर्ज किए गए। आंकड़े बता रहे हैं कि औसतन प्रतिदिन दस हजार घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं कई राज्यों व शहरों में इन घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। अदालत ने गौर किया कि एबीसी ढांचे की शुरुआत के बाद से लगभग दो दशक बीत जाने के बावजूद, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से लगातार बढ़ती आवारा कुत्तों की आबादी को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का विस्तार और सुदृढ़ करने के लिए निरंतर, व्यवस्थित और क्रमिक प्रयासों का स्पष्ट अभाव रहा है।

अदालत ने आवारा कुत्तों से जुड़ी घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को उजागर करने वाली कई समाचार पत्रों की रिपोर्टों का भी हवाला दिया। अदालत ने कहा कि उदयपुर में 2026 में लगभग 1,750 कुत्ते के काटने के मामले दर्ज किए गए, जबकि भीलवाड़ा में एक ही दिन में 42 लोगों को कुत्ते ने काटा। अदालत ने यह भी बताया

कि तमिलनाडु में 2026 के पहले चार महीनों में लगभग 2.63 लाख कुत्ते के काटने के मामले और 17 संबंधित मौतें दर्ज की गईं। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि यह मुद्दा आवासीय इलाकों से आगे बढ़कर हवाई अड्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों तक फैल गया है, और यह भी बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 1 जनवरी, 2026 से हवाई अड्डे के टर्मिनलों में कम से कम 31 कुत्ते के काटने की घटनाओं को स्वीकार किया है।

केरलम राज्य के आंकड़ों के अनुसार, वहां एक साल के भीतर ही 3.6 लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले सामने आए हैं। वहीं, दूसरी दिल्ली से सटे नोएडा में कुछ ही महीनों में हजारों शिकायतों के बाद हॉटस्पॉट की पहचान की गई। इन शिकायतों में स्कूलों के पास उनका जमावड़ा होना, चलने में असमर्थ बुजुर्ग नागरिकों का शिकार बनना व आम नागरिकों के आवारा कुत्तों के भय में जीने के मामले उजागर हुए हैं। दरअसल, विगत में भी इस संकट के कारगर समाधान के लिये शीर्ष अदालत ने सख्त निर्देश दिए थे। स्थानीय नगर निगम व नगर पालिकाओं की जवाबदेही तय की थी कि कुत्तों को शेल्टर होम ले जाकर उनकी नसबंदी की जाए और टीकाकरण किया जाए, लेकिन इस दिशा में कारगर पहल होती नजर नहीं आई। वहीं, तस्वीर का दूसरा पहलू है कि यह संकट समाज और संस्थाओं द्वारा जानवरों के प्रति किए जाने वाले व्यवहार में परेशान करने वाली विफलता को भी दर्शाता है। साल 2022 में मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्रालय ने संसद में जानकारी दी थी कि देश में सबसे अधिक आवारा कुत्तों की संख्या उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में है, जबकि दादरा और नगर हवेली, लक्षद्वीप और मणिपुर में सड़कों पर कोई भी आवारा कुत्ता नहीं है। हालांकि मंत्रालय ने बताया था कि 2012 के मुक़ाबले 2019 में उत्तर प्रदेश में आवारा कुत्तों की संख्या घटकर 20.59 लाख हो गई थी। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानूनी रूप से जानवरों को स्थानांतरित करने पर दिए गए जोर के साथ अब आश्रय स्थलों, नसबंदी केंद्रों, टीकाकरण अभियानों और पशु चिकित्सा सुविधाओं में अधिक निवेश करने की सख्त जरूरत है। निश्चय ही यह चुनौती एक जटिल विषय है। सही मायनों में चुनौती यह भी है कि एक मानवीय, जवाबदेह और प्रभावी आवारा पशु प्रबंधन व्यवस्था का निर्माण किया जाए, जो नागरिकों और कुत्तों, दोनों के हितों की रक्षा कर सके।सदैव से ही कुत्ते की गिनती मनुष्य के वफादार साथी के रूप में की जाती रही है। सदियों से दोनों एक साथ रहे हैं। उन कारणों की भी पड़ताल की जानी चाहिए, जिनके चलते कुत्ते अचानक आक्रामक व्यवहार दिखाने लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। अदालत के निर्देशों के बाद अब राज्यों और नगर निकायों पर संस्थागत क्षेत्रों को आवारा कुत्तों से मुक्त रखने और प्रभावी नियंत्रण नीति लागू करने का दबाव बढ़ गया है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू इन नियमों को लेकर जहां पशु प्रेमियों में निराशा है वहीं कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं और पीड़ितों को इस आदेश से जरूर खुशी मिली होगी। यह आदेश लागू हैं और अब सख्ती से इनको अमल में लाया जाना बाकी है। देखना है कि इन आदेशों के बाद किस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया जाता है। यह पशु प्रेमियों की बड़ी पहल के परिणाम बदलाव लाने में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत

बाल मुकुन्द ओझा

आखिर क्यों गुस्सा हो जाते हैं राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का विवादों से पुराना नाता रहा है। विशेषकर नरेंद्र मोदी के भारत का प्रधान मंत्री बनने के बाद से कांग्रसे नेता राहुल गांधी उन पर तरह-तरह के आरोप लगाते रहते हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। रायबरेली में एक सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी और देश के गृह मंत्री को 'गद्दार' तक कहा है। राहुल गांधी के हालिया बयानों पर एक नज़र डालें तो पता चलेगा, उनका गुस्सा सातवें आसमान पर सिर चढ़कर बोलने लगा है। दूसरी तरफ, भाजपा ने भी पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी की मानसिकता अर्बन नक्सली जैसी है। राहुल पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। वे राजनीति के 'राहु' हैं। राहुल गांधी परिवारवाद की उपज हैं। उन्होंने देश का अपमान किया है। राहुल गांधी टुकड़े-टुकड़े गैंग के लीडर हैं। राहुल के बयान उनकी मानसिकता को बताते हैं। राहुल ने देश की जनता का अपमान किया है। इसी बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रधानमंत्री के रूप में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं।कांग्रेस पार्टी के लोकसभा में 52 से 99 पर पहुaचने के बाद जो गंभीरता पार्टी में आनी चाहिए थी वह कमोवेश देखने को नहीं मिली है। नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी के गुस्से में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वे अपने गुस्से का इजहार करने के दौरान जो बातें कह रहे है वे लोगों को हज़म नहीं हो रही है। लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गांधी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने का कोई भी मौका छोड़ नहीं रहे है। राहुल गांधी मोदी के बहाने बेसिरपैर के आरोप लगाते तनिक भी नहीं हिचकिचाते । मगर वे यह भूल गए देश की जनता ने नेहरू, इंदिरा और राजीव की भांति मोदी को भी प्रचंड बहुमत के साथ देश का ताज पहनाया है।

राहुल को लोग गंभीरता से क्यों नहीं लेते है, यह प्रश्न सियासी क्षेत्रों में तेजी से चर्चित हो रहा है। राहुल गांधी को बहुत गुस्सा आता है जब लोग उन्हें तरह तरह की उपमाओं से नवाजते है। राहुल कई बार यात्राएं निकालकर लोगों के बीच गए। हर तबके के लोगों से मिले। उनका प्यार भी उन्हें मिला, मगर राजनीति में जो सफलताएं उन्हें मिलनी चाहिए उससे मरहूम रहे। राहुल की दादी इंदिरा गांधी की आवाज में जादू था। उनके पिता राजीव गांधी भी सौम्य व्यवहार और सभ्य भाषा का प्रयोग करते थे, लेकिन राहुल यह जादू अपने भाषणों में जाहिर नहीं कर पाए। लोगों ने तमाम तरह की उपमाओं से उन्हें विभूषित किया। किसी ने पप्पू कहा तो किसी ने शहजादा। आलू से सोना बनाने की किवदंती भी उनसे जोड़ दी गई। राहुल की बहन प्रियंका गांधी ने इस पर भाजपा को कई बार घेरा और कहा मेरा भाई हजारों किलोमीटर पैदल चला है। इस बीच उनके विवादित भाषण भी काफी चर्चा में रहे विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी पर उनकी टिप्पणियां लोगों को हजम नहीं हुई। राहुल ने अपने विवादित बयानों से कई बार मोदी को पटकने की चेष्टा की मगर हर बार उनका दांव खाली गया। चौकीदार चोर से लेकर आरक्षण ख़त्म करने के उनके बयान हवा हवाई साबित हुए। भाजपा का कहना है जब उनकी पार्टी ही उन्हें गंभीरता से नहीं लेती तो हम क्यों लें। चौकीदार चोर, पनोती और जेब कतरा से लेकर अम्बानी अडानी के मुद्दे फेल हो चुके हैं। या यों कहे जनता ने नकार दिए। वे मोदी पर निजी हमले करने से बाज नहीं आते मगर जनता की अदालत में हर बार ठुकरा दिए जाते है। राहुल गांधी की एक दशक की सियासी यात्रा पर दृष्टिपात करें तो पाएंगे कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने मोदी पर तरह तरह के आरोप लगाए। राहुल के बयानों पर भाजपा आग बबूला हो रही है वहां इंडि गठबंधन की सहयोगी पार्टियां राहुल के बयानों का समर्थन कर अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रही हैं। राहुल को अपने आरोपों के समर्थन में अपने देश में ही सशक्त आंदोलन कर जनता का समर्थन जुटाना चाहिए मगर चीन जैसे दुश्मन देश के पक्ष में बोलकर देशवासियों की सहानुभूति खो रहे है। गौरतलब है राहुल ने देश की सवैंधानिक संस्थाओं यथा चुनाव आयोग, न्यायालय और प्रेस पर भी समय समय पर हमला बोला है । मोदी और भाजपा की आलोचना खूब कीजिये जनाब, मगर देश को बक्श दीजिये। कांग्रेस में यह क्या हो रहा है ,अपनी पार्टी को संगठित करने के बजाय देश को तोड़ने वाली बातें कर क्या हासिल करेंगे यह समझ से बाहर है। राहुल को चाहिए कि वे अनाप शनाप बयान न देकर अपनी गरिमा बनाएं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संकर सहज स्वरूप सम्हारा

संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है। उस समय हमें कोई रास्ता नहीं दिखाई देता है।

अंतर्मन

आज की पाती

सिर्फ पेय नहीं, दुनिया की धड़कन है चाय

चाय सिर्फ एक पेय नहीं है, यह एक संस्कृति है, एक संवाद है और दुनिया के करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है। दुनियाभर में पानी के बाद यदि कोई पेय पदार्थ सबसे ज्यादा पसंद और उपभोग किया जाता है तो वह है चाय। सुबह की पहली किरण के साथ नींद को अलविदा कहने से लेकर, दफ्तर की थकान मिटाने और मेहमानों के स्वागत तक, चाय हमारे जीवन का एक अविभाज्य हिस्सा बन चुकी है। इसी महत्व को रेखांकित करने के लिए हर साल 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'चाय को बनाए रखना, समुदायों का समर्थन करना' न केवल चाय के पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन पर जोर देती है, बल्कि उन लाखों छोटे किसानों और श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने का भी आह्वान करती है जिनकी आजीविका इस उद्योग से जुड़ी है।

-सूर्यांश, रोहतक

ट्रेंड

कृषि जीवन की मूल धारा

भारत में कृषि जीवन की मूल धारा और हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। हम सिर्फ उत्पादन बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि एक ऐसा फार्मिंग इक्कोसिस्टम बनाने के लिए भी काम कर रहे हैं, जो पर्यावरण के अनुरूप हो और भविष्य रेडी हो। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं

हमारी सरकार के दौरान रक्षा क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आया है। भारत की नीति अब रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रोएक्टिव है। राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जायेगा, और इसी संकल्प के साथ भारत स्वदेशी रक्षा निर्माण को तेज़ी से बढ़ावा दे रहा है।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

ऋण को सिबिल से जन जोड़ें

हर बैंक को, मुख्यालय से लेकर शाखा स्तर तक, बता दिया है कि फसल ऋण को सिबिल की शर्तों से नहीं जोड़ा जाए। रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। 'सिबिल' स्कोर से जुड़ी समस्याओं के कारण किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। **-देवेंद्र फडणवीस,** सीएम महाराष्ट्र

घुसपैठियों को बीएसएफ को सौपेंगे

पश्चिम बंगाल में नया नियम लागू हो गया है, जिसके तहत घुसपैठियों को अब अदालतों में नहीं भेजा जाएगा, बल्कि बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ को सौंप दिया जाएगा। प्रदेश मे घुसपैठ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-शुभेंदु अधिकारी, सीएम पश्चिम बंगाल

करंट अफेयर

कांगो में इबोला संक्रमण का प्रकोप बढ़ने की चेतावनी

पूर्वी कांगो में इबोला संक्रमण से निपट रहे स्वास्थ्यकर्मियों और राहत सहायता समूहों ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि इसका प्रकोप बढ़ सकता है। उन्होंने अधिक आपूर्ति बढ़ाने और अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की अपील की। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि सशस्त्र समूह एक ऐसे क्षेत्र की सुरक्षा को लगातार खतरा पहुंचा रहे हैं जो पहले से ही विस्थापन और मानवीय संकट से जूझ रहा है। अलीमा नामक एक सहायता समूह के बुनिया क्षेत्र समन्वयक हामा अमाडो ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, 'स्थिति चिंताजनक है क्योंकि संक्रमण तेजी से फैल रहा है। यह कई क्षेत्रों में फैल रहा है। इसलिए सभी को एकजुट होना होगा।'उन्होंने कहा, 'हम अभी नहीं कह सकते कि स्थिति नियंत्रण में है।' स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि इबोला वायरस के बुंडीबुग्यो प्रकार से निपटने के लिए कोई टीका या दवा उपलब्ध नहीं है, जो पहली ज्ञात मौत के बाद हफ्तों तक बिना पता चले फैलता रहा। इबोला वायरस के संक्रमण से अब तक 139 संदिग्ध मौतें हुई हैं और लगभग 600 संदिग्ध मामले सामने आए हैं।

ऑफ बीट

कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

साइप्रस में शूट होने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनेगी इश्का...

मुंबई। अंजलि भूषण मागो ने गुरुवार को अपनी फीचर फिल्म 'इश्का' की घोषणा कर दी है। करण जौहर की फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली अंजली भूषण मागो जल्द ही अपनी पहली फिल्म पर काम शुरू करेंगी। 'इश्का' नाम से बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी। खास बात यह है कि ये पहली ऐसी फिल्म होगी जो साइप्रस में शूट होगी। इस बारे में फिल्म के मेकर्स और साइप्रस के अधिकारियों ने शेयर की है। फिल्म 'इश्का' की शूटिंग पर साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने भी खुशी जताई।

लाइफ Style

रुचि

चेहरा छुपाकर उठाई घूंघट प्रथा के खिलाफ आवाज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस रुचि गुज्जर ने हाल ही कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की और छा गईं। दरअसल, वह राजस्थानी लिबास पहने और घूंघट निकाले रेड कार्पेट पर नजर आईं, जिसने दुनियाभर का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने सदियों पुरानी घूंघट की प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई, जो भारत के कई हिस्सों में अभी भी चली आ रही है।

रुचि गुज्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस घूंघट प्रथा को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया, ताकि महिलाओं की स्वतंत्रता और समानता को बढ़ावा मिल सके। इंटरनेट की दुनिया में रुचि गुज्जर के इस कदम की खूब तारीफ हो रही है। राजस्थान की रहने वालीं रुचि गुज्जर ने कान फिल्म फेस्टिवल से ग्लोबल इवेंट को फैशन के बजाय अहम सामाजिक मुद्दे के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इस्तेमाल किया। इस कारण हर कोई उनका मुरीद हो गया है। लोगों ने उनके निडर स्वभाव और आत्मविश्वास की जमकर तारीफ की है। हर कोई जानना चाह रहा है कि आखिर रुचि गुज्जर कौन हैं? कान के दौरान बातचीत में रुचि गुज्जर ने कहा, 'घूंघट कभी भी महिलाओं की पहचान नहीं बनना चाहिए। समाज में महिलाओं को समान स्वतंत्रता, सम्मान और अवसर मिलने चाहिए। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के लिए हमेशा साहसिक निर्णय लिए हैं, और मुझे उम्मीद है कि जबरन घूंघट प्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे।' रुचि गुज्जर ने यह भी कहा कि उन्होंने घूंघट चुप रहने के लिए नहीं पहना, बल्कि विरोध के रूप में पहना।

हॉलीवुड मसाला

ही- मैन एंड... का हिंदी ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। 'ही-मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' भारत में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में रिलीज होगी। जहां अंग्रेजी ट्रेलर ने पहले ही फैंस को इटर्निया की दुनिया की रोमांचक झलक दिखाई थी, वहीं नया हिंदी ट्रेलर कुछ और भी खास लेकर आया है। इसमें खुलासा हुआ है कि जावेद जाफरी एक बार फिर अपनी आवाज से विलन स्केलेटर को जीवंत कर रहे हैं। इस बार उनके साथ उनके बेटे मीजान जाफरी भी जुड़े हैं, जो स्क्रीन पर निकोलस गैलिट्जीन द्वारा निभाए गए ही-मैन को अपनी आवाज दे रहे हैं।

तीन दशक बाद अलग हुआ बार्बी गर्ल गाना बनाने वाला बैंड एक्वा

लॉस एंजिल्स। पॉपुलर सांग 'बार्बी गर्ल' को दुनिया भर के फैंस ने काफी प्यार दिया था। इसके साथ ही डेनमार्क के यूरोडांस समूह 'एक्वा' एक ब्रांड के तौर पर उभरा था। मगर अब लाइव बैंड के रूप में काम न करने का फैसला किया है। सोशल मीडिया के जरिए बैंड ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की। डेनमार्क स्थित यूरोडांस समूह 'एक्वा' ने लगभग तीस साल बाद बैंड की समाप्ति की जानकारी फैंस को दे दी है। 1997 में रिलीज हुए गाने 'बार्बी गर्ल' से सफलता पाने वाले यह बैंड दुनियाभर में मशहूर था। 18 मई को इस खबर को प्रशंसकों से साझा करते हुए कहा,'अलविदा कहने का यह सही समय है। जबकि संगीत ,कहानी और एक-दूसरे के प्रति हमारा प्यार बरकरार है। कई शानदार वर्षों के बाद हमने इसके लाइव बैंड के रूप में 'एक्वा' को समाप्त करने का फैसला लिया है।' 'एक्वा' बैंड के सदस्य निस्ट्रॉम, रेने डिफ और सोरेन रास्टेड ने अपनी पोस्ट में फैंस का शुक्रिया कहा।



मिस यूनिवर्स जीत के 32 साल का जश्न

मुंबई। सुष्मिता सेन ने 32 साल पहले मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। उसी खास पल को उन्होंने याद करते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। साल 1994 में सिर्फ 18 साल की उम्र में सुष्मिता ने यह इतिहास रचा था। वह मिस यूनिवर्स का ताज पहनने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। सुष्मिता ने इस खास तस्वीर के साथ पुरानी यादों को शेयर करते हुए लिखा, 'मैं इस बात के लिए बहुत आभारी हूं कि पिछले 32 साल से मेरे चेहरे पर यह मुस्कान बनी हुई है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं। फिलीपींस में बिताया वह समय मुझे हमेशा याद रहेगा। आप सभी को मेरा बहुत प्यार।' 1994 की मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में सुष्मिता सेन ने दुनिया भर की 76 सुंदरियों को पीछे छोड़कर यह खिताब जीता था।

जेल में कैद बॉबी ने लूटा मजमा...

मुंबई। बॉबी देओल कॅरियर की दूसरी पारी में लीक से हटकर किरदार कर रहे हैं। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर में बॉबी देओल एक बार फिर से इंटेंस रोल में दिख रहे हैं। ट्रेलर में बॉबी ने मजमा लूट लिया है। फिल्म के ट्रेलर में उनके किरदार में कई शेड्स नजर आ रहे हैं। फिल्म बंदर के ट्रेलर की शुरुआत बॉबी देओल के किरदार के साथ होती है, जो कम उम्र की लड़कियों को डेट करता है। लेकिन, एक लड़की से मुलाकात उसकी जिंदगी बदल देती है। उसे सलाखों के पीछे धकेल देती है। बॉबी देओल का किरदार खुद को बेगुनाह कहता है, लेकिन कोई उसकी नहीं सुनता है। बंदर के ट्रेलर को देखकर लगता है कि यह कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप पर आधारित है। बॉबी का किरदार इस वजह से जेल भी जाता है। जेल के बुरे अनुभवों से वो गुजरता है।

टीवी मसाला

नए टीवी शोज की वजह से अनुपमा को लगा झटका

नई दिल्ली। इन दिनों कई पुराने और नए टीवी शोज दर्शकों को पसंद आ रहे हैं। 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट और इनकी रेटिंग सामने आ चुकी है। स्मृति ईरानी का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' सभी दर्शकों का पसंदीदा टीवी शो रहा है। लेकिन, अब नए शोज ने इन सबसे चर्चित सीरियल्स को पछाड़ दिया है और दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। इन दिनों दर्शकों को पुराने चर्चित शो की जगह नए सीरियल्स ज्यादा पसंद आ रहे हैं। इस लिस्ट में सबसे ऊपर है टीवी शो- वसुधा। दर्शक वसुधा शो को सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि इस शो ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और 'अनुपमा' जैसे सबसे चर्चित शोज को पछाड़ दिया है। 'वसुधा' सीरियल ने 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में पहले नंबर पर जगह बनाई है। इसे 1.8 टीआरपी मिली है। 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में भी एक नए शो ने अपनी जगह बनाई है। इस शो का नाम है- 'गंगा माई की बेटियां'। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'गंगा माई की बेटियां' को 1.7 की रेटिंग मिली है। इस शो को पिछले हफ्ते भी यही रेटिंग और स्थान मिला था। टीवी शो 'गंगा माई की बेटियां' इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट में दूसरे स्थान पर है। स्मृति ईरानी का सबसे चर्चित टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 1.6 की रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इसे 1.7 की रेटिंग मिली थी। चौथे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसे भी 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की तरह 1.6 की रेटिंग मिली है। रुपाली गांगुली का सबसे चर्चित टीवी सीरियल शो 'अनुपमा' इस हफ्ते पांचवें नंबर पर है। 18वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसकी टीआरपी रेटिंग 1.5 है।

'तुम मोटी हो, तुम यहां क्यों बैठी हो?'

नई दिल्ली। जानी-मानी कोरियोग्राफर और टीवी जज गीता कपूर जल्द ही रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' में नजर आने वाली हैं। शो के शुरू होने से पहले गीता कपूर ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग, बॉडी शेमिंग और रियलिटी शोज की स्क्रिप्टिंग को लेकर खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि टीवी के शुरुआती दिनों में लोगों की बातें उन्हें काफी प्रभावित करती थीं। गीता कपूर ने कहा, 'जब हम पहली बार टीवी पर आए थे, तब सोशल मीडिया इतना बड़ा नहीं था, लेकिन तब भी हेट मेल आते थे। शुरुआत में मुझे बहुत फर्क पड़ता था। लोग कहते थे, 'तुम मोटी हो, 'तुम यहां क्यों बैठी हो?', 'तुम खुद को डांसर कैसे कह सकती हो?' खासकर इसलिए क्योंकि मैं दो फिट और गुड लुकिंग पुरुषों के बीच बैठती थी। मेरे हिसाब से मैं फिट थी, लेकिन हर किसी का नजरिया अलग होता है।'

खेती का फर्स्ट लुक जारी, डर और सस्पेंस से भरी दिखी पहली झलक

मुंबई। अभिनेता जैकी श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म 'खेती' का फर्स्ट लुक मेकर्स ने जारी कर दिया है। फिल्म हॉरर स्टोरी पर बेस्ड है। पोस्टर से फिल्म काफी सस्पेंसफुल और डरावनी नजर आ रही है। इसके साथ ही यह किसी गांव की पृष्टभूमि पर आधिरित कहानी लग रही है। फिल्म खेती अपने पोस्टर से ही काफी डर पैदा करती है। पोस्टर में चारों तरफ खेत हैं। इन्हीं के बीच में एक चेहरा दिखाई दे रहा है। जो स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई देता कि किसका है। मगर एक डार्क वाइब क्रिएट करता है। फिल्म खेती में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इसके साथ ही छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री नेहा सरगम भी इस फिल्म से बड़े पर्दे पर दिखाई देंगी। इसके अलावा वीरेंद्र सक्सेना, शाजी चौधरी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। हालांकि अभी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है। फिल्म खेती के पहले

जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का फैंस को इंतजार है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी।

हसरत ने हिंदू प्रेमिका की शादी वाले दिन लिखा था 'दिल के झरोखे में' गाना...

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के दिग्गज लिरिसिस्ट कुछ ऐसे गाने लिख गए जिन पर आज भी चर्चा होती है। ऐसा ही एक गाना है हसरत जयपुरी का लिखा गाना दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर। यह गाना शम्मी कपूर पर फिल्माया गया है। वह शूट के वक्त मुश्किल से अपने आंसू रोक पाए थे। कम लोग जानते हैं कि हसरत जयपुरी ने जिस दिन यह गाना लिखा था, उनकी प्रेमिका की शादी थी। वह जिसे पसंद करते थे वह हिंदू थी। धर्म की वजह से दोनों नहीं मिल सके और उसकी डोली उठी तो हसरत ने उसकी यादों को दुल्हन बनाकर दिल के पास रखने का फैसला लिया।

जब शम्मी कपूर नहीं रोक पाए अपने आंसू

इस गाने की शूटिंग से जुड़ा किस्सा भी इंट्रेस्टिंग है। इंडियन आइडल के एपिसोड में मनोज मुंतशिर ने बताया था कि गाना गाने के लिए शम्मी कपूर ने पहले मना कर दिया था। उन्होंने जब गाना सुना तो इस सिचुएशन को विजुअलाइज किया। वह इमोशंस कंट्रोल नहीं कर पाए और उनके आंसू आने लगे। उन्होंने गाना सुनकर मना कर दिया और बोले, प्लीज इसे बदल दो। दरअस,ल इस सीन में उनको रोना नहीं था। शम्मी को लग रहा था कि सीन में घुस गए तो आंसू रोकना मुश्किल हो जाएगा।

लड़कपन में लिखा था गाना

हसरत जयपुरी ने हिंदी सिनेमा को कई बेहतरीन गाने दिए। वह छोटी उम्र से ही गीत लिखने लगे थे। जब बड़े हुए तो कच्ची उम्र के प्यार के दौरान लिखे गए गाने उन्होंने फिल्मों में दे दिए। ऐसा ही एक गाना था दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर। हसरत जयपुरी को उनके पड़ोस में रहने वाली लड़की से प्यार था। उस जमाने का प्यार बस आंखों-आंखों में और लव-लेटर वाला होता था। हसरत राधा के लिए लव-लेटर और गाने लिखते, लेकिन दे नहीं पाते थे। इसी डर में उन्होंने लिख डाला था, ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर कि तुम नाराज ना होना।

धर्म की वजह से नहीं बनी बात

दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। लेकिन धर्म अलग था तो राहें अलग होनी ही थीं। एक दिन आया जब राधा की शादी हो गई। हसरत को कुछ कर नहीं सकते थे, लेकिन अपने दर्द को उन्होंने गाने का रूप दिया। उन्होंने लिखा, दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर, यादों को तेरी मैं दुल्हन बनाकर, रखूंगा मैं दिल के पास, मत हो मेरी जां उदास...शम्मी कपूर की फिल्म ब्रह्मचारी की सिचुएशन पर यह गाना फिट बैठ गया। हसरत ने यह गाना दिया।

मनोरंजन का लगेगा मेला, वीकेंड में लोगों की दूर होगी बोरियत

आज ओटीटी और थिएटर्स में आएंगी ये फिल्में-सीरीज

नई दिल्ली। हर शुक्रवार सिने प्रेमियों के लिए बेहद स्पेशल होता है। फ्राइडे टू फ्राइडे न सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर फिल्मों और सीरीज का भूचाल आता है, बल्कि सिनेमाघर भी नई-नई मूवीज के साथ जगमगा उठते हैं। तो चलिए देर किस बात की है, फटाफट से देख लेते हैं मई के चौथे शुक्रवार की रिलीज की पूरी लिस्ट, ताकि इस चिलचिलाती गर्मी में आपको घर से बाहर न निकलना पड़े और वीकेंड पर आपकी बोरियत भी दूर हो जाए।

सिस्टम : सिस्टम एक कोर्टरूम थ्रिलर ड्रामा है, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा और नेहा राजवंश मुख्य भूमिका में हैं, जो सरकारी वकील बने हैं। 10 हाई प्रोफाइल मामलों को जीतने और अपने पापा की लॉ फर्म को सिक्योर करने के लिए वह सारिका रावत (ज्योतिका) के साथ एक अलाइंस बनाते हैं। साथ मिलकर किसी तरह वह सिस्टम में रहकर अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं, कहानी इस बारे में हैं। रिलीज डेट- 22 मई, टफॉर्म- अमेजन प्राइम वीडियो, जॉनर- कोर्टरूम ड्रामा।

मधुविधु : मलयालम भाषा में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म अमुथाराज की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बैचलर है और एक अव्यवस्थित मेल हाउस में रहता है। उसकी दुनिया तब घूमती है, जब उसे स्नेहा नाम की लड़की से मोहब्बत हो जाती है। वह इंटरफेथ मैरिज को लेकर आने वाली मुश्किलों को तो पार कर लेते हैं, लेकिन फिर उन्हें पुरुषों से भरे हाउस में आगे की जिंदगी जीने में परेशानी आती है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सोनी लिव, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।

वॉरंट : वॉरंट एक छोटे से कस्बे के कांस्टेबल कोट्टई करप्पुसामी की कहानी है। कोट्टई को उसके घर के बड़ों ने हमेशा बुली किया और साथ ही उसका अपमान किया। कई सालों तक यह दर्द झेलने के बाद वह एक क्रूर अपराधी में बदल जाता है, जिसका अंत बेहद दर्दनाक होता है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- जी5, जॉनर- क्राइम ड्रामा।

चांद मेरा दिल : अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की जोड़ी बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए बिल्कुल तैयार है। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस रोमांटिक ड्रामा कहानी में दो इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की कॉलेज की जर्नी से लेकर एडल्टहुड तक के खूबसूरत सफर को दिखाया गया है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सिनेमाहॉल, जॉनर- रोमांटिक ड्रामा।

स्टार वॉर्स: द मंडलोरियन एंड ग्रोगु : जॉन फेवरोऊ के निर्देशन में बनी स्टार वॉर्स: द मंडलोरियन एंड ग्रोगु को स्पेशल तौर पर आईमैक्स के लिए तैयार किया गया है। यह डिज्नी की लोकप्रिय सीरीज की कहानी को आगे बढाती है, जिसमें बाउंटी हंटर डिन जारिन और उसका छोटा सा साथी ग्रोगु एक खतरनाक मिशन पर निकलते हैं। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सिनेमाहॉल, जॉनर- वॉर ड्रामा।

लेडीज फर्स्ट *: महिलाओं के बीच लोकप्रिय डेमियन की जिंदगी तब पूरी तरह से उथल-पुथल होती है, जब वह दूसरी दुनिया में जाकर वह खुद को एक महिला के साथ पाता है, जो उसे डोमिनेट करती है। नियमों के बदलाव के साथ डेमियन को अपनी सख्त बॉस, एलेक्स फॉक्स का सामना करना पड़ता है, जो दूसरी दुनिया में उसके अंडर में काम करने वाली एम्पलॉय है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- डार्क कॉमेडी ड्रामा।*

गैबी डॉलहाउस: द मूवी *: इन गैबी डॉलहाउस: द मूवी की कहानी ग्रैंडमा गीगी और गैबी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कैट फ्रांसिस्को के लिए ट्रेवल करते हैं। यात्रा के दौरान गैबी की मैजिकल डॉल खिसककर कहीं दूर चली जाती है और उसे एक व्यवसायी बिल्ली खरीद लेती है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- एनिमेटेड म्यूजिकल फैंटेसी कॉमेडी।*

स्कायमेड सीजन 4 *: स्कायमेड के नए सीजन में कहानी उत्तरी कनाडा के मुख्य इलाके में तैनात एक एयर एम्बुलेंस क्रू की कहानी इस सीजन में आगे बढ़ेगी, जहां वह कॉर्पोरेट के उन बॉस के खिलाफ लड़ते हैं, जो पेशेंट से ज्यादा प्रॉफिट को वैल्यू करते हैं। रिलीज डेट-22 मई, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- मेडिकल ड्रामा।*

पांच देशों की यात्रा में पीएम मोदी ने दिए खास उपहार

भारत की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक कला को वैश्विक मंच पर विशेष पहचान मिली, कई जीआई उत्पादों का विशेष महत्व बतलाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की अपनी पांच देशों की यात्रा पूरी कर ली। इस दौरे के दौरान भारत की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कला और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर विशेष पहचान मिली। पीएम मोदी ने विभिन्न देशों के नेताओं को भारत की विविध परंपराओं और हस्तशिल्प से जुड़े खास उपहार भेंट किए।

इटली: पीएम मेलोनी को मूगा सिल्क स्टोल

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को पीएम मोदी ने असम की प्रसिद्ध मूगा सिल्क स्टोल भेंट की। गोल्डन सिल्क के नाम से मशहूर मूगा सिल्क पूर्वोत्तर भारत की ब्रह्मपुत्र घाटी की एक दुर्लभ और प्रतिष्ठित पारंपरिक विरासत मानी जाती है। मूगा सिल्क दुनिया के सबसे मजबूत प्राकृतिक रेशों में गिनी जाती है और इसकी चमक समय के साथ और निखरती जाती है।

शिरुई लिली सिल्क भी की भेंट

पीएम मोदी ने मेलोनी को शिरुई लिली सिल्क स्टोल भी भेंट की। यह स्टोल मणिपुर के शिरुई काशोंग पर्वत की धुंध भरी पहाड़ियों से प्रेरित है। इसका डिजाइन दुर्लभ शिरुई लिली फूल पर आधारित है, जो हल्के गुलाबी-सफेद रंग की घंटी के आकार वाली एक विशेष प्रजाति है और दुनिया में केवल मणिपुर में ही पाई जाती है।

इटली: राष्ट्रपति सर्जियो को मार्बल इनले वर्क बॉक्स

इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला को पीएम मोदी ने आगरा की प्रसिद्ध पच्चीकारी कला से बना मार्बल इनले वर्क बॉक्स और पंडित भीमसेन जोशी व एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की सीडी भेंट की। पच्चीकारी या पिएत्रा ड्यूरा कला की शुरुआत इटली के फ्लोरेंस शहर से मानी जाती है, जो बाद में भारत में शाही संरक्षण के तहत विकसित हुई।

यूएई: राष्ट्रपति नाहयान को गुजराती केसर आम

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को पीएम मोदी ने गुजरात के जीआई टैग वाले केसर आम भेंट किए। क्वीन ऑफ मैंगोज कहलाने वाला यह आम गुजरात के जूनागढ़ क्षेत्र से जुड़ा है और अपने केसरिया रंग, बिना रेशों वाले गूदे और खास सुगंध के लिए प्रसिद्ध है।

यूएई के क्राउन प्रिंस को दी कटार

यूएई के क्राउन प्रिंस को पीएम मोदी ने राजस्थान की पारंपरिक कोफ्तगिरी कला से सजी औपचारिक कटार भेंट की। यह विशेष कटार भारत की युद्धक और कलात्मक विरासत का प्रतीक मानी जाती है। उदयपुर के सिकलीगर और पारंपरिक धातु शिल्पकार इस कला में स्टील पर सोने और चांदी की महीन तारों से फूलों और ज्यामितीय आकृतियों की नक्काशी करते हैं।

पीएम स्टोरे को ऑर्किड पेंटिंग

नॉर्वे के पीएम जोनास गहर स्टोरे को पीएम मोदी ने प्रेस्ड ऑर्किड पेंटिंग और ऑर्किड पेपरवेट्स उपहार में दिए। सिक्किम की धुंध भरी घाटियों से लाए गए असली ऑर्किड और फर्न से तैयार ये कलाकृतियां पूर्वी हिमालय की जैव विविधता को दर्शाती हैं।

नीदरलैंड: पीएम जेटेन को मधुबनी पेंटिंग

पीएम मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन को मछली की आकृति वाली मधुबनी पेंटिंग भेंट की। मिथिला क्षेत्र की जीआई-टैग्ड मधुबनी कला अपनी ज्यामितीय आकृतियों और चमकीले रंगों के लिए प्रसिद्ध है। पारंपरिक रूप से महिलाओं द्वारा बनाई जाने वाली यह कला त्योहारों, विवाह और धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल होती रही है। भारतीय लोककथाओं और पौराणिक कथाओं से प्रेरित इस कला में फूल, पेड़, पक्षी और मछली जैसे प्रतीकों का विशेष महत्व होता है।

खबर संक्षेप

डीआरआई ने जब्त की 120 करोड़ की ई-सिगरेट

नई दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने प्रतिबंधित निकोटीन उत्पादों के अवैध आयात के विरूद्ध एक बड़ी कार्रवाई में पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल के कई बंदरगाहों, हवाई अड्डों में चलाए गए अपने अभियानों में व्यापक स्तर पर विभिन्न ब्रांडों, स्वादों और विशिष्टताओं की लगभग 3,00,000 इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट/ वेप्स जब्त की गईं, जिनकी कीमत 120 करोड़ रुपए से अधिक है।

यूक्रेन का रूस की तेल रिफाइनरी पर हमला

कीव। यूक्रेन ने बुधवार रात ड्रोन हमले कर रूस के अंदरुनी इलाके में तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, जिससे उसमें आग लग गई और धुएं का गुबार देखा गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यह दावा किया। यूक्रेन द्वारा रूस के महत्वपूर्ण तेल उद्योग पर लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों से हमला करने की यह नवीनतम घटना है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कथित हमले का एक वीडियो साझा किया है।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 ने रचा सेवा, संस्कार, सामाजिक सरोकार और मित्रता का स्वर्णिम इतिहास

जबलपुर। रोटरी वर्ष 2025-26 में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 ने प्रांतपाल रोटे अमित पल्लवी जायसवाल के कुशल नेतृत्व में सेवा, सामाजिक सरोकार एवं जनहित कार्यों के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित करते हुए रोटरी की एक नई पहचान स्थापित की। डिस्ट्रिक्ट 3261 के अंतर्गत (मप्र, छग व उड़ीसा) 100 से अधिक रोटरी क्लबों ने रोटरी के प्रमुख सात कार्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर समाज के हर वर्ग तक सेवा कार्यों की मजबूत छाप छोड़ी। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पूरे डिस्ट्रिक्ट में 51,000 से अधिक पौधों का रोपण कर हरित भविष्य की मजबूत पहल की गई। वहीं शिक्षा एवं प्रतिभा प्रोत्साहन के उद्देश्य से 25,000 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए खेल एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया गया।

स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के जीवन को संबल देने हेतु विशाल रक्तदान अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत पूरे डिस्ट्रिक्ट में आयोजित शिविरों से 5,000 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित कर शासकीय ब्लड बैंकों को उपलब्ध कराया गया। वर्तमान रोटरी वर्ष की उपलब्धियों की विस्तृत रिपोर्ट रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन रोटे नितिन जैन द्वारा मीडिया से साझा की गई। शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न क्लबों द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा सामग्री, कंप्यूटर लैब, स्कूल फर्नीचर एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए। साथ ही जबलपुर की नेत्रहीन कन्याशाला हेतु प्रांतपाल द्वारा विशेष आर्थिक सहयोग प्रदान कर संवेदनशील सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया गया।विद्यार्थियों के मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. ईला गुप्ता के सहयोग से मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं ओड़िशा के अनेक स्कूलों एवं कॉलेजों में विशेष मोटिवेशनल एवं काउंसलिंग सत्र आयोजित किए गए, जिससे 4000 से अधिक छात्र-छात्राओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन एवं नई दिशा का संचार हुआ।

रोटरी फाउंडेशन हेतु एक लाख डॉलर से अधिक का योगदान एकत्रित कर डिस्ट्रिक्ट ने वैश्विक सेवा कार्यों में भी अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त एम्बुलेंस, स्कूल बस, व्हीलचेयर, स्कूल फर्नीचर एवं अन्य जनोपयोगी संसाधन उपलब्ध कराने में भी डिस्ट्रिक्ट निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।रोटरी वर्ष 2025-26 को ऐतिहासिक सफलता दिलाने में टीम अमित (असीम मित्रता की ताकत) के मजबूत आधार स्तंभ डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटे सोमनाथ अग्रवाल, रोटे सुशील रामदास अग्रवाल, रोटे अजित खंडेलवाल सहित डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम के रोटे नवीन भवसार, रोटे अंजुल जैन, रोटे परवेज अली, रोटे कमलजीत छाबड़ा, रोटे गौरव जिंदल, असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, सिटी कोऑर्डिनेटर, क्लब अध्यक्ष, सचिव एवं डिस्ट्रिक्ट के 3000 से अधिक रोटरी सदस्यों का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

इसी सेवा, रोटरी के प्रति समर्पण, संगठन शक्ति एवं मित्रता का परिणाम रहा कि इस वर्ष रायपुर में आयोजित वार्षिक डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में 1200 से अधिक रोटरी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज हुई, जो अब तक का सबसे बड़ा डिस्ट्रिक्ट रिकॉर्ड माना जा रहा है। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 का यह स्वर्णिम सेवा वर्ष समाजसेवा, संगठन क्षमता, मानवीय मूल्यों एवं मित्रता की नई मिसाल बनकर उभरा है। डिस्ट्रिक्ट ने सेवा के साथ-साथ सामाजिक समरसता, संगठनात्मक मजबूती और आपसी मित्रता के नए आयाम स्थापित किए हैं।वर्तमान रोटरी वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिपूर्ण कार्य करने वाले क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं पूरी टीम को सम्मानित करने हेतु 7 जून को रायपुर में "आभार मित्रों का" सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी को सम्मान चिन्ह प्रदान कर भविष्य में भी समाजहित एवं सेवा कार्यों में निरंतर योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

झारखंड में 27 नक्सलियों का सरेंडर छत्तीसगढ़ में दो कमांडरों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/रांची

झारखंड में नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की ओर से आज एक बड़ा कदम उठाया गया है। झारखंड में 'ऑपरेशन नवजीवन' को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां 27 नक्सलियों ने गुरुवार को सरेंडर कर दिया। इस तरह से प्रदेश में अब नक्सलवाद लगभग खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। यह बताना लाजिमी है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है, लेकिन दो टॉप लीडर की अभी भी तालाश की जा रही है। यहां थोक में सरेंडर हुए हैं। खबर के अनुसार झारखंड में नक्सलियों ने हथियारों और गोलियों के साथ आत्मसमर्पण किया है। झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा की उपस्थिति में गुरुवार को यहां पुलिस के समक्ष कुल 27 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया।

बच्चे के साथ महिला ने किया समर्पण

नक्सलियों ने हथियारों और गोलियों के साथ आत्मसमर्पण किया है। इनमें कई महिला नक्सली भी शामिल हैं। एक महिला नक्सली जब आमत्समर्पण के लिए आई तो उनके गोद में एक साल से भी छोटा बच्चा था। झारखंड में नक्सलवाद अंतिम सांस ले रहा है।

1 करोड़ के इनामी मिसिर के करीबियों ने भी छोड़े हथियार

झारखंड का सबसे कुख्यात माने जाने वाला नक्सली मिसिर बेसरा ने अभी तक हथियार नहीं डाले हैं। इस पर 1 करोड़ का इनाम है। हालांकि सरेंडर करने वालों में 25 केंद्रीय कमेटी के सदस्य हैं। इनमें बेसरा और असीम मंडल की टीम के टॉप कमांडर और मारक दस्ता के सदस्य हैं। बताया जा रहा है कि ये आतंकी कोल्हान और सारंडा के जंगलों में एक्टिव थे।

छत्तीसगढ़ में टॉप लीडर गणपति व मिसिर की तलाश

नक्सल संगठन के टॉप लीडर गणपति व मिसिर बेसरा के लोकेशन एवं पहचान सुनिश्चित कर उन तक पहुंचने के लिए सुरक्षा एजेंसियां रणनीति बना रही हैं। वर्तमान में नक्सल संगठन में गणपति उर्फ रमन्ना उर्फ मुपल्ला लक्ष्मण राव पोलित ब्यूरो मेंबर व सलाहकार सेण्ट्रल कमेटी तथा मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल पोलित ब्यूरो मेंबर के अलावा इंचार्ज ईआरबी व मिलिट्री है।

अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स समिट में मंत्री गोयल बोले

अमेरिकी से 60 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश दोनों देशों के बीच 'विश्वास' का प्रतीक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में आयोजित अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स के वार्षिक लीडरशिप समिट को संबोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमेरिका स्वाभाविक साझेदार के रूप में काम कर रहे हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग, विश्वास तथा साझा आर्थिक हित लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, रक्षा, डिजिटल डेटा केंद्र, क्वांटम कंप्यूटिंग और चिकित्सा उपकरण जैसे क्षेत्रों में दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं।

निवेश में बड़ी कंपनियों के डेटा सेंटर शामिल

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

पीयूष गोयल ने कहा कि पिछले छह महीनों में अमेरिकी उद्योग से 60 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ है। इसमें अमेजन और गूगल जैसी कंपनियों के बड़े डेटा सेंटर निवेश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक कंपनियों को विश्वसनीय ढांचा, विशाल बाजार, प्रतिभाशाली मानव संसाधन और बड़े पैमाने पर अवसर उपलब्ध करा रहा है।

अमेरिका का भरोसेमंद साझेदार बना भारत

पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका ऐसे साझेदार की तलाश में है जो समय पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करा सके और भारत ने यह क्षमता साबित की है। उन्होंने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करते हुए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भरोसेमंद भागीदार के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाओं में प्रतिस्पर्धा कम और पूरकता अधिक है, जिससे भविष्य की मजबूत और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण संभव हो रहा है।

कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026

कंप्यूटरीकृत ड्रॉ से 1000 यात्रियों का किया चयन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 के लिए यात्रियों के चयन के लिए कंप्यूटरीकृत ड्रॉ निकाला। कुल एक हजार यात्री 20 जत्थों में यात्रा करेंगे। कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 जून में शुरू होगी और अगस्त में समाप्त होगी।

इस बार कुल 1000 यात्रियों का चयन निष्पक्ष, कंप्यूटर आधारित और महिला-पुरुष संतुलित प्रक्रिया के तहत किया गया है। चयनित यात्री 20 जत्थों में यात्रा करेंगे। हर जत्थे में 50 यात्री होंगे। यात्रा लिपुलेख और नाथू ला दर्रों के रास्ते कराई जाएगी। दोनों रास्ते अब पूरी तरह मोटर योग्य हैं और इनमें बहुत कम पैदल चलना पड़ेगा। यात्रा मार्ग और जत्थों की जानकारी यात्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयनित यात्रियों को एसएमएस और ईमेल के जरिये सूचना भेज दी गई है। यात्री kmy.gov.in वेबसाइट पर लॉग इन कर अपने चयन की स्थिति देख सकते हैं। इसके अलावा, हेल्पलाइन नंबर 011-23088214 पर भी जानकारी ली जा सकती है।

विदेश मंत्री जयशंकर ड्रॉ निकालते हुए

भारतीय नौसेना युद्धपोत 'संघमित्रा' का लोकार्पण

कोलकाता। भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जा रहे अगली पीढ़ी के ऑफशोर पेट्रोल वेसल 'संघमित्रा' का बुधवार को गार्डन रिच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता में भव्य समारोह के दौरान लॉन्च किया गया। यार्ड 3039 नामक इस युद्धपोत का लॉन्च सरिता वात्सायन ने किया। इस अवसर पर नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्सायन समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस पोत का नाम 'संघमित्रा' सम्राट अशोक की पुत्री के नाम पर रखा गया है। जहाज के प्रतीक चिन्ह में सप्तऋषि तारामंडल और लाल-सफेद रंग के प्रकाश स्तंभ को दर्शाया गया है। स्वदेशी तकनीक से डिजाइन और निर्मित ये युद्धपोत समुद्री निगरानी, खोज एवं बचाव अभियान, अपतटीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान और समुद्री डकैती रोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मोजतबा खामेनेई ने दिए सख्त निर्देश, ईरान से बाहर नहीं जाएगा यूरेनियम भंडार

ट्रंप की धमकी के बावजूद तेहरान ने खारिज की यूएस की मांग

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

तेहरान और वाशिंगटन के बीच कूटनीतिक तनाव जारी है। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने आदेश दिया है कि संवर्धित यूरेनियम का भंडार देश से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस तरह उन्होंने अमेरिका के शांति वार्ता में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख मांग को खारिज कर दिया है। दूसरी ओर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि दबाव और युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ईरान ने लगातार अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान किया है और युद्ध से बचने के लिए हर संभव प्रयास किया है, हमारी ओर से सभी रास्ते खुले हैं। ईरान हमेशा बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है, लेकिन जबरदस्ती आत्मसमर्पण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ईरानी राष्ट्रपति बोले - दबाव और युद्ध समस्या का समाधान नहीं

समझौता नहीं तो कड़ी कार्रवाई तय: ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप

मोजतबा खामनेई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ अंतिम चरण में है और यदि ईरान ने डील पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो अमेरिका कठोर और अप्रिय कदम उठा सकता है। ट्रंप ने कहा कि हम ईरान के साथ अंतिम चरण में हैं। देखते हैं क्या होता है। या तो वे एक डील करेंगे या फिर हम कुछ ऐसी चीजें करेंगे जो थोड़ी कठोर होंगी, लेकिन उम्मीद है कि ऐसा नहीं होगा।

बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनाया सख्त रुख

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सख्य रुख अपनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि वह तब तक शत्रुता समाप्त करने पर विचार नहीं करेंगे, जब तक संवर्धित यूरेनियम को पूरी तरह ईरानी नियंत्रण से बाहर नहीं कर दिया जाता है, जब तक ईरान अपने समर्थित क्षेत्रीय लड़ाकू समूहों को वित्तीय समर्थन देना पूरी तरह बंद नहीं करता है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली को पूरी तरह खत्म नहीं कर देता है।

अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव गुरुवार को पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50-47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रंप सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रंप इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है।

यूएन में भारत का पाकिस्तान पर तीखा

अफगान नागरिकों पर हमलों को बताया अमानवीय, 'रमजान' में भी नहीं बक्शा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने पाकिस्तान की दोहरी नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह एक तरफ अंतरराष्ट्रीय कानून की बात करता है जबकि दूसरी तरफ अफगानिस्तान में आम नागरिकों को बेरहमी से मारता है। यह हमले इस्लाम के पवित्र महीने रमजान के दौरान किए गए और उन लोगों को निशाना बनाया गया जो शाम की नमाज के बाद मस्जिद से बाहर निकल रहे थे। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने सुरक्षा परिषद में कहा कि अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बताया है कि 2026 के पहले तीन महीनों में पाकिस्तान की सेना की ओर से की गई सीमा पार सैन्य कार्रवाई में 750 आम नागरिक मारे गए या घायल हुए। इनमें ज्यादातर घटनाएं हवाई हमलों की वजह से हुईं। चीन की अध्यक्षता में आयोजित 'सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा' विषय पर खुली बहस में हिस्सा लेते हुए हरीश ने कहा कि दुनिया पाकिस्तान के प्रचार को अच्छी तरह समझती है। उसमें न भरोसा है, न कानून का सम्मान।

खबर संक्षेप

टाटा फाउंडेशन करीब 200 गांवों तक पहुंचा

मुंबई। टाटा मोटर्स फाउंडेशन ने अपने प्रमुख इंटीग्रेटेड विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम को देशभर के करीब 200 गांवों तक बढ़ा दिया है। यह कार्यक्रम अब 5 राज्यों की 103 ग्राम पंचायतों में चल रहा है और देश के कृषि-प्रधान क्षेत्रों में विकास को गति दे रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान इस कार्यक्रम से 1.15 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिला। करीब 20 करोड़ रुपए मूल्य की 50 सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के साथ तालमेल बनाकर जमीनी स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था और संस्थागत ढांचे को मजबूत किया गया।

सोनाटा ने लांच किया वैडिंग कैंपेन ग्रो टुगेदर

मुंबई। वॉच ब्राण्ड सोनाटा ने वैडिंग कैंपेन 'ग्रो, टुगेदर'पेश की है। ब्राण्ड ने अपने विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए नए वैडिंग वॉच कलेक्शन का भी लांच किया है। सोनाटा वॉचेज़ के पिछले कैंपेन 'ड्रीम, टुगेदर' की भावनात्मक विरासत को आगे बढ़ाते हुए नया कैंपेन शादी के दिन से आगे बढ़कर उन जोड़ों का जश्न मनाता है जो जीवन की यात्रा एवं व्यक्तिगत विकास में एक दूसरे को सहयोग प्रदान करते हैं। इस कैंपेन के केन्द्र है फोटोग्राफर जोसेफ राधिक एवं वैडिंग डिजाइनर देविका नारायण की कहानी।

जेएसडब्ल्यू ने किया 883.3 करोड़ रु. राजस्व अर्जित

मुंबई। जेएसडब्ल्यू ड्यूलक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही और पूरे वर्ष के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने इस तिमाही में 23 प्रतिशत की मजबूत वॉल्यूम वृद्धि दर्ज की, जबकि परिचालन से राजस्व 883.3 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.2 प्रतिशत अधिक है। ईबीआईटीडीए 126.7 करोड़ रुपए रहा और कर पूर्व लाभ 104.3 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का कुल राजस्व 3,599.2 करोड़ रुपए रहा।

कैंपस एक्टिववियर ने पेश की नई ब्रांड पहचान

नई दिल्ली। स्पोर्ट्स और एथलीजर ब्रांड कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने अपनी वार्षिक डिस्ट्रीब्यूटर्स मीट 'शूकेस 2026' के दौरान ब्रांड की नई पहचान पेश की। कंपनी के अनुसार यह बदलाव केवल लोगो या डिज़ाइन तक सीमित नहीं है, बल्कि कैंपस की विकास यात्रा के अगले चरण का प्रतीक है।

सेबी, एनआईएसएम और आईआईसीए के बीच समझौता

कॉर्पोरेट गवर्नेंस और ईएसजी को बढ़ावा देने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा स्थापित राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के तहत कार्यरत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (आईआईसीए) ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस, ईएसजी और पूंजी बाजारों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस साझेदारी का उद्देश्य वित्तीय और कॉर्पोरेट विनियमन से जुड़े प्रमुख क्षेत्रों में ज्ञान के आदान-प्रदान, अनुसंधान, नीतिगत समर्थन और संस्थागत सहयोग को बढ़ाना है। दोनों संस्थान संयुक्त रूप से क्षमता विकास कार्यक्रम, प्रमाणन पाठ्यक्रम, कार्यकारी शिक्षा मॉड्यूल और प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करेंगे। इनमें सेबी अधिकारियों सहित विभिन्न नियामक और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल होंगे। यह समझौता ज्ञापन 19 मई 2026 को मुंबई में हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर सेबी अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे मौजूद रहे। समारोह में एनआईएसएम के निदेशक शशि कृष्णन भी उपस्थित थे। एमओयू पर एनआईएसएम की रजिस्ट्रार योगिता जाधव और आईआईसीए के स्कूल ऑफ बिजनेस एनवायरनमेंट की प्रमुख डॉ. गरिमा दाधिच ने हस्ताक्षर किए।

एमओयू पर एनआईएसएम की रजिस्ट्रार योगिता जाधव और आईआईसीए के स्कूल ऑफ बिजनेस एनवायरनमेंट की प्रमुख डॉ. गरिमा दाधिच ने हस्ताक्षर किए

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

एमएसएमई और स्थिरता खुलासों पर रहेगा फोकस

सेबी अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने प्रदर्शन-आधारित कॉर्पोरेट गवर्नेंस व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को पूंजी बाजारों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराना और स्थिरता संबंधी खुलासों को मजबूत करना है। उन्होंने उभरते नियामक क्षेत्रों में साक्ष्य-आधारित ज्ञान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। आईआईसीए के महानिदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्ञानेश्वर कुमार सिंह ने इस सहयोग की अवधारणा तैयार की। उन्होंने कॉर्पोरेट गवर्नेंस, ईएसजी और जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण से जुड़े क्षेत्रों में आईआईसीए की पहलों को राष्ट्रीय विकास एजेंडा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

1 मई से अब तक सोने-चांदी में बड़ा उछाल, ग्राहकी घटी

पीएम मोदी की नसीहत के बाद भी सोने में 8100 और चांदी में आई 11900 रुपए किलो की तेजी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मई 2026 की शुरुआत से लेकर अब तक सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। लगातार बढ़ते दामों ने आम ग्राहकों की जेब पर सीधा असर डाला है, इस बीच दोनों बहुमूल्य धातुओं के बढ़ते भाव को रोकने में पीएम मोदी की भी नसीहत काम नहीं आई।

उलटा 10 मई को पीएम मोदी में सालभर सोना चांदी नहीं खरीदने की दी गई नसीहत के बाद अब तक सोने में 8100 रुपए प्रति 10 ग्राम और 11900 रुपए प्रति किलों का उछाल दर्ज हुआ। दोनों ही बहुमूल्य धातुओं के भाव में आई तेजी से सर्राफा बाजार में ग्राहकी कमजोर पड़ गई है। कारोबारियों का कहना है कि शादी-ब्याह के सीजन में भी खरीदारी उम्मीद से काफी कम रही। स्थानीय सराफा व्यापारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार शुरू मई माह 2026 में सोना करीब 155200 रुपए प्रति दस ग्राम था तो चांदी 254000 रुपए किलो थी, जो बढ़कर गुरुवार को स्थानीय सराफा बाजार में क्रमशः 163600 रुपए प्रति दस ग्राम और 273600 रुपए किलो ग्राम पहुंच गया। अतः शुरू मई माह से अब तक सोने में 8400 रुपए और चांदी 19600 रुपए की तेजी दर्ज हुई। जबकि पीएम मोदी की नसीहत के बाद से अब तक सोना 8100 रुपए महंगा हुआ तो चांदी 11900 रुपए प्रति किलो महंगी हुई। बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों को लेकर अटकलें और निवेशकों की सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ती रुचि ने सोने-चांदी के दामों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि लगातार महंगे होते गहनों ने ग्राहकों की खरीदारी घटा दी है। दुकानदारों का कहना है कि लोग अब हल्के वजन के आभूषण खरीद रहे हैं या खरीदारी टाल रहे हैं। खासकर मध्यम वर्गीय परिवारों में इसका असर ज्यादा देखने को मिल रहा है।

फाइल फोटो

उद्योग मंत्री गोयल ने गिनाईं उपलब्धियां

12 वर्षों में भारत के चाय निर्यात ने लगाई 93 फीसदी की छलांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का चाय निर्यात बीते 12 वर्षों में वित्त वर्ष 2025-26 तक 93 प्रतिशत बढ़कर 8,719 करोड़ रुपए रहा है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 4,509 करोड़ रुपए था। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ओर से गुरुवार को दी गई। अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर भारतीय चाय की बढ़ती वैश्विक अपील का जिक्र करते हुए, गोयल ने चाय को एक भावना बताया और कहा कि यह देश के दैनिक जीवन, संस्कृति और परंपराओं में गहराई से समाहित है।

मंत्री ने कहा कि गुणवत्ता मानकों में सुधार और देश की समृद्ध चाय विरासत को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों के चलते भारतीय चाय ने वर्षों से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति को लगातार मजबूत किया है। पिछले वर्ष गोयल ने बताया था कि संगठित क्षेत्र में भारतीय चाय उद्योग लगभग 12 लाख श्रमिकों को रोजगार प्रदान करता है, जिनमें से लगभग 58 प्रतिशत महिलाएं हैं। गोयल ने जून 2025 में एक्स पर पोस्ट किया था, महिलाएं भारत के चाय क्षेत्र के विकास का नेतृत्व कर रही हैं। वित्त वर्ष 2025 में, निर्यात की गई चाय की कुल मात्रा 263 मिलियन किलोग्राम थी, जबकि इसका कुल मूल्य 7,818 करोड़ रुपए था।

5 जी स्लाइसिंग तकनीक से संचालित

एयरटेल ने लांच किया प्रायोरिटी पोस्टपेड भीड़-भाड़ वाले इलाकों में बेहतर नेटवर्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारती एयरटेल ने भारत में एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड लांच किया है, जो उन्नत 5जी स्लाइसिंग तकनीक से संचालित एक नया पोस्टपेड ऑफर है। इस सेवा का उद्देश्य भीड़-भाड़ वाले इलाकों में नेटवर्क की समस्याओं को हल करना है। एयरटेल के एमडी और सीईओ शाश्वत शर्मा ने ग्राहकों को ईमेल में बताया कि कंपनी ने यह सेवा उन फीडबैक के आधार पर शुरू की है, जिसमें ग्राहकों ने बाजार, ट्रैफिक जाम या बड़े इवेंट्स में वीडियो कॉल, ईमेल डाउनलोड और फोटो अपलोड करते समय नेटवर्क बाधाओं की शिकायत की थी। शर्मा ने कहा कि एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड विशेष रूप से भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में निरंतर और सुसंगत अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह हमारे 5जी नेटवर्क के नवीनतम अपग्रेड 'स्लाइसिंग' के माध्यम से संभव हुआ है। एयरटेल के अनुसार, स्लाइसिंग एक उन्नत 5जी क्षमता है जो पहले से कई वैश्विक बाजारों में इस्तेमाल हो चुकी है। अब इसे भारत में पोस्टपेड उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराया गया है, जिससे नेटवर्क की स्थिरता और अतिरिक्त क्षमता मिलती है। यह सेवा एयरटेल के मौजूदा पोस्टपेड प्लान्स में उपलब्ध होगी, और सभी मौजूदा पोस्टपेड ग्राहकों को स्वचालित रूप से इसका लाभ मिलेगा। उपयोगकर्ता संगत 5जी स्टैंडअलोन स्मार्टफोन्स और नवीनतम सॉफ़्टवेयर वर्शन पर इस सेवा का अनुभव कर सकते हैं।

शाश्वत शर्मा

गर्मी का असर दैनिक जीवन ही नहीं कारोबार पर भी

बाजारों में करीब 30 से 40 फीसदी ग्राहकी कम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

- दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा नजर आता है। लोग तेज धूप और लू के कारण बाजारों की ओर रुख नहीं कर रहे

लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी जनजीवन को ही प्रभावित नहीं कर रही है बाजारों में होने वाले व्यापार को भी प्रभावित कर रखा है। भीषण गर्मी की बदौलत राजधानी के बाजारों में दोपहर बाद शहरी और देसावरी दोनों ही प्रकार की 40 फीसदी ग्राहकी घटी है। शहरी लोग जरूरत की दैनिक उपयोग और जरूरत की सामग्री लेने सुबह और शाम ही अपने घर या आफिस से निकलकर बाजारों की ओर रूख कर रहे हैं तो देसावरी लोग फोन पर संबंधित दुकानदार को सामग्री का ऑर्डर दे रहे हैं। कुल मिलाकर भीषण गर्मी के चलते राजधानी के बाजारों में करीब 30 से 40 फीसदी ग्राहकी कम हुई है जिससे व्यापारियों के व्यापार पर असर पड़ रहा है। पुराने भोपाल स्थित चावल-दाल के थोक व्यापारी सचिन संगतानी ने बताया कि दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा नजर आता है। लोग तेज धूप और लू के कारण बाजारों की ओर रूख नही कर रहे हैं। मसलन ग्राहकों की संख्या भी कमी आई है। उनके अनुसार पिछले कुछ दिनों से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। खासकर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बाजारों में ग्राहकी काफी कमजोर देखी जा रही है। वहीं कपड़ा, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और किराना बाजार से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि गर्मी की वजह से बिक्री में 30 फीसदी तक गिरावट आई है। दुकानदारों के अनुसार पहले जहां शाम तक बाजारों में भीड़ रहती थी, वहीं अब लोग ऑनलाइन खरीदारी या शाम देर से बाजार पहुंचना पसंद कर रहे हैं। दूसरी ओर गर्मी बढ़ने से ठंडे पेय पदार्थ, आइसक्रीम, कूलर, एसी और फ्रिज की मांग में तेजी आई है।

चौक बाजार

सीआईआई और एसआईडीएम ने साइप्रस साझेदारों के साथ रणनीतिक समझौते पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साइप्रस-भारत व्यापार मंच के दौरान भारत और साइप्रस के बीच आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण समझौते किए गए। इस अवसर पर साइप्रस के राष्ट्रपति महामहिम निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उपस्थित थे। कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने साइप्रस चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (सीसीसीआई) के साथ रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को बढ़ाना, निवेश प्रोत्साहन, संयुक्त उद्यम और व्यापार मेलों के माध्यम से भारत-साइप्रस औद्योगिक संबंधों को मजबूत करना है। सीआईआई की कौशल एवं आजीविका केंद्र राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष बी. थियागराजन ने कहा कि यह साझेदारी व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग के नए द्वार खोलेगी। न्होंने यह भी बताया कि यह सहयोग प्रमुख क्षेत्रों जैसे प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, रसद, रक्षा, डिजिटल नवाचार और सेवाओं में विकास को गति देगा। इसी क्रम में, सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) ने साइप्रस डिफेंस एंड स्पेस इंडस्ट्री क्लस्टर (सीडीएसआईसी) के साथ रक्षा विनिर्माण, एयरोस्पेस नवाचार और दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों में सहयोग को बढ़ाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों के माध्यम से दोनों देशों के बीच औद्योगिक आदान-प्रदान, प्रौद्योगिकी साझेदारी और रक्षा व रणनीतिक क्षेत्र में सहयोग को नए अवसर प्राप्त होंगे।

राशिफल

मेष — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

कर्क — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे

कन्या — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च

तुला — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

वृश्चिक — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

मकर — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

मीन — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

एयरबीएनबी ने पेश की नई सेवाएं

नई दिल्ली। एयरबीएनबी अब केवल ठहरने की जगह बुक करने वाला प्लेटफार्म नहीं रहा। कंपनी ने अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ाते हुए एयरबीएनबी एक्सपीरियंस और एयरबीएनबी सर्विसेज शुरू की हैं। इन नई सेवाओं के जरिए उपयोगकर्ता अब एक ही जगह पर घर बुकिंग करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के साथ शहर घूमना, निजी शेफ से खाना बनवाना, और यात्रा के दौरान अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। एयरबीएनबी के को-फाउंडर और सीईओ ब्रायन चेस्की ने कहा कि यात्रा केवल आसान नहीं बल्कि यादगार भी होनी चाहिए। अच्छी यात्राएं लोगों को नई जगहों को समझने, नई चीजें सीखने और अनोखे अनुभव लेने का मौका देती हैं। इस गर्मी हम फीफा विश्व कप 2026 से जुड़े खास अनुभव, बुटिक होटल और यात्रा को आसान बनाने वाली नई सेवाएं ला रहे हैं। नई सुविधाओं में यात्रियों के एयरबीएनबी पहुंचने से पहले किराना सामग्री मंगवाने, यात्रा के दौरान कभी भी सामान ऑर्डर करने और चुनिंदा शहरों में मेजबान के द्वारा चेक-इन से पहले सामान रखने की सुविधा शामिल है। अमेरिका में इंस्टाकार्ट के साथ साझेदारी में यह सेवा 25 से अधिक शहरों में उपलब्ध है, जिसमें 50 डॉलर या उससे अधिक के ऑर्डर पर 10 डॉलर की छूट भी मिलेगी।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 135 अंक टूटा

- मुनाफावसूली से निफ्टी मामूली चार अंक गिरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को शुरुआती तेजी जाती रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 135 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में चार अंक की मामूली गिरावट आई।तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 135.03 अंक टूटकर 75,183.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,945.79 अंक तक गया और नीचे में 74,996.78 अंक तक आया। यानी इसमें 949.01 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी 4.30 अंक की मामूली गिरावट के साथ 23,654.70 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व और भारती एयरटेल के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं। लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुए। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को काफी बढ़त के साथ बंद हुए थे।

शब्द पहेली - 6233



बाएँ से दाएँ
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

ऊपर से नीचे
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली- 6232 का हल

	त	था	क	थि	त	■	क	या	म	त
ना	प	■	ह	■	र	का	बी	■	त	र
मु	■	त	वा	य	फ	■	ला	वा	■	खा
ना	पा	क	■	■	दा	नी	■	दा	म	न
शि	■	दी	■	प	र	■	सा	■	हि	■
ब	ह	र	हा	ल	■	नि	स	ला	प	न
■	र	■	नि	■	आ	शा	■	ज	■	ज
अ	म	र	■	अ	तं	■	■	वा	न	र
मा	■	मा	न	■	क	र	त	ब	■	बं
न	या	■	ज	ल	वा	■	ना	■	क	द
त	क	दी	र	■	द	शा	व	ता	र	■

सूडोकु नवताल - 6243

★★★★☆ कठिन

4					1	9		
						8	5	
			7	3				
			3				4	7
9								2
8	5				6			
				5	8			
	7	4						
		6	2					5

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6242 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

आइसक्रीम तो तुम बच्चों को खूब पसंद आती है। इस भीषण गर्मी में अलग-अलग फ्लेवर की ठंडी-ठंडी यमी आइसक्रीम मिल जाए तो क्या कहने! आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ फेमस आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

अलग शेप्स-अनूठे फ्लेवर्स वाली यमी आइसक्रीम

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया भर में आइसक्रीम के ऐसे कई प्रकार हैं, जो अपने स्वाद और बनावट के कारण बहुत मशहूर हैं। आज हम तुम्हें अलग-अलग देशों की कुछ टेस्टी और अनोखी आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

दोंदुरमा आइसक्रीम तुर्किए

तुर्किए देश की दोंदुरमा आइसक्रीम अपनी खास 'खिंचाव' वाली बनावट के लिए जानी जाती है। इसमें दूध और चीनी के साथ 'सालेप' और 'मस्टिक' नामक सामग्री को मिलाया जाता है। सालेप इसे गाढ़ा बनाता है, मस्टिक इसे च्युई

(च्विंग-गम की तरह) बनाता है। 'सालेप' (जंगली ऑर्किड की जड़ का पावडर) मिलाने की वजह से यह जल्दी पिघलती नहीं है। दोंदुरमा आइसक्रीम को बनाने के लिए इसे लोहे की छड़ों से लगातार फेंटा और पीटा जाता है, जिससे यह इतनी सख्त हो जाती है कि इसे हुक पर लटकाया जा सकता है। यह खाने में थोड़ी सख्त और इलास्टिक जैसी लगती है। अब तो अपने देश में भी कुछ शॉपिंग मॉल्स और कई बड़ी मार्केट्स में भी यह आइसक्रीम खाने के लिए मिल जाती है।

स्पैगेटी आइसक्रीम जर्मनी

यह आइसक्रीम दिखने में बिल्कुल इटैलियन स्पैगेटी पास्ता जैसी लगती है, लेकिन असल में यह वनीला आइसक्रीम

होती है। इसे एक मशीन से नूडल्स जैसा आकार दिया जाता है, ऊपर से टोमैटो सॉस जैसा दिखने वाला स्ट्रॉबेरी सॉस और सफेद चॉकलेट के टुकड़े डाले जाते हैं। इसे सन 1960 के दशक में डारियो फोंटानेला नाम के शख्स ने बनाया था। अकसर इसके बेस में व्हिप्ड क्रीम छिपी होती है, जो स्वाद को और बढ़ा देती है।

आई-टिम-पैड आइसक्रीम थाईलैंड

आई-टिम-पैड आइसक्रीम की शुरुआत थाईलैंड के स्ट्रीट मार्केट्स में लगभग 2009-2010 के आस-पास हुई थी। इसे बनाने की प्रक्रिया को 'कोल्ड स्टोन' तकनीक कहते हैं। इसका वीडियो यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम पर इतना वायरल हुआ कि यह थाईलैंड से बाहर भी लगभग पूरी दुनिया के कई देशों के मॉल्स में भी बिकने लगी। इस आइसक्रीम को 'रोल्ड आइसक्रीम' के नाम से भी जाना जाता है। इसे एक ठंडी धातु

की प्लेट पर दूध और फ्लेवर डालकर बनाया जाता है। फिर इसे तब तक खुरचा जाता है, जब तक यह जम न जाए। इसके बाद फिर इसे पतले रोल में बदल दिया जाता है। यह आइसक्रीम देखने में जितनी मजेदार है, खाने में उतनी ही टेस्टी भी लगती है।

आइसक्रीम सैंडविच सिंगापुर

सिंगापुर में आइसक्रीम खाने का तरीका जरा हटके है। यहां सड़क किनारे आइसक्रीम विक्रेता आइसक्रीम का एक बड़ा आयताकार टुकड़ा काटते हैं, इसे रंगीन मीठी ब्रेड के स्लाइस

में लपेटकर या दो वेफर्स के बीच रखकर देते हैं। यह सिंगापुर में एक बेहद सस्ता और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है। इसमें लगाई जाने वाली ब्रेड थोड़ी मीठी और अकसर रंगीन (जैसे गुलाबी या हरा) होती है। सैंडविच आइसक्रीम कॉर्न (मक्का), डूरियन (एक तीखी गंध वाला फल) और यम जैसे अनोखे फ्लेवर्स में भी मिलते हैं।

फालूदेह आइसक्रीम ईरान

फालूदेह दुनिया की सबसे पुरानी फ्रोजन डेजर्ट्स में से एक है। यह फारस (अब ईरान) की एक शानदार ठंडी मिठाई है,

जो 400 ईसा पूर्व के समय से चली आ रही है। फालुदेह पारंपरिक आइसक्रीम जैसी नहीं होती। इसमें चावल के आटे के बने नूडल्स होते हैं, जिन्हें सेमी-फ्रोजन सिरप में मिलाया जाता है। इसमें गुलाब जल मिलाकर इसे खट्टे चेरी, सॉस या नीबू के रस के साथ परोसा जाता है। यह पारंपरिक आइसक्रीम की तरह क्रीमी नहीं, एक गाढ़े शर्बत जैसा एहसास देती है।

सबसे महंगी आइसक्रीम

बच्चो, जापान की बयाकुया दुनिया की सबसे महंगी आइसक्रीम है। इसकी कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 5.3

लाख रुपए है। इस आइसक्रीम के महंगे होने की एक वजह यह भी है कि इसमें व्हाइट ट्रफल और सोने की परत का इस्तेमाल किया जाता है।

होकी पोकी आइसक्रीम न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के लोग आइसक्रीम के बेहद शौकीन होते हैं। यहां की सबसे प्रसिद्ध आइसक्रीम 'होकी पोकी' है। वैसे तो यह

साधारण वनीला आइसक्रीम होती है, लेकिन इसमें हनीकॉम्ब टॉफी के कुरकुरे टुकड़े मिलाए जाते हैं, जिससे इसका स्वाद अनूठा हो जाता है। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ

आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ
लुत्फ उठाओ गोलू!
पिस्ता, केसर, चॉकलेट की
मैंगो, रबड़ी वाली,
स्ट्रॉबेरी और वनीला
ओरेंज बड़ी निराली,
अब खरीद कर इनको खाओ
इनको खाओ गोलू!
सस्ती भी हैं, मंहगी भी हैं
जैसी चाहो लेना,
इस गर्मी की ऋतु में लेकिन
भुला न इनको देना,
फौरन घर से बाहर आओ
बाहर आओ गोलू!
तुम्हें पता ये कैसे बनतीं
क्या-क्या चीज मिलाते,
दूध, मलाई, चीनी, खोया
फ्लेवर डाले जाते,
अपने मुख का स्वाद बढ़ाओ
स्वाद बढ़ाओ गोलू!

तुम्हारे लिए नई किताब / नीलम राकेश

बालिकाओं की रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चों के लिए नागेश पांडेय 'संजय' के कई कहानी संग्रह आ चुके हैं। इनके संपादन में तुम्हारे लिए एक और कहानी संग्रह आया है - 'बालिकाओं की रोचक कहानियां'। इसमें उन्होंने देश के कई जाने-माने बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की हैं, जो बालिकाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई हैं। ये कहानियां रोचक तो हैं ही, प्रेरक भी हैं।

क्षमा शर्मा की कहानी 'दिवाली के दिन' में किशोरियों को यह समझ दी गई है कि माता-पिता और भाई ही उनके असली शुभचिंतक होते हैं। दिविक रमेश ने बालिकाओं पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण को लेकर 'रितु के पापा' शीर्षक से एक कहानी लिखी है। प्रकाश मनु की मनोरंजक कहानी 'खीर खाई टेडी बीयर ने' पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। शकुंतला कालरा की कहानी 'मदर्स-डे' में यह संदेश है कि भावनाएं अमूल्य होती हैं, भावनाओं की कीमत को भावनाओं से ही चुकाया जा सकता है। सूर्यनाथ सिंह की कहानी 'नानू का ननिहाल' में बच्चों को सैर-सपाटे का आनंद तो मिलेगा ही, अंधविश्वासों से सतर्क रहने की शिक्षा भी मिलेगी। समीर गांगुली की कहानी 'फूलों की खोज' बताती है, हमें हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए। देवेंद्र कुमार की कहानी 'झुमकी का सपना' पढ़कर तुम झुमकी की तरह किसी लड़की का सपना पूरा करने के लिए प्रेरित होगे। उषा यादव की कहानी 'समय की कीमत' का संदेश है, हमें हमेशा समय का महत्व समझना चाहिए। इस कहानी संकलन में संपादक नागेश पांडेय 'संजय की भी एक कहानी 'मुझे कोई प्यार नहीं करता' पढ़ने को मिलेगी, जिसमें बताया गया है, अपने से छोटों को मिलते प्यार से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए।

इनके अलावा इस किताब में संकलित अन्य लेखकों की कहानियां पढ़कर भी तुम्हें अच्छी सीखें मिलेंगी। *

किताब: बालिकाओं की रोचक कहानियां, **संपादक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
मूल्य: 230 रुपए, **प्रकाशक:** लवकुश प्रकाशन, लखनऊ

कहानी

विजयवीर सहाय

निधि, ऋद्धि और सिद्धि के पापा बहुत बड़े वैज्ञानिक थे। पापा ने अपनी तीनों बेटियों के कान के पीछे एक ऐसी अनोखी चिप लगा रखी थी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इस चिप और अपनी हिम्मत-समझदारी से तीनों बहनों ने अपने पापा को तो खतरे से बचाया ही, देश की रक्षा भी की। पढ़ो, तीन साहसी लड़कियों की कहानी।

चमत्कारी चिप

एआई इमेज

तीन बहनें थीं-निधि, ऋद्धि और सिद्धि। इनके पापा रवि एक बड़े वैज्ञानिक थे। उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके थे। वह हरदम इंसानों की भलाई और देश की सुरक्षा के लिए नई-नई खोजों में लगे रहते। दिन में ऑफिस की प्रयोगशाला में काम करते तो रात में काम करने के लिए उन्होंने एक छोटी-सी प्रयोगशाला घर में बना रखी थी। अपने पापा को देखकर निधि-ऋद्धि-सिद्धि को भी विज्ञान में ज्यादा ही रुचि हो गई थी। स्कूल में साइंस की टीचर तरह-तरह के जो प्रयोग करके दिखातीं, उन्हें वे बड़े गौर से देखतीं। घर में रेडियो, टीवी और मोबाइल में आवाज और चित्र कैसे आते हैं? इस तरह के सवाल तीनों अपने पापा से पूछती रहती थीं। पापा भी उनकी जिज्ञासा शांत किया करते थे। वह अपने बच्चों को विज्ञान संबंधी पत्रिकाएं और किताबें लाकर दिया करते थे। निधि-ऋद्धि-सिद्धि की जिज्ञासा को देखते हुए पापा ने उन्हें घर की प्रयोगशाला में जाने की अनुमति दे रखी थी। पापा ने तीनों बहनों के कान के पीछे एक चिप लगा दी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इसके अलावा इस चिप के जरिए बिना बोले मानसिक तरंगों से एक-दूसरे तक अपनी बात पहुंचा सकती थीं। इससे उन्हें आपस में बात करने में बड़ा मजा आता। कभी किसी सामने वाले के मन की बात पता लगने पर पहले ही उसकी बात बोल देतीं और तब उसकी अचंभित सूरत देखकर खूब हंसतीं।

इन दिनों पापा एक ऐसी गैस का आविष्कार करने में जुटे थे, जो आपस में लड़-झगड़ रहे, हिंसा कर रहे लोगों पर छोड़ी जाए तो तुरंत वे यह सब छोड़कर शांति और दोस्ती का व्यवहार करने लगें। उनका कहना था कि जब लाफिंग गैस से लोगों को हंसाया जा सकता है या किसी गैस से उन्हें गुस्सैल और हिंसक बनाया जा सकता है तो ऐसी गैस क्यों नहीं बन सकती, जो लोगों के गुस्से को प्रेम और शांति की भावना में बदल दे?

एक दिन पापा दो बिल्लियों को प्रयोगशाला में लाए और एक गैस उनकी नाक के पास स्प्रे कर दी। कुछ ही पलों में दोनों गुर्रा कर एक-दूसरे पर हमला करने लगीं। फिर पापा ने दूसरे कंटेनर से गैस स्प्रे किया तो दूसरे ही पल वे शांत होकर आपस में प्यार से खेलने लगीं। यह देखकर पापा खुशी से उछल पड़े। तीनों बेटियों की तरफ देखकर बोले, 'अरे वाह, देखो-देखो सफल हो गई मेरी मेहनत।' निधि, ऋद्धि और सिद्धि ने भी तालियां बजाकर अपने पापा को बधाई दी।

एक दिन चार लोग पापा से मिलने आए। उन्हें ड्रॉइंगरूम में बैठाया गया। पापा उस समय प्रयोगशाला में थे। निधि उन्हें बुलाने चली गई और ऋद्धि मेहमानों के लिए पानी लेकर गई। पानी के गिलास उन्हें पकड़ा कर एक ओर खड़ी हो गई कि गिलास खाली हो जाएं तो वह वापस ले जाए।

तभी उसकी नजर उनके चेहरों पर पड़ी और उसके दिमाग से जुड़ी चिप ने संकेत दिया कि ये अच्छे लोग नहीं हैं। घर में खतरनाक इरादे से आए हैं। उसने तुरंत निधि को संदेश भेजा कि पापा को यहां आने से रोक दे, पर तब तक पापा दरवाजे से अंदर आते दिखे। ऋद्धि वहीं रुक गई और निधि को संदेश भेजा कि प्रयोगशाला से नई गैस वाला कंटेनर लेकर आए और सिद्धि को संदेश भेजा कि पुलिस को फोन करके तुरंत यहां आने को कहे। पापा के ड्रॉइंग रूम में आते ही चारों लोग एक साथ उठे और एक ने ऋद्धि को पकड़ कर उसका मुंह दबा दिया और दो लोगों ने उठकर पापा को दबोच लिया, चौथे ने उनकी कनपटी पर रिवॉल्वर सटाते हुए कहा, 'अपना नया फॉर्मूला तुरंत हमारे हवाले कर दो, शोर मचाया तो गोली मार दूंगा।'

'मार दो गोली, कोई फॉर्मूला तुम लोगों को नहीं दूंगा।' पापा ने दृढ़ता से कहा।

'अच्छा तो ऐसे नहीं मानोगे, ऐ जरा इनको समझाना तो..।' कहते हुए एक ने रिवॉल्वर वाले को इशारा किया। तभी निधि ने वहां आकर कंटेनर से ढेर सारी गैस स्प्रे कर दी। अगले ही पल उन्होंने पापा को छोड़ दिया और बड़े आदर के साथ हाथ जोड़कर एक बोला, 'सर, आप अपना फॉर्मूला हमें दे दीजिए, वर्ना हमारा बॉस हमारी जान ले लेगा।'

'जान तो हम भी नहीं छोड़ेंगे, न तुम लोगों की और न तुम्हारे बॉस की। चुपचाप हमारे साथ पुलिस स्टेशन चलो।' पुलिस इंस्पेक्टर ने कुछ सिपाहियों के साथ अंदर आते हुए कहा। सिपाहियों ने लपक कर चारों को हथकड़ी लगा दी और साथ लेकर चले गए। पूछताछ में पता चला कि चारों किसी खतरनाक गैंग के सदस्य थे, जो पापा की नई खास खोज का फॉर्मूला लेकर दुश्मन देश के हाथ बेचना चाहते थे। पापा की खोजी नई गैस, चमत्कारी चिप और निधि, ऋद्धि, सिद्धि की हिम्मत और समझदारी ने सब बदमाशों को पकड़वा दिया। अखबार, टीवी और रेडियो समाचारों में पापा की खोज और तीनों बहनों की हिम्मत और समझदारी की खूब तारीफ हुई। *

बूझो तो जानें

1. फल पाचन का पावर हाउस,
इसमें पेपीन एंजाइम होता।
पेट की गैस, एसिडिटी मिटाता,
पकने पर रंग पीला होता।

2. फाइबर का भरपूर खजाना,
करता सही है पाचन तंत्र।
विटामिन सी भरपूर है इसमें,
स्वास्थ्य का देता सुंदर मंत्र।

3. ब्रोमोलिन एंजाइम इसमें,
प्रोटीन पचाने में है सहायक।
विटामिन सी है, मैंगनीज भी,
सिर पर मुकुट सजाए नायक।

4. रात भिगो दें, प्रातः खाएं।
हाई बीपी रोग भगाएं।
खराब कोलेस्ट्रॉल घटाता।
नियमित सेवन स्वास्थ्य प्रदाता।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर - 1 पपीता 2 अमरूद 3 अनानास 4 आंवला

जीके क्विज-206

1. तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
2. अमेरिका की खोज किसने की थी?
3. शतरंज के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
4. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
5. बाणभट्ट किस शासक के दरबारी कवि थे?
6. स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरु कौन थे?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. पेड़-पौधे किस रासायनिक प्रक्रिया द्वारा अपना भोजन बनाते हैं?
9. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
10. किस ग्रह को पृथ्वी की जुड़वा बहन कहा जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-206 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-205 का उत्तर : 1. शुभेंदु अधिकारी, 2. सोमनाथ मंदिर, 3. असम, 4. उत्तर प्रदेश, 5. शाहजहां, 6. राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, 7. सोडियम, 8. ओटावा, 9. हरा, 10. जय प्रकाश नारायण

जीके क्विज-205 का सही उत्तर देने वाले : डिगेंद्र-रायपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, कीर्ति-ईमेल से, कबीर-हिसार, पूरब-बिलासपुर, महक-रोहतक, सचिन-महासमुंद, सौरभ-बालोद, रोहित-दुर्ग

रंग भरो-202

रंग भरो-202 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

तन्वी, महेंद्रगढ़

आन्या, दुर्ग

ईशान, ईमेल से

दिशा, बिलासपुर

सोनम, रायपुर

रशिका, जांजगीर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आराध्या-रायपुर, प्रगति-बिलासपुर, सुमन-भोपाल, कुसुम-रोहतक, प्रिया-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अतुल-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, आदर्श-रोहतक

रंग भरो 203



बच्चो, यहां जंबो हाथी का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलुरु	13	9	4	18
गुजरात	13	8	5	16
हैदराबाद	13	8	5	16
राजस्थान	13	7	6	14
पंजाब	13	6	6	13
कोलकाता	13	6	6	13
चेन्नई	13	6	7	12
दिल्ली	13	6	7	12
मुंबई	13	4	9	8
लखनऊ	13	4	9	8

ऑरेंज कैप

वैभव सूर्यवंसी
579 रन
राजस्थान

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

आईपीएल के नए 'सिक्सर किंग' वैभव, खतरे में क्रिस गेल का रिकॉर्ड, रसेल-पूरन पड़े फीके

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे 15 साल के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल का इतिहास पलट दिया है। वैभव ने अपनी खतरनाक बल्लेबाजी से कोहराम मचा रखा है। 19 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 38 गेंदों पर 93 रनों तूफानी पारी खेली। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से 10 गगनचुंबी छक्के आए। वैभव सूर्यवंशी अपना तीसरा आईपीएल शतक पूरा करने से सिर्फ 7 रन दूर रह गए। इसके बावजूद उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड कायम कर दिए हैं। वैभव सूर्यवंशी ने इस पारी के बाद मौजूदा आईपीएल सीजन में अपने 53 छक्के पूरे कर लिए हैं।

वह आईपीएल इतिहास के पहले भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन्होंने एक सीजन में 50 छक्कों का आंकड़ा पार किया है। इससे पहले आईपीएल में एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम दर्ज था। उन्होंने अभिषेक शर्मा ने 2024 के आईपीएल सीजन में 42 छक्के लगाए थे।



एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

क्रिस गेल	59
वैभव सूर्यवंशी	53
आंद्रे रसेल	52
क्रिस गेल	51
जोस बटलर	45

वैभव सूर्यवंशी ने रसेल बटलर का रिकॉर्ड तोड़ा

राजस्थान रॉयल्स के वंडर बॉय वैभव सूर्यवंशी ने सिक्स लगाने के मामले में आंद्रे रसेल और जोस बटलर जैसे खतरनाक बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में 13 मैचों में 53 छक्के लगा चुके हैं। आंद्रे रसेल कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व ऑलराउंडर ने साल 2019 में 52 छक्के लगाए थे। वहीं, जोस बटलर ने 2022 में कुल 46 छक्के जड़े थे। अब वैभव सूर्यवंशी ने इन सभी दिग्गजों को पछाड़ दिया है। वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। अब सिर्फ वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल उनसे आगे हैं।

क्रिस गेल का टूटेगा रिकॉर्ड?

वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ने के करीब पहुंच गए हैं। क्रिस गेल ने साल 2012 में आरसीबी की ओर से खेलते हुए 59 छक्के लगाए थे। पिछले 14 सालों से क्रिस गेल का यह रिकॉर्ड कोई तोड़ नहीं पाया है। अब 15 साल का बल्लेबाज इस महारिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है।

वैभव के पास अभी कई मौके हैं बल्लेबाजी के

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में 13 मैचों में 53 छक्के लगा दिए हैं। अभी राजस्थान रॉयल्स लीग स्टेज में एक मैच खेलने वाली है। अगर राजस्थान की टीम प्लेऑफ में जाती है, तो वैभव सूर्यवंशी को ज्यादा पारियां खेलने का मौका मिलेगा। ऐसे में वैभव सूर्यवंशी को 1-2 पारियां खेलने को मिल सकती हैं। अगर वैभव सूर्यवंशी अगले मैच में 7 छक्के लगा देते हैं, तो वह क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

खबर संक्षेप

सुपर शतरंज क्लासिक प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

बुकारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को रोमानिया के खिलाड़ी डियाक बोगदान डेनियल ने ड्रॉ पर रोक दिया जबकि फ्रांस के अलीरजा फिरौजा ने छठे दौर में आखिरकार ग्रैंड शतरंज टूर के सुपर शतरंज क्लासिक से हटने का फैसला किया। फिरोजा के हटने से जर्मनी के विंसेंट कीमर को फायदा हुआ क्योंकि इस दौर में 'वॉक ओवर' मिलने के बाद उन्होंने अपनी बढ़त को पूरे एक अंक तक बढ़ा लिया। जबकि बाकी सभी गेम ड्रॉ रहे, कीमर 4.5 अंक के साथ अकेले शीर्ष पर बरकरार हैं। 10 खिलाड़ियों के इस नौ दौर वाले टूर्नामेंट में अभी तीन दौर बाकी हैं। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 3,75,000 अमेरिकी डॉलर है जिसमें विजेता को 1,00,000 डॉलर मिलेंगे।

पंड्या पर जुर्माना गिल्ली गिराने पर एक डिमेरिट अंक मिला

कोलकाता। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान क्रिकेट के सामान का गलत इस्तेमाल करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। बुधवार को हुए इस मैच के दौरान पंड्या ने निराशा में विकेट की गिल्लियां गिरा दी थीं उन्हें आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह घटना मैच की दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जब हार्दिक पंड्या ने अपने रन-अप पर वापस जाते समय विकेट की गिल्लियां गिरा दी थीं। '' आईपीएल में चार से सात डिमेरिट अंक जमा होने पर एक मैच का निलंबन लगता है।

अंडर 18 एशिया कप हॉकी में केतन होंगे कप्तान

भोपाल। हॉकी इंडिया ने जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले पुरूष अंडर 18 एशिया कप के लिये 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की है जिसके कप्तान केतन कुशवाहा होंगे । टीम का चयन कोच सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा की देखरेख में हुए राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के दौरान किया गया। भारतीय टीम ने तैयारियों के लिये यहां आस्ट्रेलिया अंडर 18 टीम के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला खेली जिसमें दो मैच ड्रॉ रहे, एक जीता और एक गंवाया। हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत को पूल ए में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपै और कजाखस्तान के साथ रखा गया है। भारत को 29 मई को कजाखस्तान से, 31 मई को जापान से, एक जून को दक्षिण कोरिया और तीन जून को चीनी ताइपै से खेलना है।

मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा

रॉयल चैलेंजर्स की निगाहें शीर्ष स्थान पर क्वालीफायर में पहुंचने हैदराबाद की कोशिश

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब शुक्रवार को यहां अपने आखिरी आईपीएल लीग मैच में आमने-सामने होंगी तो दोनों की कोशिश शीर्ष दो में जगह बनाने की होगी। आरसीबी अभी अंक तालिका में 18 अंक लेकर शीर्ष पर है और 10 टीम में उसका नेट रन रेट 1.065 सबसे अच्छा है।

शुक्रवार को जीत उसे पहला स्थान और फाइनल में पहुंचने के दो मौके दिला देगी। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 13 मैच में 16 अंक से तीसरे स्थान पर है और गुजरात टाइटन्स के बराबर है, लेकिन नेट रन रेट के मामले में पीछे है। सनराइजर्स हैदराबाद का नेट रन रेट 0.350 है जबकि गुजरात टाइटन्स का 0.400 है। शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए उसे आरसीबी को बड़े अंतर से हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम गुजरात टाइटन्स को हरा दे।मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।





आरसीबी के खिलाफ एसआरएच का पलड़ा रहा है भारी

दोनों टीमों की भिड़ंत में अब तक एसआरएच का पलड़ा भारी रहा है। दोनों के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक कुल 27 मैच खेले गए हैं। इन मुकाबलों में 12 मैच आरसीबी ने अपने नाम किए हैं और 14 मैच में एसआरएच को जीत मिली है। 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकला था। आईपीएल 2026 की पहली भिड़ंत में आरसीबी ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी।

ये हो सकते हैं इम्पैक्ट सब्स प्लेयर

आरसीबीः जोर्डन कॉक्स, अभिनंदन सिंह, स्वप्निल सिंह, रसिख सलाम और रोमारियो शेफर्ड। एसआरएचः कामिन्दु मेंडिस,शिवम मावी, प्रफुल हिंगे और सलिल अरोड़ा।

कैसी होगी पिच की स्थिति?

राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिलती है। हालांकि, तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिन गेंदबाज थोड़े असरदार साबित होते हैं। तेज गेंदबाजों को विकेट चटकाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। एक बार बल्लेबाजों की यहां नजरें जम जाती है तो आसानी से बड़े-बड़े शॉट लगते हैं। हाउस्टेट के मुताबिक, यहां पहली पारी का औसत स्कोर 165 रन है। यहां सर्वोच्च स्कोर एसआरएच (286/6 बनाम आरआर, 2025) ने ही बनाया है।

इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

क्लासेन इस सीजन में जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने 13 पारियों में 50.45 की औसत और 155.89 की स्ट्राइक रेट के साथ 555 रन बनाए हैं। कोहली ने 13 पारियों में 54.20 की औसत और 164.74 की स्ट्राइक रेट के साथ 542 रन अपने नाम किए हैं। गेंदबाजी में भुवनेश्वर ने 13 पारियों में 16.37 की औसत और 7.70 की इकॉनमी रेट के साथ 24 विकेट लिए हैं।

फेडरेशन कप

राष्ट्रमंडल खेलों में जगह बनाने उतरेंगे एथलीट

एजेंसी ▶▶| रांची

देश के शीर्ष ट्रैक और फील्ड सितारे यहां आज शुक्रवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय सीनियर फेडरेशन कप के जरिये 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में जगह पाने के लिये राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे।

यह टूर्नामेंट इसलिये भी अहम है क्योंकि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर 'एसआरवाय जीन टेस्ट' करायेगा ताकि जैविक रूप से महिला प्रतियोगी ही महिला वर्ग में उतर सकें। यह 'स्वैब' या रक्त की जांच के जरिये कराया जायेगा। एएफआई भारतीय खिलाड़ियों के डीएनए टेस्ट भी शुरू करेगा ताकि ये आंकड़े बाद में अनुसंधान और विकास के काम आ सके। एसआरवाय टेस्ट और डीएनए टेस्ट के नतीजे और रिकॉर्ड गोपनीय रखे जायेंगे।

कई मायनों में अहम है यह टूर्नामेंट

ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का अंतिम चयन टूर्नामेंट होने के अलावा यह चीन में नौ से 12 जुलाई तक होने वाली पहली एशियाई अंडर 23 चैम्पियनशिप का ट्रायल भी होगा। इसमें ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा और 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले भाग नहीं लेंगे। चोपड़ा ने पिछले पांच साल में एक ही बार राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेला है। वह डायमंड लीग और विश्व चैम्पियनशिप जैसे बड़े टूर्नामेंटों में भाग लेते हैं। उन्होंने आखिरी बार 2024 में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में भाग लिया था। कमर की चोट से उबर रहे चोपड़ा 25 मई से स्विटजरलैंड में 47 दिवसीय अभ्यास शिविर में भाग लेंगे। साबले भी चोट से उबर रहे हैं।

कई खिलाड़ी बाहर, कई अंदर

महिला 3000 मीटर स्टीपलचेस राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पारूल चौधरी ने टूर्नामेंट में नाम नहीं लिखवाया है। लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और फर्राटा धाविका हिमा दास भी इसमें भाग नहीं लेंगे। भालाफेंक खिलाड़ी सचिन यादव, लंबी कूद के मुरली श्रीशंकर, फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर, रिले धावक विशाल टीके, डेकाथलन के तेजस्विन शंकर इसमें नजर आयेंगे।

एस्टन विला ने 30 साल बाद जीती यूरोपा लीग

ट्रॉफी मिलने का मनाया जश्न

एजेंसी ▶▶| इस्तांबुल

एस्टन विला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां फ्रीबर्ग को 3-0 से हराकर यूरोपा लीग खिताब जीत लिया और 30 साल से चले आ रहे ट्रॉफी के सूखे को समाप्त किया। विला के समर्थक प्रिंस विलियम ने मैच खत्म होने की सीटी बजते ही जीत का जोर शोर से जश्न मनाया। 1996 के इंग्लिश लीग कप के बाद यह पहला मौका था जब एस्टन विला ने कोई बड़ा खिताब जीता है। इंग्लैंड के भावी 'किंग' के सामने एस्टन विला के मैनेजर उनाई एमरी ने यूरोपा लीग के राजा के तौर पर अपना दर्जा फिर से साबित कर दिया।

एमरी का यह पांचवा खिताब

एमरी का यह रिकॉर्ड पांचवां खिताब है। एस्टन विला की पिछली बड़ी ट्रॉफी 1996 में इंग्लिश लीग कप थी। क्लब ने 1982 में यूरोपीय कप और फिर सुपर कप जीता था। इस तरह पहली बार यूरोपीय कप जीतने के बाद यह ट्रॉफी 44 साल बाद मिली। एमरी ने नवंबर 2022 में स्टीवन जेरार्ड की जगह ली थी, उस समय विला 'रेलिगेशन जोन' से सिर्फ तीन अंक ऊपर था। स्पेनिश कोच एमरी ने टीम को बदलकर शीर्ष पांच दावेदारों में शामिल कर दिया और अब, उसे एक यूरोपीय चैंपियन बना दिया है।

एस्टन विला ने शुरू से बनाकर रख दबदबा

पहले हाफ में यूरी टिलेमैन्स और एमी बुएंडिया के शानदार गोल ने एस्टन विला को मैच में दबदबा बनाने में मदद की। जिसके बाद मॉर्गन रोजर्स के गोल ने टीम को दूसरा मेजर यूरोपीय खिताब दिला दिया। 1982 की उस टीम के नौ सदस्य स्टेडियम में मौजूद थे और उन्होंने उनाई एमरी को अपना पांचवां यूरोपा लीग खिताब जीतते हुए देखा।

डोपिंग में बनवीर सात और हरेंद्र दूसरी बार चार साल के लिए निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चक्का फेंक खिलाड़ी बनवीर सिंह को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अपील पैनल ने डोप परीक्षण में विफल होने के कारण सात साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। यह सजा अनुशासनात्मक समिति द्वारा दी गई सजा से दो साल अधिक है। पिछले साल नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासन समिति ने बनवीर को स्टेरॉयड मेथैंडिएनोन के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर 23 दिसंबर 2024 से पांच साल के लिए निलंबित कर दिया था। एडीएपी ने ताजा अपडेट में प्रतिबंध की अवधि बढ़ा दी है। इसके अलावा लंबी दूरी के धावक हरेंद्र कुमार को इस साल दो अगस्त से चार साल के लिए एक बार फिर निलंबित किया गया है। उन्हें इससे पहले एडीडीपी द्वारा तीन अगस्त 2022 से चार साल के लिए प्रतिबंधित किया गया था। जब वह प्रतिबंधित पदार्थ डार्बेपोएटिन के लिए पॉजिटिव पाए गए थे।

मलेशिश की गोह जिन वेइ को 21-13, 21-16 से हराया

अष्मिता मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

अष्मिता चालिहा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि भारत के बाकी खिलाड़ी हारकर बाहर हो गए। अष्मिता ने मलेशिश की गोह जिन वेइ को 21-13, 21-16 से हराया। अब उनका सामना आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की लाइन होजमार्क जाएर्सफेल्ट से होगा जिन्होंने भारत की मालविका बंसोड़ को हराया।

अन्य मुकाबलों में ऐसा रहा प्रदर्शन : महिला एकल वर्ग के एक अन्य मुकाबले में थाईलैंड मास्टर्स चैम्पियन देविका सिहाग को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन युफेइ ने 21-16, 21-13 से हराया। मिश्रित युगल में भाग के सात्विक कनापुरम और राधिका शर्मा भी अमेरिका के प्रेसले स्मिथ और जेनी गेइ से 12-21, 25-27 से हार गए । पुरूष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और एम आर अर्जुन को चीन के हू कि युआन और लिन शियांग ने 21-14, 21-15 से हराया- लक्ष्य सेन और एच एस प्रणय कल ही हारकर बाहर हो गए थे।

हरियाणा के शाहाबाद मारकंडा में तराशे जाते हैं बेहतरीन खिलाड़ी

हॉकी कोच बलदेव सिंह ने बनाई देश की सबसे बड़ी हॉकी पाठशाला, दिए 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिट्टी से सितारे तराशने वाले लोग रोज पैदा नहीं होते। भारतीय हॉकी में बलदेव सिंह ऐसा ही नाम है, जिन्होंने हरियाणा के शाहाबाद मारकंडा को देश की सबसे बड़ी हॉकी पाठशाला बना दिया।

1982 में बलदेव यहां हरियाणा खेल विभाग के कोच बनकर आए थे। अपनी मेहनत और अनुशासन से उन्होंने 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और 8 भारतीय कप्तान तैयार किए। अब उनके इसी अतुलनीय योगदान के लिए 25 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों 'पद्मश्री' सम्मान मिलेगा।



ऐसे बने बलदेव भारतीय टीम के कोच

75 वर्षीय बलदेव नामधारी हॉकी टीम के खिलाड़ी रहे थे। बाद में उन्होंने बेंगलुरु के राष्ट्रीय खेल संस्थान से कोचिंग का डिप्लोमा किया। इसके बाद भारतीय हॉकी टीम में उनका सफर तेजी से आगे बढ़ा। 1993 में वह जूनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच और चयनकर्ता बने। 1996 में चेन्नई में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम के सहायक कोच भी रहे। इसके बाद 2001 से 2004 तक उन्होंने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाली।

भारत को दिलाया 2004 एशिया कप का स्वर्ण पदक

बलदेव की देखरेख में भारत ने 2004 में एशिया कप का स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने नीदरलैंड में हुई चैंपियंस ट्रॉफी समेत कई बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारतीय टीम के कोच की भूमिका निभाई। पिछले 40 सालों से वह बिना किसी शोर-शराबे के भारतीय हॉकी के लिए लगातार काम कर रहे हैं। कोचिंग के अलावा उन्होंने कई विश्वविद्यालयों और खेल संस्थानों के साथ मिलकर युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और नई प्रतिभाओं को निखारने में भी अहम भूमिका निभाई है।

मुख्य न्यायाधीश को भेजा गया पत्र

हाईकोर्ट की मुख्यपीठ से भोपाल को काटने की साजिश का विरोध

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर के क्षेत्राधिकार में आने वाले भोपाल को काटकर खंडपीठ इंदौर के क्षेत्राधिकार में शामिल किए जाने की साजिश का विरोध शुरू हो गया है। इस सिलसिले में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच व डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम सहित अन्य की ओर से मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजा गया है। डा. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, अधिवक्ता रवींद्र गुप्ता, वेदप्रकाश अधौलिया व ओपी यादव सहित अन्य ने यह पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि हाई कोर्ट का पहले ही दो बेंच के रूप में विखंडन हो चुका है। पूर्व में मुख्यपीठ जबलपुर से हटाने की कोशिश भी हुई थी, जिसके विरुद्ध जनहित याचिका दायर होने के बाद साजिश नाकाम हो गई थी। लेकिन एक बार फिर वैसी ही कवायद की जानकारी मिली है। कायदे से सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में विभिन्न आयोग व अधिकरणों के मुख्यालय भी जबलपुर में होने चाहिए। लेकिन ऐसा न करते हुए कई आयोग व अधिकरणों के मुख्यालय जबलपुर से बाहर स्थित हैं। इस संदर्भ में जनहित याचिका विचाराधीन है।

मप्र लोकायुक्त संगठन को आरटीआई कानून से बाहर क्यों रखा सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अनुमति याचिका पर सुरक्षित किया आदेश

जबलपुर। सुप्रीम कोर्ट ने मप्र लोकायुक्त संगठन को सूचना के अधिकार 2005 से बाहर रखने की मप्र शासन की 2011 की अधिसूचना की वैधानिकता के मामले पर सुनवाई पूरी कर की। इसके साथ ही जस्टिस जितेंद्र कुमार महेश्वरी व जस्टिस अतुल एस चंदुलकर की खंडपीठ ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। दरअसल, हाईकोर्ट साढ़े चार साल पहले (20 दिसंबर 2021) में ही कामता प्रसाद के केस में लोकायुक्त संगठन को आदेश दे चुका है कि वह सूचना के अधिकार के तहत जानकारी देने से मना नहीं कर सकता है। सरकार ने अगस्त 2011 में एक अधिसूचना जारी कर लोकायुक्त के विशेष पुलिस स्थापना (एसपीई) और राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) को आरटीआई के दायरे से बाहर कर दिया था। सरकार का तर्क था कि शिकायतकर्ताओं और गवाहों की सुरक्षा के लिए यह जरूरी है। हाई कोर्ट ने लोकायुक्त पर पांच हजार का जुर्माना लगाते हुए 30 दिन के भीतर जानकारी देने के निर्देश दिए थे। हाई कोर्ट के इसी आदेश के विरुद्ध लोकायुक्त संगठन ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि आखिर किस कानूनी आधार पर मप्र लोकायुक्त संगठन को सूचना के अधिकार कानून से छूट दी गई है। कोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकारें सिर्फ सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 24(4) के तहत उन्हीं संस्था या संगठनों को छूट दे सकती हैं जो खुफिया और सुरक्षा संगठन (इंटेलिजेंस और सिक्योरिटी आर्गनाइजेश) है। मप्र का लोकायुक्त संगठन के जिम्मे ऐसा कौन सा काम है जो धारा 24 (4) के दायरे में आता है। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पक्ष रखा।

स्कूलों के सामने ट्रैफिक जाम की समस्या गंभीर चुनौती, क्राइस्ट चर्च स्कूल बताए निपटने का प्लान

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने कहा है कि कि स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय ट्रैफिक जाम की समस्या आम नागरिकों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है और इसके समाधान के लिए प्रशासन एवं संस्थानों के बीच समन्वय आवश्यक है। कोर्ट ने जबलपुर के क्राइस्ट चर्च स्कूल प्रबंधन को कहा है कि वो 15 दिनों में जाम से निपटने का प्लान नगर निगम के सामने पेश करे। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने कहा कि स्कूल प्रबंधन निगम के नोटिस के जवाब भी दें। उसके बाद अगले 3 महीने के भीतर नगर निगम इस समस्या का स्थाई समाधान निकाले। दरअसल, क्राइस्ट चर्च स्कूल लगने और छूटने के टाइम वहां लगने वाले जाम की स्थिति को देखते हुए नगर निगम ने जनवरी 2015 में स्कूल प्रबंधन को नोटिस दिया था । स्कूल ने इस नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। नोटिस में स्कूल को एक माह के भीतर पार्किंग व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया था, अन्यथा निगम स्वयं कार्य कर उसकी लागत स्कूल से वसूलने को कहा गया था। नगर निगम का कहना था कि स्कूल खुलने और छुट्टी के समय अभिभावकों की गाड़ियां तथा स्कूल वाहन सड़क पर खड़े होने से यातायात में अव्यवस्था उत्पन्न होती है। इससे आम नागरिकों की आवाजाही बाधित होती है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि सड़क पर अवरोध हटाने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगम को कार्रवाई का अधिकार है। साथ ही यह भी कहा कि यदि किसी भवन का निर्माण बिना अनुमति या स्वीकृत नक्शे के विपरीत हो तो निगम विधि अनुसार कार्रवाई कर सकता है। हालांकि कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि निगम द्वारा जारी नोटिस में पार्किंग निर्माण संबंधी जो निर्देश दिए गए थे, वे मप्र नगर पालिक अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप प्रतीत नहीं होते।कोर्ट ने कहा कि 12 जनवरी 2015 के नोटिस के आधार पर फिलहाल कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। यदि कोई कार्रवाई की जाती है तो वह केवल विधि अनुसार ही हो।स्कूल प्रबंधन 15 दिनों के भीतर नोटिस का जवाब दे। जवाब के साथ यह प्रस्ताव भी प्रस्तुत करे कि ट्रैफिक अव्यवस्था को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है। नगर निगम स्कूल द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार कर कानून के अनुसार समस्या का समाधान निकाले।

हाईकोर्ट ने कहा, स्कूल खुलने व छूटने के समय लगता है जोरदार जाम

ट्विशा की मौत मामले में फरार पति समर्थ ने हाईकोर्ट में दायर की अग्रिम जमानत अर्जी

जबलपुर। पिछले दिनों नोयडा निवासी ट्विशा शर्मा की भोपाल में संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत के मामले में आरोपित पति समर्थ सिंह ने उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की है। वह अपराध दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम बढ़ाकर अब 30 हजार कर दिया है। समर्थ की अग्रिम जमानत भोपाल की अदालत से निरस्त हो जाने के बाद ही अब उसने गिरफ्तारी से बचने उच्च न्यायालय की शरण ली है।

'हमारे राम' नाट्य प्रस्तुति जबलपुर में 30-31 को

एक्टर आशुतोष राणा व अन्य सेलिब्रिटी करेंगे मंचन

जबलपुर। फेलिसिटी थिएटर द्वारा हमारे राम नाट्य प्रस्तुति जबलपुर में 30 और 31 मई को तरंग ऑडिटोरियम, की जा रही है। गौरव भारद्वाज द्वारा निर्देशित इस महान कृति में रामायण के कुछ ऐसे अभूतपूर्व दृश्य दिखाए गए हैं, जिन्हें इससे पहले कभी किसी मंच पर नहीं दिखाया गया। बॉलीवुड के प्रमुख दिग्गज आशुतोष राणा ने रावण की प्रतिष्ठित भूमिका निभाई है, भगवान राम की भूमिका में दिखाई देंगे प्रशंसित अभिनेता राहुल आर भूचर, भगवान हनुमान की भूमिका में दानिश अख्तर, तरूण खन्ना भगवान शिव की भूमिका में, अमृता परिहार माता सीता की भूमिका में, अनुभवी अभिनेता भानु प्रताप राणा लक्ष्मण के रूप में और करण शर्मा सूर्य देव की भूमिका में दिखाई देंगे। इस समूह में थिएटर की दुनिया के अन्य अनुभवी कलाकार भी शामिल हैं। पार्श्व गायक कैलाश खेर, शंकर महादेवन और सोनू निगम ने विशेष रूप से "हमारे राम" के लिए बनाई गई मूल रचनाओं में अपनी आवाज दी है। "हमारे राम" की विशिष्ट विशेषताएं पहले से न कही गई रामायण कहानियों की अंतर्दृष्टि में निहित हैं। लव और कुश से शुरू होने वाला यह नाटक भगवान राम से उनकी माता सीता के बारे में पूछे गए सवालों पर आधारित है। "हमारे राम" दर्शकों को भगवान राम और सीता की अमर कहानी और भगवान सूर्य के माध्यम से उनके शाश्वत प्रेम, कठिनाइयों, परीक्षणों और विजय की यात्रा पर ले जाता है।

बरगी बांध क्रूज हादसा: आयोग 26 मई से करेगा जांच शुरू

कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर-43 में खुला जांच आयोग का कार्यालय

जबलपुर। बरगी डेम क्रूज हादसे की जांच के लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में गठित एकल जांच आयोग 26 मई से कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर-43 में कामकाज शुरू कर देगा। आयोग की सेवा-शर्तों को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने फाइल अग्रेषित कर दी है। गौरतलब हो कि एकल जांच आयोग के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी को तीन माह की नियत समय-सीमा के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपनी है, लेकिन अभी तक आयोग का कामकाज शुरू न हो पाने यहां तक कि शासन द्वारा आयोग के लिए कार्यालय, संसाधन व कार्मिक व्यवस्था आदि का अता-पता नहीं था। अंततः एकल जांच आयोग के लिए जबलपुर कलेक्ट्रेट में कमरा आवंटित करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई। लिहाजा इस हृदय विदारक हादसे की उच्च स्तरीय जांच उपरांत तीन माह के भीतर रिपोर्ट सौंपने की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने की उम्मीद की जा सकती है। गौरतलब है कि मप्र शासन, सामान्य प्रशासन विभाग ने हादसे के दसवें दिन 10 मई को एकल जांच आयोग गठित किए जाने की अधिसूचना जारी की थी। शासन ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 (1952 का 60) की धारा-तीन द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, बरगी डेम क्रूज हादसे की जांच के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में एकल सदस्य जांच आयोग, नियुक्त किया था। अब आयोग के लिए जबलपुर कलेक्ट्रेट में कमरा आवंटित होने के बाद हादसे की जांच तेज गति से हो सकेगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240